www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार ... | पत्र नहीं; मित्र | संपर्क : deshbandhusgr@gmail.com

# देशबन्धु

वर्ष – 8 । अंक–251 । सागर, मंगलवार, 31 अक्टूबर 2023 । पृष्ठ –8 । मूल्य – 3.00 रुपए

हजारों समर्थकों के साथ आलोक चतुर्वेदी ने भरा नामांकन — पृष्ठ 3

▪ पश्चिम एशिया संकट : दमित फिलिस्तीनी और मुसीबत में
▪ स्वास्थ्य और शिक्षा के क्षेत्र में कड़ी मेहनत का फल — पृष्ठ 4

▪ पर्यावरण विभाग की अनुमति के बगैर धड़ल्ले से संचालित हो रहीं स्टोन क्रेसर — पृष्ठ 6

जिले में नामांकन के अंतिम दिन 79 अभ्यर्थियों ने नाम निर्देशन-पत्र जमा किये — पृष्ठ 8

## सार-समाचार

### प्रदेश में अंतिम दिन 2489 अभ्यर्थियों ने 2811 नामांकन दाखिल किए



**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने बताया कि मध्यप्रदेश विधानसभा निर्वाचन 2023 के लिए 21 अक्टूबर से शुरू हुई नाम निर्देशन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि थी। आज 30 अक्टूबर को प्रदेश के सभी 230 विधानसभा क्षेत्रों में 2489 अभ्यर्थियों द्वारा 2811नाम निर्देशन पत्र जमा किए गए हैं। 21 अक्टूबर से 30 अक्टूबर तक कुल 3832अभ्यर्थियों द्वारा 4359 नाम निर्देशन पत्र जमा किए गए हैं। 31 अक्टूबर को नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा की जाएगी। 2 नवंबर नाम वापस लेने की अंतिम तिथि है। पूरे प्रदेश में 17 नवंबर को एक ही चरण में मतदान की प्रक्रिया संपन्न होगी। 3 दिसंबर को मतगणना होगी।

### सिसोदिया की जमानत याचिका खारिज



**नई दिल्ली, एजेंसी।** सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली शराब नीति कथित घोटाला मामले में आम आदमी पार्टी (आप) के वरिष्ठ नेता एवं दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया की जमानत याचिका सोमवार को खारिज कर दी। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और एस वीएन भट्टी की पीठ ने श्री सिसोदिया की दलीलें खारिज करते हुए उन्हें जमानत देने से इनकार कर दिया। पीठ ने संबंधित पक्षों की दलीलें सुनने के बाद 17 अक्टूबर को अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था।

### आरबीआई ने 3 बैंकों पर जुर्माना लगाया

**मुंबई, एजेंसी।** आरबीआई ने अपने परिचालन के संचालन में आधिकारिक मानदंडों का उल्लंघन करने के लिए गुजरात में तीन सहकारी बैंकों पर मौद्रिक जुर्माना लगाया है। प्राथमिक (शहरी) सहकारी बैंकों (यूसीबी) द्वारा अन्य बैंकों में जमा राशि रखने पर जारी आरबीआई के निर्देशों के उल्लंघन के लिए उमा को-ऑपरेटिव बैंक लिमिटेड, वडोदरा पर 7 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है। इसी तरह, आरबीआई ने निदेशकों, रिश्तेदारों और फर्मों/संस्थाओं को ऋण और अग्रिम पर अपने निर्देशों का पालन न करने के कारण गुजरात के बनासकांठा में शिहोरी नागरिक सहकारी बैंक लिमिटेड पर 1 लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। आरबीआई ने नो योर कस्टमर (केवाईसी) मानदंडों से संबंधित निर्देशों का पालन न करने के लिए खेड़ा जिले में पिज पीपुल्स को-ऑपरेटिव बैंक लिमिटेड, पिज पर 2 लाख रुपए का जुर्माना भी लगाया है।

### कतर में सजायाफ्ता आठ भारतीयों के परिवार से मिले जयशंकर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने सोमवार को कतर में मौत की सजा पाये आठ भारतीयों के परिवारों से मुलाकात की और उन्हें आश्वस्त किया कि सरकार उनकी रिहाई के लिए हरसंभव प्रयास करना जारी रखेगी। डॉ जयशंकर ने कहा कि सरकार इस मामले को प्राथमिकता दे रही है तथा उनके परिवारों की चिंताओं और दर्द में सहभागी है। उन्होंने कहा कि सरकार उनकी रिहाई सुनिश्चित करने के लिए सभी प्रयास जारी रखेगी। उन्होंने आगे कहा, मैं इस संबंध में पीड़ितों के परिवारों के साथ निकटता से समन्वय करुंगा।

### दलित नेता की हत्या, पुलिस ने जांच शुरू की

**रायचूर, एजेंसी।** कर्नाटक के रायचूर जिले में सोमवार को बदमाशों के एक गिरोह ने एक दलित नेता की हत्या कर दी। मृतक की पहचान 40 वर्षीय प्रसाद के रूप में हुई है। हत्या रायचूर जिले के मानवी तालुक के पास मुदलापुर में हुई थी। हत्यारों ने पीड़ित को उस वक्त रोका जब वह बाइक पर जा रहा था। उस पर धारदार हथियारों से हमला किया। पीड़ित की हथेली कटी हुई थी और उसके पूरे शरीर पर कट के निशान थे। घटना के बाद रायचूर एसपी निखिल ने घटनास्थल का दौरा किया था। सीओ मानवी पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

### घुसपैठ की कोशिश नाकाम, आतंकी ढेर

**श्रीनगर, एजेंसी।** जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा जिले में सुरक्षा बलों ने घुसपैठ की कोशिश को नाकाम कर दिया और एक आतंकवादी मारा गया। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि सुरक्षा बलों ने कुपवाड़ा में केरन सेक्टर के जुमुगुंड इलाके में नियंत्रण रेखा पर घुसपैठ की कोशिश को नाकाम कर दिया गया।

मराठा आरक्षण समर्थक हुए उग्र

# विधायक के घर-कार्यालय पर किया हमला

## नगरपालिका भवन को किया आग के हवाले



**मुंबई, एजेंसी।** मराठा आरक्षण की मांग को लेकर इन दिनों महाराष्ट्र की सियासत गरम है। सोमवार को कथित तौर पर समुदाय के कार्यकर्ताओं ने स्थानीय रांकापा विधायक प्रकाश सोलंकी के आवास में आग लगा दी।

पुलिस ने आरोप लगाया कि इस घटना के कुछ देर बाद ही कार्यकर्ताओं ने बीड जिले में माजलगांव नगर परिषद भवन की पहली मंजिल को भी आग लगा दी और तोड़फोड़ की। उन्होंने बताया कि लकड़ी के डंडों से लैस मराठा आरक्षण समर्थकों ने छत्रपति संभाजीनगर जिले के गंगापुर में भाजपा विधायक प्रशांत बांब के कार्यालय में भी तोड़फोड़ की। दोनों घटनाओं में कोई हताहत नहीं हुआ। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि विधायक सोलंकी के आवास में आग लगाने के बाद आरक्षण कार्यकर्ताओं का एक समूह पराली रोड स्थित माजलगांव नगर परिषद भवन में गया और तोड़फोड़ शुरू कर दी। यह घटना मुंबई से चार सौ किलोमीटर से ज्यादा दूर माजलगांव में दोपहर करीब डेढ़ बजे हुई। उन्होंने बताया कि कार्यकर्ताओं का समूह लकड़ी के डंडों और पत्थरों से लैस था और खिड़कियों को क्षतिग्रस्त किया गया। अधिकारी ने बताया कि तोड़फोड़ करने वाले लोग इमार की पहली मंजिल पर गए और उसमें आग लगा दी, जिससे वहां का फर्नीचर जलकर खाक हो गया।

# 2 स्कूली बसें टकराईं, 5 बच्चों समेत 6 की मौत




**बदायूं, एजेंसी।** बदायूं में सोमवार सुबह एक दर्दनाक हादसे में दो स्कूल बसें आपस में टकरा गईं। पांच बच्चों और ड्राइवर की मौत हो गई है। 15 से ज्यादा बच्चे गंभीर रूप से घायल हैं। इनमें से कई की हालत काफी गंभीर है। यह हादसा उसावां थाना क्षेत्र के नवीगंज में हुआ। म्याऊं के एसआरपीएस स्कूल की वैन और सत्यदेव इंटर कालेज की बस गांवों से छात्रों को लेकर जा रही थी। डीएम मनोज कुमार बदायूं ने पहले दो मौत की बात कही थी बाद में मृतकों की संख्या में इजाफा हुआ है।

सोमवार सुबह बदायूं के नवीगंज में हुआ यह हादसा दिल दहलाने वाला है। बताया जा रहा है कि घायल बच्चों में से करीब सात से आठ की हालत ज्यादा खराब है। घायल बच्चों को इलाज के लिए अस्पताल में भेजा गया है। एसडीएम दातागंज और पुलिस फोर्स मौके पर पहुंच गए और बचाव और राहत कार्य चलाया। बताया जा रहा है कि दोनों स्कूल बसों की भिड़ंत आमने-सामने हुई है। टक्कर के समय दोनों की स्पीड काफी तेज थी। घटना सोमवार सुबह 8 बजकर 45 मिनट पर हुई।

अभी तक प्राप्त जानकारी के मुताबिक हादसा बदायूं जिले के उसावां थाना क्षेत्र के नवीगंज के निकट तब हुआ जब तेज रफ्तार एसआर पीएसी इंग्लिश मीडियम गौतरा और सत्यदेव इंटर कॉलेज जवाहर नगला की स्कूल वैन और स्कूल बस में आमने-सामने से भीषण भिडंत हो गई। अब तक हादसे में 5 बच्चों और एक चालक की मौत हो चुकी है, जबकि 15 गंभीर रूप घायल हुए हैं। घायलों में तीन से चार की हालत चिन्ताजनक बनी हुई है।

मुख्यमंत्री ने बुधनी से भरा नामांकन, उमड़ा सैलाब, बोले-

# बुधनी मेरा परिवार, यहां का हर नागरिक शिवराज




**सीहोर, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने सोमवार को बुधनी विधानसभा से अपना नामांकन दाखिल किया। मुख्यमंत्री ने यहां एक सभा को भी सम्बोधित किया और कहा कि यहां का हर नागरिक शिवराज है, बुधनी का चुनाव जनता ही लड़ेगी मैं तो वोट डालने आऊँगा।

**जनता लड़ेगी चुनाव, मैं सिर्फ वोट डालने आऊंगा**

नामांकन के दौरान सभा में उमड़े भारी जनसैलाब को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा बुधनी की जनता ही मेरा परिवार है, यहां लोगों ने मुझे हमेशा प्रेम और स्नेह दिया है, इनके आशीर्वाद से ही आज मैं इस मुकाम पर पहुंचकर प्रदेश की सेवा कर पा रहा हूं। श्री चौहान ने कहा कि हमें अभी बहुत काम करना है, इसलिए प्रदेश में भाजपा की सरकार जरूरी है। इसके पहले मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि मैं आज अपनी जन्मभूमि, कर्मभूमि, मातृभूमि, पुण्यभूमि की वो माटी जिसके आशीर्वाद से प्रदेश की जनता की सेवा का इतना काम कर पाया मैं आज वहां प्रणाम करने आया हूं। अपने ग्रामवासियों की शुभकामनाएं और बुजुर्गों का आशीर्वाद लेकर आज मैं नामांकन फार्म जमा करने जा रहा हूं। नामांकन जमा करने से पहले मुख्यमंत्री श्री चौहान अपने गृहग्राम जैत गए, उसके बाद उन्होंने अपने कुलदेवताओं की पूजा अर्चना की। इस अवसर पर उन्होंने नर्मदा मैया और सलकनपुर पहुंचकर माता बिजयासन देवी के दर्शन कर पूजा की। उसके बाद रोड शो कर नामांकन भरने पहुंचे। श्री चौहान ने आज सोहागपुर और नर्मदापुरम में भी आज सभाएं कीं।

# कार्यकर्ताओं के घर से न हटाए जाएं झंडे-बैनर



**भोपाल, देशबन्धु।** केंद्रीय मंत्री व प्रदेश चुनाव प्रभारी भूपेंद्र यादव के नेतृत्व में भाजपा के एक प्रतिनिधि मंडल ने सोमवार को प्रदेश के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन को ज्ञापन देकर मांग की है कि कार्यकर्ताओं के घर से झंडे, बैनर और पोस्टर न हटाए जाएं।

प्रतिनिधि मंडल ने अरेरा हिल्स स्थित कार्यालय पहुंचकर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी को सौंपे ज्ञापन में बताया कि आदर्श चुनाव आचार संहिता के नाम पर अधिकारी कई जिलों में जिला निर्वाचन अधिकारी स्थानीय प्रशासनिक अधिकारियों के साथ मिलकर भाजपा के सक्रिय कार्यकर्ताओं के घरों व वाहनों में लगाए गए झंडों को हटाने और सहमति से लोगों के घरों में किए गए दीवार चित्र को मिटाने का काम स्थानीय प्रशासन के अधिकारी कर रहे हैं। जबकि नियमानुसार अनुमति लेकर लगाए गए झंडे और बैनरों को नहीं हटाया जा सकता। ज्ञापन में कहा गया है कि दो पहिया वाहनों पर बैनर, स्टीकर व ध्वज लगाए जाने को लेकर भी निर्वाचन आयोग द्वारा नियमों के तहत अनुमति है, जबकि प्रदेश के कुछ जिलों में अधिकारी इस पर भी कार्रवाई कर रहे हैं जो अनुचित है। ज्ञापन सौंपने वाले प्रतिनिधिमंडल में पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता केके शर्मा, मध्यप्रदेश पर्यटन विकास निगम के अध्यक्ष विनोद गोटिया, पार्टी के प्रदेश मंत्री राहुल कोठारी, चुनाव आयोग समन्वय विभाग के प्रदेश संयोजक एसएस उप्पल, विधि प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक मनोज द्विवेदी, प्रदेश प्रवक्ता मिलन भार्गव शामिल थे।

# प्रदेश में कांग्रेस की लहर, जनता करेगी बदलाव



**खरगोन, देशबन्धु।** कांग्रेस महासचिव एवं मध्यप्रदेश के प्रभारी रणदीप सिंह सुरजेवाला ने आज दावा करते हुए कहा कि राज्य में कांग्रेस की लहर है और अब मौजूदा भाजपा सरकार को बदलने का समय आ गया है।

श्री सुरजेवाला ने यहां पत्रकारों से चर्चा में कहा कि मध्यप्रदेश बदलाव की ओर तेजी से अग्रसर है। उन्होंने मौजूदा विधानसभा चुनाव को लेकर कहा कि कांग्रेसजन, राज्य में बदलाव के संकल्प को लेकर जन जन तक पहुंच रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह लड़ाई 'धनबल' और साढ़े आठ करोड़ 'जनबल' के बीच की है। वरिष्ठ कांग्रेस नेता यहां कांग्रेस प्रत्याशियों के नामांकनपत्र दाखिल करवाने के लिए आए थे। उनके साथ पूर्व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अरुण यादव भी मौजूद थे। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचारी, नौकरियों की मंडी लगाकर बेचने वाली, बेटियों पर अनाचार व अत्याचार रोकने में असफल शिवराज सरकार को बदलने का समय आ गया है।

इजरायल-हमास संघर्ष पर सोनिया ने लिखा लेख

# न्याय के बिना शांति नहीं हो सकती

## सभ्य दुनिया में हिंसा का कोई स्थान नहीं



**नई दिल्ली, एजेंसी।** इजरायल और हमास के बीच चल रहे युद्ध को रोकने के लिए संयुक्त राष्ट्र संघ एक प्रस्ताव लेकर आया था। इस प्रस्ताव पर वोटिंग के दौरान भारत गैर हाजिर रहा। भारत के इस रवैये की कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी ने निंदा की है। सोमवार को उन्होंने एक लेख में लिखा, कांग्रेस वोटिंग के दौरान भारत के गैर-हाजिर रहने का कड़ा विरोध करती है, इजरायल फिलिस्तीन के उन लोगों से उस हमले के लिए बदला ले रहा है, जिससे उनका कोई मतलब नहीं है। उसने गाजा पट्टी को डेढ़ दशक से खुली जेल बना दिया है। यह ऐसा समय है, जब मानवता की परीक्षा हो रही है। इजरायल-फिलिस्तीन पर कांग्रेस का रुख स्पष्ट करते हुए उन्होंने कहा कि न्याय के बिना शांति नहीं हो सकती। कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष ने कहा, 'कांग्रेस यूएन के उस प्रस्ताव पर मतदान के दौरान भारत की अनुपस्थिति का कड़ा विरोध करती है, जिसमें गाजा में इजरायली बलों और हमास के बीच 'तत्काल, टिकाऊ और निरंतर मानवीय संघर्ष विराम के लिए शत्रुता को समाप्त करने का आह्वान किया गया था।

कांग्रेस संसदीय दल की प्रमुख ने कहा, इजरायल के लिए अभूतपूर्व, अप्रत्याशित यह हमला विनाशकारी था। कांग्रेस का दृढ़ता से मानना है कि सभ्य दुनिया में हिंसा का कोई स्थान नहीं है और अगले ही दिन हमने हमास के हमलों की स्पष्ट रूप से निंदा की। सोनिया गांधी ने कहा कि यह त्रासदी गाजा में और उसके आसपास इजरायली सेना के अंधाधुंध अभियानों के कारण और बढ़ गई है, जिसके चलते बड़ी संख्या में निर्दोष बच्चों, महिलाओं और पुरुषों सहित हजारों लोगों की मौत हो गई है।'

केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में दिया जवाब

# लोगों को चुनावी चंदे का स्रोत जानने का अधिकार नहीं

- किसी भी मौजूदा अधिकार का उल्लंघन नहीं करता चुनावी बॉन्ड
- चुनावी बॉन्ड को चुनौती देने संबंधी याचिकाओं पर आज सुनवाई



**नई दिल्ली, एजेंसी।** राजनीतिक दलों को चंदे के लिए चुनावी बॉन्ड की याचिका पर सुनवाई से पहले अटॉर्नी जनरल आर वेंकटरमणी वेंकटरमणी ने सुप्रीम कोर्ट में कहा कि पब्लिक को इन फंड का स्रोत जानने का संविधान ने मौलिक अधिकार प्रदान नहीं किया है।

मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पांच-न्यायाधीशों की पीठ के समक्ष 31 अक्टूबर की सुनवाई से पहले वेंकटरमणी ने कहा यह योजना किसी भी व्यक्ति के किसी भी मौजूदा अधिकार का उल्लंघन नहीं करती है। अटॉर्नी जनरल आर वेंकटरमणी ने कहा कि न्यायिक समीक्षा बेहतर या अलग उपाय सुझाने के उद्देश्य से राज्य की नीतियों की समीक्षा के बारे में नहीं है। उन्होंने कहा कि 2003 में पीपुल्स यूनियन फॉर सिविल लिबर्टीज मामले में सुप्रीम कोर्ट के ऐतिहासिक फैसले में उम्मीदवारों को अपने आपराधिक इतिहास की घोषणा करने का निर्देश दिया गया था ताकि मतदाताओं को एक सूचित विकल्प चुनने में सक्षम बनाया जा सके।

किसी उम्मीदवार के आपराधिक इतिहास को जानने का अधिकार, जो किसी उम्मीदवार की पसंद के लिए उपयोगिता और प्रासंगिक हो सकता है, न तो मौजूदा मामले से तुलना की जा सकती है और न ही कुछ भी और सब कुछ जानने का सामान्य अधिकार हो सकता है। उन्होंने कहा कि चुनावी बॉन्ड पॉलिसी फंड देने वालों की प्राइवेसी का का लाभ देती है। यह किसी भी मौजूदा अधिकार का उल्लंघन नहीं करता है।

## संविधान पीठ करेगी सुनवाई

सुप्रीम कोर्ट की 5 जजों की संविधान पीठ राजनीतिक दलों को चंदे के लिए चुनावी बॉन्ड योजना की वैद्यता को चुनौती देने संबंधी याचिकाओं पर 31 अक्टूबर को सुनवाई करने वाली है। चुनावी बॉन्ड योजना 2 जनवरी 2018 को अधिसूचित किया गया था। इसे चुनावी चंदे में पारदर्शिता लाने के प्रयासों के तहत राजनीतिक दलों को नकद चंदे के विकल्प के रूप में पेश किया गया था।

शिवसेना विधायकों की अयोग्यता का मामला

# विधानसभा अध्यक्ष 31 दिसंबर तक करें निपटारा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को महाराष्ट्र विधानसभा अध्यक्ष राहुल नार्वेकर से कहा कि वह अपने समक्ष लंबित मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे सहित शिवसेना विधायकों के खिलाफ दायर अयोग्यता संबंधी याचिकाओं पर 31 दिसंबर 2023 तक अंतिम आदेश पारित करें।

**एनसीपी की याचिका पर 31 जनवरी तक करें फैसला**

मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने विधानसभा अध्यक्ष को और समय देने से इनकार करते हुए कहा कि दसवीं अनुसूची (दल-बदल विरोधी कानून) के तहत कार्यवाही में देरी के लिए प्रक्रियात्मक उलझनों की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए। पीठ ने उपमुख्यमंत्री अजीत पवार और आठ अन्य सहित राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी से संबंधित लंबित अयोग्यता याचिकाओं पर भी निर्णय लेने के लिए 31 जनवरी 2024 की समय सीमा तय की। शीर्ष अदालत ने कहा कि वह उद्धव ठाकरे की शिवसेना और शरद पवार के नेतृत्व वाली राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) द्वारा अलग अलग दायर याचिकाओं पर अगली सुनवाई जनवरी के पहले सप्ताह में करेगी।

हाईकोर्ट में इंडिया गठबंधन पर आयोग का जवाब

# राजनीतिक गठबंधन को नियंत्रित नहीं कर सकते

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली हाईकोर्ट में एक याचिका पर सुनवाई के दौरान चुनाव आयोग ने कहा कि आयोग के पास 'राजनीतिक गठबंधन' को विनियमित करने का कोई कानूनी अधिकार नहीं है। चुनाव आयोग ने 26 सदस्यीय गठबंधन का नाम इंडिया रखे जाने को चुनौती देने वाली एक याचिका पर जवाब दिया। आयोग ने दिल्ली उच्च न्यायालय को बताया कि राजनीतिक दलों के गठबंधन को रेगुलेट करने के लिए भारत के संविधान से उसे अधिकार नहीं मिले हैं। चुनाव आयोग ने अपने जवाब में कहा कि उसके पास चुनाव कराने और राजनीतिक दल के रूप में संस्थाओं को पंजीकृत करने की शक्ति है। हालांकि, जन प्रतिनिधित्व अधिनियम या भारतीय संविधान के तहत 'राजनीतिक गठबंधन' को 'विनियमित संस्थाओं' के रूप में मान्यता नहीं दी जाती है। अदालत के सवाल पर निर्वाचन आयोग ने स्पष्ट किया कि उसका उत्तर उसकी भूमिका तक ही सीमित है। आयोग ने कहा कि उसके जवाब 'संक्षिप्त नाम इंडिया के उपयोग की वैधता पर उसकी 'अभिव्यक्ति' के रूप में नहीं माना जा सकता है। अधिवक्ता सिद्धांत के माध्यम से दायर हलफनामे में कहा गया, भारत के संविधान के अनुच्छेद 324 के तहत निर्वाचन आयोग का गठन किया गया है। जन प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 (आरपी अधिनियम) की धारा 29 ए के संदर्भ में किसी राजनीतिक दल के निकायों या व्यक्तियों के संघ को पंजीकृत करने का अधिकार दिया गया है।

**गठबंधन का नाम इंडिया रखे जाने को दी गई है चुनौती**

## केरल हाईकोर्ट के फैसले का भी किया जिक्र

चुनाव आयोग ने केरल उच्च न्यायालय द्वारा पारित एक फैसले का भी जिक्र किया। आयोग ने कहा, एक राजनीतिक मोर्चा या राजनीतिक दलों का गठबंधन जन प्रतिनिधित्व अधिनियम के संदर्भ में कानूनी इकाई नहीं थी। इसके कामकाज को विनियमित करने के लिए कोई वैधानिक प्रावधान नहीं था। याचिकाकर्ता गिरीश भारद्वाज ने इस साल की शुरुआत में इंडिया के संक्षिप्त नाम के इस्तेमाल के खिलाफ उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया था।

# मां मोतीचूर नदी पर हुई गंगा आरती



**बीना, देशबन्धु।** शरद पूर्णिमा के अगले दिन रविवार रात को नगर वासियों ने गंगा आरती की तर्ज पर विशेष महाआरती की। नगर के लोगों के लिए मोतीचूर नदी गंगा मां के समान है। जिसे बीना में गंगा आरती के नाम से जाना जाता है। जिसमें अपार जन समूह शामिल हुआ। गंगा आरती को देखने के लिए बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। दरअसल हर साल शरद पूर्णिमा की रात मोतीचूर नदी पर गंगा आरती की जाती है लेकिन इस बार शरद पूर्णिमा के दिन चंद्रग्रहण होने की वजह आरती नहीं हो सकी थी। इसके बाद रविवार रात गंगा आरती धूमधाम के साथ की गई। मोतीचूर नदी पर पिछले सात साल पहले स्थानीय लोगों के द्वारा आरती की शुरुआत हुई थी। जो आगे चलकर मां गंगा की आरती के नाम से जानी जाने लगी। यह क्षेत्र में इस तरह का पहला आयोजन बन गया। मां मोतीचूर नदी जल व पर्यावरण संरक्षण समिति द्वारा इसकी जोर-शोर से तैयारियां भी की जाती हैं। घाट को आकर्षक बनाने के लिए घाट के आसपास विशेष लाइटिंग की व्यवस्था की गई थी। इसी के साथ रंगीन लाइटों के बीच गुब्बारों को भी स्थापित किया गया था। सबसे पहले भक्तों ने मां मोतीचूर को चुनरी चढ़ाई थी। इसके बाद मां गंगा की तर्ज पर विशेष महाआरती की गई। इस दौरान गायकों के द्वारा भजनों की प्रस्तुति भी दी गई। इसके बाद वहां मौजूद भक्तों ने दीपदान भी किया। नदी के पास स्थित श्री देव रघुनाथ बड़ा मंदिर में भी श्रद्धालुओं ने पूजन किया।

# अंतर महाविद्यालयीन कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन

**मालथौन, देशबन्धु।** पं. बृजकिशोर पटैरिया महाविद्यालय में डॉ. हरीसिंह गौर विवि एवं संबद्ध महाविद्यालयों की अंतर महाविद्यालयीन कबड्डी महिला-पुरुष प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ समीति अध्यक्ष गिरीश पटैरिया, संचालक डॉ. आशीष पटैरिया, प्राचार्य डॉ. अवनीश मिश्रा, अवध प्रभा विद्यापीठ की मेनेजर योगिता पटैरिया एवं सुचेता पटैरिया, टाइम्स कॉलेज दमोह के संचालक डॉ. सुशील गुप्ता, यूटीडी सागर से चयन समीति के खेल विशेषज्ञ अनवर खान एवं बीटीआईई कॉलेज के प्राचार्य डॉ. राजू टंडन ने दीप प्रज्वलित कर किया। प्रथम मैच पुरुष कबड्डी टाइम्स कॉलेज दमोह एवं यूटीडी सागर के मध्य खेला गया, जिसमें यूटीडी सागर विजेता रही एवं द्वितीय मैच पुरुष कबड्डी बीकेपी कॉलेज मालथौन और ठाकुर फेरन सिंह कॉलेज शाहपुर के मध्य खेला गया, जिसमें बीकेपी कॉलेज मालथौन विजेता रही। प्रथम सेमीफाइनल बीटीआईई सागर एवं बीकेपी




कॉलेज मालथौन के मध्य खेला गया जिसमे बीकेपी कॉलेज मालथौन ने जगह बनाई और अंततः यूटीडी सागर ने फाइनल में जीत दर्ज की। प्रथम मैच महिला कबड्डी टाइम्स कॉलेज दमोह एवं बीकेपी कॉलेज मालथौन के मध्यम खेला गया, जिसमें बीकेपी कॉलेज मालथौन विजेता रही एवं फाइनल मैच महिला कबड्डी यूटीडी सागर एवं बीकेपी कॉलेज मालथौन के मध्य हुआ, जिसमें यूटीडी सागर ने फाइनल में जीत दर्ज की। फाइनल मैच पुरुष कबड्डी में यूटीडी सागर विजेता एवं बीकेपी कॉलेज मालथौन उपविजेता रही एवं फाइनल मैच महिला कबड्डी में यूटीडी सागर विजेता एवं बीकेपी कॉलेज मालथौन उपविजेता रही। फाइनल मैच के पूर्व सभी टीमों से समीति अध्यक्ष गिरीश पटैरिया ने परिचय लिया एवं टॉस कराया। कार्यक्रम उपरान्त विजेता, उपविजेता एवं समस्त सहभागी टीमों को शील्ड प्रमाण पत्र आदि वितरित किये गये। कार्यक्रम का संचालन प्राध्यापिका एवं खेल प्रभारी कंचन जैन एवं कॉमेंट्री रचना सोनी ने की।

## मप्र स्थापना दिवस के अवसर पर 11 वां प्रतिभा सम्मान समारोह एवं पत्रकार सम्मेलन कल



**शाहगढ़, देशबन्धु।** नगर गौरव आचार्य श्री देवनंदी जी महाराज की प्रेरणा से तहसील प्रेस क्लब मप्र रजि. के तत्वावधान में मुनिश्री विरंजन सागर के मंगल सान्निध्य में मप्र स्थापना दिवस पर 1 नवंबर बुधवार को दोप. 1 से नगर भवन से संपन्न होगा। 11 वां प्रतिभा सम्मान समारोह एवं ज्ञानोदय प्रेस अवार्ड, पत्रकार सम्मेलन एवं केरियर काउंसलिंग कार्यक्रम होगा। जिसमें बण्डा, शाहगढ विकासखंड 250 प्रतिभावान छात्र-छात्राओं का सम्मान होगा। कार्यक्रम संयोजक मनीष विद्यार्थी ने बताया विगत 7 वर्षो से नगर के विशिष्ट व्यक्तित्व को नगर गौरव एवं पत्रकारों के लिए पत्रकार श्री की उपाधि अलंकरण समारोह होता है, इस बार नगर गौरव की उपाधि से राजेंद्र जैन रिटा. सहायक लेखा अधिकारी एवं प्रो. पीएल प्रजापति सागर से पत्रकार, भोपाल से ऋषभ जैन, सागर से प्रमोद राजपूत, छतरपुर से राज पटेरिया, शाहगढ़ से सौरभ अरेल को सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम में केरियर काउंसलिंग के माध्यम से जो छात्र-छात्राऐं उच्च शिक्षा के संबंध में अपने फ्यूचर के विषय में जानकारी चाहते हैं, तो विषय विशेषज्ञ द्वारा जानकारी प्राप्त होगी। पत्रकार सम्मेलन एवं मुनिश्री के मंगल प्रवचन सुनने का अवसर प्राप्त होगा। प्रेस क्लब अध्यक्ष प्रकाश अदावन सभी को पधारने ने की अपील की जिससे प्रतिभाओं को प्रोत्साहन मिलेगा।

## कमलेश तिवारी को बनाया उपाध्यक्ष

**सागर, देशबन्धु।** वरिष्ठ कांग्रेस नेता कमलेश तिवारी को जिला शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजकुमार पचौरी ने संगठन का विस्तार करते हुए उनके संगठन के प्रति लगनशीलता देखते हुए उन्हें महामंत्री से शहर कांग्रेस कमेटी का उपाध्यक्ष बनाया है।



कमलेश तिवारी विगत 25 वर्षों से कांग्रेस के प्रति पूर्ण निष्ठा और ईमानदारी से काम कर रहे हैं इसके पूर्व कमलेश तिवारी जिला शहर कांग्रेस कमेटी में तीन अध्यक्षों के बीच तीन बार महामंत्री रह चुके हैं साथ ही इसके पूर्व सचिव रहे उसके पहले युवा कांग्रेस में महामंत्री तथा भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन मैं भी महामंत्री सहित विभिन्न पदों पर रहे।

# 85 वर्षीय वृद्धा की हत्या, बंद ढाबे के पास खून से लथपथ पड़ा मिला शव

**सागर, देशबन्धु।** छानबीला थाना क्षेत्र के ग्राम इमलाखेड़ा में 85 वर्षीय वृद्ध महिला की हत्या कर दी गई। वृद्धा का शव बंद पड़े ढाबे के पास पड़ा मिला है। खून से लथपथ शव पड़ा होने की सूचना पर क्षेत्र में सनसनी फैल गई। लोगों की भीड़ जमा हो गई। घटनाक्रम की सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू की। मामले में पुलिस हत्या का प्रकरण दर्ज कर आरोपियों की तलाश कर रही है। वहीं डॉग स्क्वाड और एफएसएल टीम ने वारदातस्थल से आरोपियों से जुड़े साक्ष्य जुटाए हैं। जानकारी के अनुसार सरजीत कौर उम्र 85 साल निवासी इमलाखेड़ा गांव के पास बने बंद ढाबे में अकेली रहती थी। उक्त ढाबा मृतका के पति चलाते थे। लेकिन उनके निधन के बाद से ढाबा बंद था। सुबह सरजीत कौर का शव खून से लथपथ हालत में ढाबे के पास पड़ा मिला। शव देख आसपास के लोगों ने पुलिस को सूचना दी।

छानबीला पुलिस मौके पर पहुंची और शव का पंचनामा बनाया। मृतका के सिर पर गंभीर चोटे पाई गई हैं। जिसे देख प्राथमिक जांच में माना जा रहा है कि आरोपियों ने महिला के सिर पर किसी ठोस वस्तु से बार कर हत्या की है। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेजा। वहीं प्रकरण दर्ज कर जांच में लिया है। मृतका के दामाद राजवीर सिंह ने बताया कि दादी की जमीन पर कुछ लोगों की नजर थी। कई लोग घर की लाइट काट देते थे। फोरलेन के पास जमीन होने से कई लोग कब्जा करना चाहते थे। मुझे संदेह है कि जमीन को लेकर ही मेरी दादी की हत्या की गई है। मामले में पुलिस निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करे।

# कलू बड्डा गुजरात स्वीट्स का किया औचक निरीक्षण



**दमोह, देशबन्धु।** डीओ खाद्य सुरक्षा प्रशासन राकेश अहिरवाल के मार्गदर्शन में खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के अंतर्गत खाद्य सुरक्षा अधिकारी दमोह माधवी बुधौलिया ने पथरिया नगर के स्टेशन रोड स्थित कलू बड्डा गुजरात स्वीट्स का औचक निरीक्षण किया। उक्त स्वीट्स शॉप से ग्राहक को कंपनी पैक्ड ब्रिटेनिया टोस्ट के पैकेट में कीड़े निकलने की शिकायत प्राप्त हुई थी। शिकायत पर त्वरित कार्यवाही करते हुए कलू बडडा गुजरात स्वीट्स का निरीक्षण किया, जिसमें मौके पर ब्रिटेनिया टोस्ट के पैकेट की जांच की गई। जांच में ब्रिटेनिया टोस्ट के पैकेट में किसी भी प्रकार के कीड़े नहीं पाए गए। मौके पर दुकान संचालक द्वारा उक्त टोस्ट को आरके ट्रेडर्स पथरिया से खरीदना बताया गया। आर के ट्रेडर्स द्वारा उक्त टोस्ट को खालसा एजेंसी मोरगंज गल्ला मंडी दमोह से क्रय किया जाना बताया गया। इसी आधार पर दमोह के मोरगंज गल्ला मंडी स्थित ब्रिटेनिया टोस्ट की होलसेल एजेंसी खालसा एजेंसी पर निरीक्षण कार्यवाही की गई एवं ब्रिटेनिया टोस्ट के नमूनें लिए गए हैं जिनको जांच हेतु खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भोपाल भेजा गया।

# सूने मकान में चोरों ने लगाई सेंध

**गढ़ाकोटा, देशबन्धु।** गढ़ाकोटा थाना क्षेत्र के ग्राम बरखेड़ा गौतम में सूने मकान में चोरों ने सेंध लगाई। चोर मकान में लगे ताले तोड़कर अंदर घुसे और सोने चांदी के गहने ले भागे। वारदात सामने आते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू की। पुलिस के अनुसार राहुल लोधी निवासी बरखेरा गौतम पथरिया रोड गढ़ाकोटा में मेडिकल स्टोर चलाते हैं। उनके भाई बहन गढ़ाकोटा में रामवार्ड पथरिया में रहकर पढ़ाई कर रहे हैं। उनसे मिलने के लिए माता-पिता ग्राम बरखेरा गौतम स्थित घर में ताला लगाकर गढ़ाकोटा आए थे। रात होने के कारण वह गढ़ाकोटा में ही रूक गए। इस दौरान सूना मकान होने का फायदा उठाकर बदमाश ताला तोड़कर अंदर घुस गए और जेवरात ले भागे। माता-पिता घर पहुंचे तो ताला टूटा मिला। अंदर जाकर देखा तो पलंग पेटी का ताला टूटा था और सामान फैला पड़ा था। पलंग पेटी में रखा मंगलसूत्र, सोने का हार, चांदी की पायलें समेत नकद रुपए गायब थे। वारदात की सूचना पुलिस को दी। पुलिस और एफएसएल टीम मौके पर पहुंची और आरोपियों से जुड़े साक्ष्य वारदात स्थल से जुटाए। मामले में पुलिस ने फरियादी राहुल की शिकायत पर प्रकरण दर्ज कर जांच में लिया है। वहीं आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज पुलिस खंगाल रही है।

## 8 आदतन अपराधियों को 6 माह के लिये किया जिला बदर

**सागर, देशबन्धु।** जिला दण्डाधिकारी एवं कलेक्टर दीपक आर्य ने आपराधिक गतिविधियों पर रोक लगाने के मददेनजर 8 आदतन अपराधियों को 6-6 माह के लिये जिला बदर करने का आदेश किया है। यह आदेश तत्काल प्रभावशील हो गया है। कलेक्टर ने पुलिस अधीक्षक से प्राप्त प्रतिवेदन के आधार पर विभिन्न आपराधिक गतिविधियां में लिप्त यशू उर्फ यशवंत पिता प्रदीप लोधी उम्र 22 वर्ष निवासी ग्राम गंगवारा थाना गौरझामर, रज्जू उर्फ राजबल पिता खरगराम लोधी उम्र 30 वर्ष निवासी ग्राम मढ़ी जमुनिया थाना गौरझामर, प्रशात पिता जगदीश लोधी उम्र 36 वर्ष निवासी मढ़ी थाना गौरझामर, सियाराम पिता धनीराम रजक उम्र 37 वर्ष निवासी ग्राम नवलपुर थाना सुरखी, रामेश्वर पिता मुन्ना उर्फ उदल विश्वकर्मा उम्र 41 वर्ष निवासी ग्राम आफतगंज थाना बरायठा, रंजीत पिता राजकुमार घोषी उम्र 28 वर्ष निवासी ग्राम बगासपुरा थाना रहली, अज्जू उर्फ अजय घोषी पिता वृन्दावन घोषी उम्र 30 वर्ष निवासी महिला विद्यालय के बाजू में लक्ष्मीपुरा वार्ड थाना कोतवाली तथा दीपेन्द्र पिता राजेन्द्र सिंह बुन्देलखा उम्र 28 वर्ष निवासी ग्राम जासौडा थाना बरायठा तहसील शाहगढ जिला को 6-6 माह की अवधि के लिये सागर जिले व सीमावर्ती जिलों की राजस्व सीमाओं से निष्कासित करने का आदेश दिया है। उनके विरूद्ध न्यायालय में प्रकरण चल रहा है तो वह नियत पेशी पर न्यायालय में उपस्थित हो सकेंगे। परन्तु इसके पूर्व अनावेदकों को थाना प्रभारी को लिखित में सूचना देनी होगी तथा न्यायालय में पेशी होने के तुरंत पश्चात् जिला दण्डाधिकारी के आदेश का पालन सुनिश्चित करना होगा।

# मेधावी छात्राओं का सम्मान समारोह हुआ



**सागर, देशबन्धु।** स्थानीय रविंद्र भवन में विगत दिवस कक्षा दसवीं एवं 12वीं में 80 प्रतिशत से ऊपर आए हुए विद्यार्थीयों छात्रों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय सागर में पदस्थ डॉक के कृष्ण राव उपस्थित हुए। विशेष अतिथि के रूप में भगवान जी कर्मी उपस्थित हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की समक्ष अपनी प्रजजवलन एवं मां सरस्वती की वंदना के साथ हुआ। तत्पश्चात छात्र छात्राओं ने नाटक एवं डांस तथा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। इस अवसर पर मुख्य अतिथि डॉ. राव ने कहा कार्यक्रम मैं छात्र हूं अपनी प्रतिभा एवं हुनर तो परिचय तो दिया है साथ प्रतिभावान विद्यार्थी उत्साहित के साथ-साथ उनमें एक नई प्रतिभा अवतरित होती है जिसको वह अपने भविष्य के प्रति उज्जवल बनाने में सार्थक करते हैं सम्मान समारोह में पर बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं एवं एवं उनके माता-पिता उपस्थित थे। अंत में कार्यक्रम का प्रदर्शन डॉ. अरुण कुमार पंडा ने माना।

# ज्ञानवीर आईटीआई के माध्यम से छात्रों को मिला रोजगार




**सागर, देशबन्धु।** ज्ञानवीर आईटीआई में मल्टीनेशनल कंपनी अडानी सोलर मैनपावर के द्वारा एक दिवसीय ओपन कैंपस ड्राइव का आयोजन किया गया, जिसमें शासकीय एवं निजी आईटीआई कटनी, दमोह, सागर व अन्य जिले व राज्यों के विभिन्न ट्रेडों के 190 छात्रों ने हिस्सा लिया, जिसमें लिखित परीक्षा व ग्रुप एवं पर्सनल इंटरव्यू के माध्यम से 127 छात्रों का चयन हुआ, अडानी सोलरमैन पावर कंपनी से आये प्लेसमेंट ऑफिसर योगेंद्र सिंह चौहान द्वारा बताया गया कि हमारी कंपनी में सर्वप्रथम आईटीआई के छात्रों को रोजगार के अवसर हेतु प्राथमिकता दी जाती है एवं चयनित छात्रों ने अपने बेहतरीन प्रदर्शन का श्रेय कॉलेज प्रबंधन को दिया। जिसमें ज्ञानवीर आईटीआई संस्था प्राचार्य नीतेश प्रजापति ने बताया की यह संस्था निरंतर छात्रों को बेहतर शिक्षा के साथ प्रदेश की कंपनियों में उत्तम रोजगार के अवसर प्रदान करती है। चयनित छात्रों की सफ्लता पर समूह के को-चैयरमेन आदित्य सिंह राजपूत ने चयनित छात्रों को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त प्रेक्षकों से मिलने का समय निश्चित

**सागर, देशबन्धु।** भारत निर्वाचन आयोग के द्वारा विधानसभा निर्वाचन को निष्पक्ष एवं शंतिपूर्ण रूप से संपन्न कराने के लिए सागर जिले की आठ विधानसभा क्षेत्रो के लिए पांच सामान्य प्रेक्षक एवं एक पुलिस प्रेक्षक नियुक्त किया गया है। सागर जिले के लिए आठ विधानसभा क्षेत्रों के लिए जो सामान्य प्रेक्षक नियुक्त किये गये, वे सभी भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी है। इनमें सागर एवं बण्डा विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए के हर्षवर्धन जिनका मोबाइल 8989291032 है एवं प्रतिदिन दोपहर 3 बजे से सर्किट हाउस 1 में जन सामान्य के लिए उपलब्ध रहेंगे। विधानसभा क्षेत्र खुरई एवं सुरखी के लिए गंधम चंद्रुडु मोबाइल नम्बर 8989624163, सर्किट हाउस में सायं काल 4 बजे से सायं 5 बजे तक सर्किट हाउस एक में उपलब्ध रहेंगे। विधान सभा क्षेत्र देवरी के लिए सुनील कुमार यादव मोबाइल नंबर 8989632591 वन विभाग में कक्ष क्र. 2 में रहेंगे। विधानसभा क्षेत्र बीना के लिए प्रेमकुमार व्हीआर 8989877448 है। वे फारेस्ट रेस्ट सर्किट हाउस में कक्ष क्र. 2 में रूके हुए है। विधानसभा क्षेत्र नरयावली, रहली के लिए अंबामुथन एमपी जिनका मोबाइल नंबर 8989546331 है। वे सर्किट हाउस एक्सटेंशन के कक्ष एक में सायं काल 5 से 7 बजे तक जन सामान्य से मुलाकात करेंगे। इसी प्रकार आयोग के द्वारा जिले के आठ विधानसभा क्षेत्रो के लिए भारतीय पुलिस सेवा के प्रकाश डी मो. 9406674064 प्रातः 9 बजे से 10 बजे तक मकरोनिया स्थित पुलिस मेस में जन सामान्य के लिए उपलब्ध होंगे।

# कार ने बाइक सवार को मारी जोरादर टक्कर, मौके पर हुई मौत



**खुरई, देशबन्धु।** पठारी रोड स्थित वेयर हाउस के पास मवेशियों को बचाने के चक्कर में एक तेज रफ्तार कार ने बाइक सवार को टक्कर मार दी जिससे बाइक सवार की घटना स्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई। घटना की जानकारी के बाद पुलिस मौके पर पहुंची। कार में सवार सभी लोग मौके से भाग निकले लेकिन ड्राइवर को पुलिस ने पकड़ लिया गया है। खुरई शहरी थाना क्षेत्र के पठारी रोड पर कार क्रमांक एमपी 04 सीवाई 8108 जो पठारी तरफ से खुरई की ओर आ रही थी और बाइक क्रमांक एमपी 15 एनडी 1215 का चालक शमीम पिता मोहम्मद शब्बीर मकरानी 34 निवासी सदर बाजार जो मैकेनिक का काम करता था वह सागर से खजरा हरचंद के पास निजी क्रेशर पर जनरेटर सुधरने के लिए जा रहा था तभी कार ने बाइक को सामने से टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक सवार कम से कम 20 फिट उछल कर सड़क किनारे खेत में जा गिरा। जिसके बाद उसकी घटना स्थल पर ही मौत हो गई। कार में बैठे लोग और चालक शराब के नशे में थे। कार में नमकीन और डिस्पोजल आदि मिले हैं। पीछे से आ रहे डंपर चालक नारायण सिंह ने बताया कि खुरई तरफ से आ रही बाइक को कार ने भैसों को बचाने के चक्कर में दूसरी तरफ जाकर बाइक में टक्कर मारी थी। सूचना मिलते ही शहरी थाना पुलिस ने मौके पर पहुंच कर मृतक के शव को अस्पताल भेज दिया गया। कार में सवार एक युवक को पुलिस ने हिरासत में ले लिया। फिलहाल पुलिस ने मर्ग कायम कर मामला जांच में ले लिया।

## प्रेक्षक श्री यादव ने देवरी विधानसभा क्षेत्र की समीक्षा की



**सागर, देशबन्धु।** भारत निर्वाचन आयोग के द्वारा नियुक्त भारतीय प्रशासनिक सेवा के सुनील कुमार यादव सोमवार को देवरी पहुंचे। श्री यादव ने रिटनिंग अधिकारी गगन बिसेन एसडीओपी शशिकांत सरेयाम एवं अन्य अधिकारियों के साथ विधानसभा निर्वाचन की तैयारियों की समीक्षा की। देवरी विधानसभा क्षेत्र के संवेदनशील, अतिसंवेदनशील मतदान केन्द्रों के संबंध में जानकारी प्राप्त की।

## एसडीएम ने ली अधिकारियों की बैठक




**खुरई, देशबन्धु।** मतदान केंद्रों से आवश्यक जानकारी एकत्रित लेने के लिए खुरई एसडीएम और रिटर्निंग अधिकारी रवीश श्रीवास्तव और तहसीलदार ने कम्युनिकेशन टीम प्लान में लगे कर्मचारियों, अधिकारियों आयोजित कर मतदान केंद्रों से ली जाने वाली आवश्यक जानकारियों के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए। रिटर्निंग अधिकारी ने मतदान समाप्ति तक सामग्री जमा स्थल तक मतदान दल पहुंचने की जानकारी एकत्रित करने के लिए कम्युनिकेशन टीम सदस्यों को प्रकिया के संदर्भ में जानकारी दी। इस अवसर पर तहसीलदार सहायक रिटर्निंग अधिकारी यश वर्धन सिंहए नोडल अधिकारी दिनेश दुबे, डॉ. विनोद राय सहित कम्युनिकेशन टीम सदस्य उपस्थित रहे।

### भगवान की भक्ती में नाचे इंद्र, कवि सम्मेलन हुआ

# मनुष्य जन्म से नहीं कर्म से महान बनता है: मुनिश्री

**शाहगढ़, देशबन्धु।** नगर भवन में लगे भगवान के समोशरण में विराजे केवली भगवान के रूप में मुनिश्री विरंजन सागर महाराज ने श्रावक श्रेष्ठी बने पुनीत जैन की शंका समाधान करते हुए कहा कि किम सुंदरम किमा सुंदरम अर्थात ना कोई सुंदर है ना कोई असुंदर है, हमारे देखने मात्र से ही वस्तु की स्थिति लगती है, राग है तो सुंदर है और राग नहीं है तो वह असुंदर है। भगवान की पूजा करने स्वयं पूज्य वन जाऊं ऐसी भावना से ही हम समोशरण में बैठकर पूजा कर रहे हैं, मुनिश्री ने कहा कि मनुष्य जन्म से नहीं कर्म से महान बनता है। उच्च कुल में जन्म लेने के बाद यदि मनुष्य अपने कर्मों को नहीं सुधारता है तो उसका मानव जन्म लेना व्यर्थ है। मानव सेवा ही सबसे बड़ी सेवा है। इस बात को हमें ध्यान रखना चाहिए। इस अवसर पर विधान



पूजन में शान्ती धारा करने का सौभाग्य समिति अध्यक्ष पदम सेठ परिवार को मिला। समोशरण में विराजमान जिनेंद्र भगवान के समक्ष जल, चंदन, अक्षत, पुष्प, नैवेद्य, दीप, धूप, फल, अर्घ आदि द्रव्य से 120 अर्घ मंडल जी पर अर्पित किए एवं अष्ट कर्मों के दोष के लिए जिन देव की पूजन की। मुनिश्री के सानिध्य में संगीतकार संजय भोपाल की मधुर धुनों के साथ पूजन के दौरान केसरिया वस्त्रों में सजे धजे इंद्र इंद्राणी ने जिनेंद्र देव के समक्ष भाव विभोर होकर नृत्य करते हुए भगवान की वंदना की। रात्रि में महाआरती राजेंद्र गाद बीनू श्रृंगार सदन से निकाली गई त्दोपरांत विराट कवि सम्मेलन हुआ।

# सार समाचार

## एम्बुलेंस सहित स्कूली बच्चे फंसे रहे जाम में



**बड़ामलहरा, देशबन्धु।** घुवारा तिराहे के दोनों तरफ सैकड़ों वाहनों का भीषण जाम लग गया। जाम लगने से वाहनों की लंबी कतारें लग गई जिससे आवागमन बाधित हो गया। राहगीरों को भी परेशानियों का सामना करना पड़ा। जाम में पुलिस वाहन के साथ-साथ दो एंबुलेंस भी फंसी रही। पुलिस वाहन में सवार पुलिस कर्मी भी काफी देर तक जाम खुलने का इंतजार करते रहे। सोमवार को सुबह 11 बजे से कांग्रेस प्रत्याशी और 12 बजे से भाजपा प्रत्याशी की रैली रामबाग मन्दिर से निकाली गई जिसमें कांग्रेसी की रैली के बाद घुवारा तिराहे पर जाम लग गया जिससे भाजपा प्रत्याशी को रैली निकालने में भारी मशक्कत करनी पड़ी। एंबुलेंस जाम में रहने से मरीजों को भी परेशानियों का सामना करना पड़ा। एक एंबुलेंस में एक मरीज जिसको सर्प ने काटा था जाम में फंसे होने के कारण उसकी स्थिति नाजुक हो गई और उसको तुरन्त जिला अस्पताल में रेफर करना पड़ा। काफी देर तक जाम को देखकर पुलिसकर्मी वाहन में बैठकर सिर्फ सायरन बजाते रहे। इसके बाद कार से उतर कर ठेला और टेंपू को सड़क किनारे से हटाया गया। इसके बाद भी लगभग चार घण्टे तक जाम की स्थिति बनी रही जिससे राहगीरों और दुकानदारो में भी रोष उत्पन्न हो गया।

## केंद्रीय विद्यालय छतरपुर को बनाया गया स्किल हब सेंटर

**छतरपुर, देशबन्धु।** ड्रॉप आउट विद्यार्थियों व आर्थिक संसाधनों के अभाव के चलते कई प्रकार के रोजगारोन्मुख व्यावसायिक कोर्स न कर पाने वाले बेरोजगार युवकों को अब निराश नहीं होना पड़ेगा। कस्बे में स्थित केंद्रीय विद्यालय छतरपुर को कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय भारत सरकार द्वारा स्किल हब केंद्र बनाया गया है। जहां ड्रॉप आउट विद्यार्थी व्यावसायिक कोर्स करने के बाद रोजगार हासिल करने की दिशा में कदम बढ़ा सकेंगे। इस केंद्र पर ड्रॉप आउट विद्यार्थियों को काफी लाभ होगा। इस केंद्र में प्रारंभिक चरण में आईटी का कोर्स डॉमेस्टिक डाटा एंट्री ऑपरेटर कोर्स 5 नवंबर 2023 से शुरू किया जा रहा है। केंद्रीय विद्यालय छतरपुर में संचालित होने वाले इस कोर्स की मान्यता राष्ट्रीय कौशल विकास निगम एनएसडीसी से होगी। इस कोर्स में 15 से 30 विद्यार्थियों का एक बैच बनाया जाएगा। कोर्स के लिए लाभार्थी की उम्र 15 से 45 वर्ष के मध्य होनी चाहिए। यह कोर्स 200 से 300 घंटे का होगा। कक्षाएं दोपहर 2 बजे से शाम 3:30 बजे तक लगा करेंगी और लाभार्थी को आधार युक्त बायोमेट्रिक हाजिरी देनी होगी। कोर्स के लिए कम से कम 70 फ़ीसदी हाजिरी की अनिवार्यता रहेगी। परीक्षा के बाद मंत्रालय की ओर से प्रमाण पत्र दिया जाएगा। इससे लाभार्थी डॉमेस्टिक डाटा एंट्री ऑपरेटर के पद के लिए निजी अथवा सरकारी विभाग में आवेदन कर सकेंगे। इस कोर्स को करने के लिए छात्र इस लिंक के माध्यम से नामांकन कर सकते हैं।

## प्रेक्षक ने निर्वाचन कार्यालय का निरीक्षण



**लवकुशनगर, देशबन्धु।** मीडिया सेल प्रभारी चंदला के वीरेंद्र सिंह परिहार ने जानकारी देते हुए बताया कि विधानसभा क्षेत्र चंदला के लिए नियुक्त प्रेक्षक कृषनेनंदू साधु खान 2010 बैच के आईएएस अधिकारी द्वारा निर्वाचन कार्यालय का निरीक्षण किया गया। प्रेक्षक द्वारा व्यय लेखा, नाम निर्देशन पत्रों की समीक्षा एवं मतदाता सूचियों का अवलोकन किया गया। प्रेक्षक द्वारा निर्वाचन अधिकारी एसडीम देवेंद्र चौधरी एवं समस्त टीम को निर्भय होकर चुनाव संपन्न करवाने हेतु निर्देश दिए गए। एसएसटी एवं एफएसटी टीमों को निर्देश देते हुए उन्होंने कहा कि बॉर्डर पर कड़ाई के साथ निगरानी रखें एवं बॉर्डर से निकलने वाली प्रत्येक गाड़ी के नंबर रजिस्टर में अंकित किया जाएं एवं समय भी नोट किया जाए। किसी भी हालत में अवैध हथियार, शराब एवं अवैध करेंसी की निकासी न हो। लवकुशनगर एसडीम राकेश शुक्ला द्वारा पुष्प गुच्छ देकर पर्यवेक्षक का स्वागत किया गया। निरीक्षण के समय सहायक निर्वाचन अधिकारी संदीप श्रीवास्तव, दिलीप जडिया, आकाश नीरज व्यय लेखा प्रभारी अखिलेश मिश्रा, दिलीप गुप्ता, कमलेश पटेल, पुष्पेंद्र अनुरागी, अनुपम चौरसिया, लक्ष्मी अहिरवार सहित योगेंद्र विश्वकर्मा, उमेश सिंह परिहार, बृजलाल पाटकार उपस्थित रहे।

## विवेक साहू ने 4 माह की बच्ची के लिए किया रेयर ब्लड का रक्तदान



**छतरपुर, देशबन्धु।** आपाजी ब्लड ग्रुप के रफत खान ने जानकारी देते हुए बताया की कृतिका नामदेव उम्र 4 माह एनीमिया हो जाने के कारण जिला अस्पताल में इलाजरत थी जिसे रक्त की बहुत कमी हो गई थी। डाक्टर ने तुरंत ब्लड की अति आवश्यकता बताई। चूंकि बच्ची कृतिका का ब्लड ग्रुप रेयर ओ नेगेटिव था जो जिला अस्पताल के ब्लड बैंक में उपलब्ध नहीं था जिसके कारण परिजन ब्लड के लिए भटक रहे थे। बच्ची के पिता ने अपनी समस्या बताकर आपाजी ब्लड ग्रुप से मदद मांगी तब ग्रुप के प्रयास से विवेक साहू ने आगे आकर बच्ची के लिए रेयर ब्लड का रक्तदान किया। रक्तदान जेसे पुनीत कार्य में एक दूसरे की मदद करना चाहिए तभी समाज आगे बढ़ेगा।

### भाजपा प्रत्याशी पर साधा निशाना

# हजारों समर्थकों के साथ आलोक चतुर्वेदी ने भरा नामांकन



**छतरपुर, देशबन्धु।** छतरपुर विधानसभा से कांग्रेस के प्रत्याशी आलोक चतुर्वेदी ने सोमवार को हजारों समर्थकों के साथ शक्ति प्रदर्शन करते हुए तहसील कार्यालय में अपना नामांकन दाखिल किया। श्री चतुर्वेदी ने सोमवार की सुबह सर्वप्रथम बागेश्वर धाम पहुंचकर माथा टेका तथा इसके साथ ही शहर के हनुमान टौरिया तथा मोटे के महावीर मंदिर पहुंचकर पूजा-अर्चना की। सुबह के वक्त आलोक चतुर्वेदी ने सामान्य रूप से एक नामांकन तहसील कार्यालय में जमा किया। तदुपरांत सागर रोड स्थित उनके निज निवास खेलग्राम में उनके समर्थक एकत्रित हुए तथा यहां से विशाल रैली के रूप में समर्थक तथा आलोक चतुर्वेदी मोटे के महावीर मंदिर पहुंचे। यहां माथा टेकने के बाद उनकी नामांकन रैली छत्रसाल चौक, चौबे तिराहा होते हुए तहसील कार्यालय पहुंची, जहां आलोक चतुर्वेदी ने पुन: अपना नामांकन दाखिल किया। इस दौरान कांग्रेस के प्रदेश सह प्रभारी सीपी मित्तल विशेष रूप से उपस्थित रहे।

उपस्थित समर्थकों एवं जनता को संबोधित करते हुए आलोक चतुर्वेदी ने कहा कि यह छतरपुर विधानसभा परिवार का प्यार और आशीर्वाद ही है जो बगैर किसी सूचना के इतनी बड़ी संख्या में विधानसभावासी यहां उपस्थित हैं। उन्होंने कहा कि आपका उत्साह एवं आशीर्वाद ही मेरी ताकत है, और इसके लिए मैं आप सभी को धन्यवाद देता हूं।

**मेरा चुनाव जनता लड़ रही है :** इस मौके पर श्री चतुर्वेदी ने कहा कि यह चुनाव विधानसभा की जनता लड़ रही है, जिनके सामने भाजपा की प्रत्याशी ललिता यादव मैदान में हैं। उन्होंने कहा कि विधानसभा की जनता ने ललिता यादव के विधायक और मंत्री रहते हुए 10 वर्ष का कार्यकाल देखा है और मेरा 5 साल का कार्यकाल भी देखा है। उन्होंने कहा कि मेरे 5 साल के कार्यकाल में भ्रष्टाचार और कमीशनखोरी की एक शिकायत नहीं है वहीं भाजपा प्रत्याशी लगातार असामाजिक तत्वों को संरक्षण दे रही हैं। इतना ही नहीं उनके जनसंपर्क में 307 के फरार अपराधी साथ घूमते दिखाई दे रहे हैं, जिन्हें उनका संरक्षण प्राप्त है। इसके अलावा मेडिकल कॉलेज, महाराजा कॉलेज की लड़ाई में भी उन्होंने जनता का साथ नहीं दिया। कोरोनाकाल में भी वे नदारत रहीं। श्री चतुर्वेदी ने कहा कि हम दोनों के कार्यकाल जनता के सामने हैं, अब मूल्यांकन करना जनता का काम है।

**प्रदेश के सहप्रभारी ने बोला भाजपा पर हमला :** वहीं सह प्रभारी सीपी मित्तल ने कहा कि उन्हें कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे और राहुल गांधी ने आलोक चतुर्वेदी का नामांकन फार्म भरवाने के लिए भेजा है। उन्होंने भाजपा सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि मप्र में शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व में 18 साल से चल रही इस सरकार ने युवाओं, किसानों, महिलाओं सहित सभी के साथ छलावा किया है। उन्होंने विकास के नाम पर सिर्फ लोगों को बरगलाया है। 2018 में कमलनाथ के नेतृत्व में कांग्रेस ने सरकार बनाई थी लेकिन कुछ गद्दारों की वजह से सरकार गिर गयी थी, लेकिन इस बार जनता ने उन गद्दारों को भी सबक सिखाने का मन बना लिया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में एक बार फिर कांग्रेस की सरकार बनने जा रही है, इसलिए आप सभी इस बदलाव में भागीदार बनें।

## राजेश शुक्ला बबलू ने दाखिल किया नामांकन



### व्यापारियों के बंद रखे प्रतिष्ठान, काम छोड़कर आशीर्वाद देने पहुंची जनता

**बिजावर, देशबन्धु।** सोमवार का दिन बिजावर विधानसभा के चुनावी रण का ऐतिहासिक दिन रहा, दरअसल सोमवार को इस विधानसभा के लोकप्रिय नेता राजेश शुक्ला बबलू ने नामांकन दाखिल किया। उनकी नामांकन रैली में समर्थकों का ऐतिहासिक जनसैलाब देखने को मिला। यहां तक कि बिजावर के व्यापारियों ने अपने-अपने प्रतिष्ठान तक बंद रखे, ताकि वे राजेश शुक्ला बबलू की नामांकन रैली में शामिल हो सकें। इसके अलावा क्षेत्र के हजारों लोग अपने काम छोड़कर विधायक को आशीर्वाद देने पहुंचे।

सुबह 11 बजे राजेश शुक्ला बबलू के बिजावर स्थित निवास पर जनसैलाब का एकत्रीकरण हुआ और इसके बाद राजेश शुक्ला के नेतृत्व में यह अपार जनसैलाब डाकखाना चौराहा होते हुए तहसील कार्यालय पहुंचा, जहां राजेश शुक्ला बबलू ने अपना नामांकन दाखिल किया। तदुपरांत राजेश शुक्ला बबलू ने उपस्थित जनसैलाब से मिले स्नेह और समर्थन के लिए उनका आभार जताते हुए कहा कि आपकी यह उपस्थिति बता रही है कि मैंने आप सबकी जो सेवा की, उससे आप संतुष्ट हैं और मुझे पुन: आशीर्वाद देने के लिए आतुर हैं। उन्होंने कहा कि मेरे जीवन में जो कुछ भी है वह भोलेनाथ और जनता के आशीर्वाद से है। विपक्षियों ने तमाम आरोप लगाए लेकिन उन लोगों को आज आप सभी की उपस्थिती करारा तमाचा है। उन्होंने कहा कि मुझे पूरी उम्मीद है कि जिन लोगों में मुझ पर अनर्गल आरोप लगाए हैं, आने वाली 17 तारीख को मेरे क्षेत्र की जनता उन सबको जवाब देगी। उन्होंने कहा मेरा भविष्य विपक्षियों को नहीं, बल्कि जनता को तय करना है। उन्होंने कहा कि यह चुनाव पूर्व की भांति इस बार भी जनता ही लड़ रही है, जनता का जो भी निर्णय होगा, मैं उसे सहर्ष स्वीकार करूंगा। एक अनुमान के मुताबिक राजेश शुक्ला बबलू की इस नामांकन रैली में 20 हजार से अधिक लोग शामिल रहे। इस दौरान

## नामांकन के आखरी दिन उम्मीदवारों ने समर्थकों के साथ जमा किए पर्चे

***घुवारा, देशबन्धु।*** *भारत निर्वाचन आयोग द्वारा विधानसभा निर्वाचन 2023 हेतु जारी कार्यक्रम के अनुसार नाम निर्देशन-पत्र जमा करने की अंतिम तिथि सोमवार 30 अक्टूबर को निर्धारित की गई थी।जो कि उम्मीदवारों को सोमवार के आखरी दिन प्रात:11 बजे से दोपहर 3 बजे तक का ही फॉर्म जमा करने का समय नियत किया गया था। उसी क्रम में बड़ामलहर विधानसभा 53 में भाजपा पार्टी से प्रधुम्न सिंह लोधी? ने नामांकन दाखिल किया तो वहीं कांग्रेस से साध्वी रामसिया भारती ने नामांकन दाखिल किया साथ ही अन्य पार्टियों के अलावा निर्दलीय उम्मीदवारों ने अपने अपने समर्थकों के साथ नामांकन जमा कर अपना अपना दमखम दिखाते हुए नामांकन दाखिल किया। मतलब सोमवार का दिन सभी पार्टियों एवं निर्दलीय उम्मीदवारों के लिए बहुत ही अहम दिन रहा।क्योंकि इसके बाद ही उम्मीदवार पूर्ण स्वतंत्रता के साथ विधान सभा क्षेत्र में जनता से सघन संपर्क कर सकेंगे।नामांकन जमा कार्यवाही के उपरांत नाम निर्देशन-पत्रों की संवीक्षा मंगलवार 31 अक्टूबर को तथा अभ्यर्थिता से नाम वापिस लेने की अंतिम तिथि 2 नवंबर गुरुवार नियत किया गया है।अब देखना यह होगा कि नाम निर्देशन प्रक्रिया के बाद अब उम्मीदवार जनता के बीच कहां कहां तक पहुंच कर अपने पाले में मतदान के लिए मतदाताओं को प्रेरित कर पाने में सफल हो पाते हैं।इसका फैसला तो आगामी 3 दिसम्बर को ही सबके सामने आयेगा।नामांकन प्रक्रिया के आखरी दिन बड़ा ही दिलचस्प नजारा देखने में सामने आया है।जहां पर भाजपा उम्मीदवार प्रद्युम्न सिंह लोधी ने भीड़ के साथ पर्चा दाखिल करने के लिए ग्रामीण अंचलों से मजदूर महिलाओं को बुलाया जिनको कमल के निशान बनी साटियां पहनाकर रैली में शामिल किया गया लेकिन वही कमल निशान पहने महिलाए रैली से वापिस लौटकर सीधे कांग्रेस प्रत्याशी के कार्यालय पुहुंच कर कांग्रेस प्रत्याशी के चल? रहे स्वरुचीभोज में भोजन करने लगी। जब इन महिलाओं से मीडिया कर्मियों ने पूंछा की आप भाजपा प्रत्यासी के समर्थक बनकर रैली में शामिल होने तो आईं हुईं है लेकिन कांग्रेस प्रत्याशी रामसिया भारती की जनसभा स्थल पर चल रहे स्वरुचि भोज में भोजन कर रहीं हैं तब कुछ महिलाओं ने जवाब दिया कि हम तो शुरू से कांग्रेस के हैं और कांग्रेस को ही वोट करेंगे बो तो भाजपा पार्टी द्वारा साड़ियां दी और दो दो सौ रुपए दिये हैं इसलिए भाजपा की रैली में शामिल हुए। महिलाओं की इन बातों पर कांग्रेस प्रत्यासी रामसिया भारती एवं समर्थक खुश हुए और उन सभी महिलाओं का स्वागत करते हुए उन्हें प्रेम पूर्वक स्वरूचि भोज कराया।*

## विक्रम सिंह नातीराजा की रैली में उमड़ा जनसैलाब



**खजुराहो, देशबन्धु।** प्रदेश में होने जा रहे विधानसभा चुनाव के अंतर्गत छतरपुर जिले की राजनगर विधानसभा में आज नामांकन के अंतिम दिन कांग्रेस प्रत्याशी विक्रम सिंह नातीराजा ने अपना नामांकन जमा किया। उन्होंने कविता सिंह तथा आदित्य प्रताप सिंह पंतीराजा के साथ मतंगेश्वर महादेव मंदिर के दर्शन कर राजनगर तहसील तक पैदल जाकर एसडीएम राजनगर तथा रिटर्निंग ऑफिसर के समक्ष अपना नामांकन दाखिल किया। इस दौरान उनके समर्थन में आम-जनमानस का सैलाब उमड़ पड़ा। इस अवसर पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष महाप्रसाद पटेल, गोविन्द सिंह बमीठा, राकेश कुशवाहा, शिवप्रसाद तिवारी गौमा, महेन्द्र सोनी, बृजकिशोर पाण्डे, सूर्यप्रकाश पाठक, राजेश खेरा, सतीश रिछारिया, ओमप्रकाश तिवारी घूरा, सलमान खान, जयवीर सिंह, सत्या बुन्देला सहित बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी, कार्यकर्ता तथा समर्थकगण मौजूद रहे।

## ललिता यादव ने भी भरा नामांकन, जन संपर्क रैली आज



**छतरपुर, देशबन्धु।** भारतीय जनता पार्टी छतरपुर विधानसभा की प्रत्याशी ललिता यादव ने दोपहर में तहसील कार्यालय पहुंचकर अपना नामांकन फार्म दाखिल किया है। उन्होंने बताया कि वे 31 अक्टूबर को शहर में विशाल जन समूह के साथ जन संपर्क करेंगी।

भाजपा के जिला मीडिया प्रभारी अरविन्द बुंदेला ने बताया कि जन संपर्क रैली चुनाव कार्यालय से आज दोपहर 12 बजे प्रारंभ होकर बस स्टैंड,चौक बाजार महल तिराहा छत्रसाल चौराहा होते हुए मोटे के महावीर मंदिर अटल सभागार में समापन होगा। ललिता यादव ने पार्टी कार्यकर्ताओं एवं आम जन मानस से रैली में शामिल होकर सफल बनाने का आग्रह किया है।

## चंदला विधानसभा में भाजपा और सपा प्रत्याशी ने भरे नामांकन



**लवकुशनगर, देशबन्धु।** चंदला विधानसभा क्षेत्र में भी आज दो दिग्गज नेताओं ने अपने नामांकन भरते हुए चुनावी अभियान को तेज कर दिया। भाजपा के प्रत्याशी दिलीप अहिरवार और समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी पुष्पेन्द्र अहिरवार ने अपना नामांकन पत्र भरते हुए हजारों समर्थकों के साथ शक्ति प्रदर्शन किया।सपा प्रत्याशी पुष्पेन्द्र अहिरवार ने लवकुशनगर के हाट बाजार से विशाल रैली निकाली जो नगर भ्रमण करते हुए तहसील कार्यालय तक पहुंची। मीडिया से बात करते हुए उन्होंने कहा कि मैं पांच सालों तक जनता के बीच रहा और आगे भी पांच वर्षों तक जनता के सुख-दुख में साथ निभाऊंगा। इसी तरह भाजपा प्रत्याशी दिलीप अहिरवार ने चंदला में एक रोड शो करते हुए ढोल नगाड़े और डीजे के साथ अपना नामांकन भरा। इस मौके पर मीडिया से चर्चा करते हुए कहा कि मैं इस क्षेत्र के लिए बाहरी नहीं हूं। मैं इसी क्षेत्र के ग्राम कटहरा का रहने वाला हूं। जनता यदि मुझे आशीर्वाद देगी तो मैं इस क्षेत्र के लिए अच्छे काम करूंगा।

## दौलत के समर्थकों ने दिखाई ताकत



**नौगांव, देशबन्धु।** महाराजपुर विधानसभा क्षेत्र के समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी अजय दौलत तिवारी ने सोमवार को अपना चुनावी पर्चा धूमधाम से भरा। उन्होंने समाजवादी पार्टी के चुनावी कार्यालय राधिका गार्डन से एक रैली निकाली जिसने पूरे नगर का भ्रमण किया। यह रैली मौनिया नृत्य दल, ढोल नगाड़े, डीजे और गगनचुंबी झण्डों के साथ नगर भ्रमण करते हुए तहसील कार्यालय पहुंची जहां सपा प्रत्याशी ने अपने समर्थकों के साथ नामांकन पत्र जमा किया।

उल्लेखनीय है कि अजय दौलत तिवारी को समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने इस सीट पर अपना प्रत्याशी बना दिया है जिससे इस सीट पर चुनावी मुकाबला रोचक हो गया है। श्री तिवारी ने कहा कि यह चुनाव जनता का चुनाव है, क्षेत्र की जनता पिछले 20 साल से ऐसे नेताओं के बीच पिस रही है जिन्होंने अत्याचार और भ्रष्टाचार के अलावा कुछ नहीं किया। उन्होंने कहा कि एक तरफ महल की राजनीति करने वाले भाजपा के प्रत्याशी हैं जो गरीबों और कमजोर वर्ग के लोगों पर अत्याचार करते हैं तो वहीं दूसरी तरफ परिवारवाद फैलाकर झूठ और गद्दारी की राजनीति करने वाले कांग्रेस प्रत्याशी हैं जिन्होंने अपने पांच साल के कार्यकाल में भ्रष्टाचार के अलावा कुछ नहीं किया। जनता इन दोनों नेताओं से तंग आ चुकी है इसलिए इस बार नए विकल्प के रूप में समाजवादी पार्टी को चुनाव जिताने जा रही है। उनकी नामांकन रैली में उप्र के सपा नेता कप्तान सिंह राजपूत, रामजीवन यादव, पूर्व सांसद और सपा के राष्ट्रीय नेता धर्मेन्द्र सिंह यादव, कपूर सिंह यादव, प्रीतम यादव सहित हजारों लोग मौजूद रहे।


## विधायक नीरज दीक्षित के नामांकन दाखिले में उमड़ा समर्थकों का सैलाब



**छतरपुर, देशबन्धु।** सोमवार को महाराजपुर क्षेत्र के विधायक एवं कांग्रेस प्रत्याशी नीरज दीक्षित ने अपने हजारों समर्थकों के साथ निर्वाचन कार्यालय नौगांव पहुंचकर अपना नामांकन दाखिल किया। इस दौरान समूचे क्षेत्र भर से उमड़े हजारों समर्थकों ने विशाल रैली में कहा कि नीरज भैया को एक बार फिर राजधानी भोपाल के विधानसभा भवन पहुंचाएंगे।

नौगांव के मेला ग्राउंड के सामने स्थित कांग्रेस प्रत्याशी नीरज दीक्षित के चुनावी कार्यालय से सोमवार को रैली प्रारंभ हुई जिसमें उनके हजारों समर्थकों ने हिस्सा लिया। रैली नगर के प्रमुख मार्गो से भ्रमण करती हुई तहसील चौराहा पहुंची जहां पर निर्वाचन कार्यालय के अंदर 5 प्रतिनिधियों के साथ जाकर उन्होंने अपना चुनावी नामांकन पत्र दाखिल किया है। इस रैली के दौरान बड़ी संख्या में विधानसभा क्षेत्र के लोगों ने न केवल सहभागिता दर्ज कराई बल्कि पूरे उत्साह के साथ जोश में नजर आए। नीरज दीक्षित ने मीडिया से चर्चा करते हुए कहा कि 2018 में क्षेत्र की जनता का आशीर्वाद मिला था जिसके बाद से लगातार 5 साल काम किया है। एक बार फिर से जनता के बीच अपनों का आशीर्वाद लेने उनका बेटा आया है और निश्चित ही यह चुनाव नीरज दीक्षित या कांग्रेस पार्टी का नहीं बल्कि महाराजपुर क्षेत्र की जनता लड़ रही है। इस मौके पर कांग्रेस के दिग्गज जनपद उपाध्यक्ष विजय चौधरी, पूर्व जनपद अध्यक्ष नत्थू यादव, राजेश महतों, लल्ला महेन्द्र सिंह, गर्रोली से कुं. नाती राजा, गर्रोली महाराज गुच्चू राजा, नौगांव नगरपालिका के पूर्व अध्यक्ष शीलू राजा, गगन यादव, संजय अग्निहोत्री, अरविंद यादव सहित 20 हजार से ज्यादा लोग उपस्थित रहे।

## संकल्प स्कूल द्वारा चलाया गया मतदाता जागरूकता अभियान



**छतरपुर, देशबन्धु।** संकल्प पब्लिक स्कूल एवं स्वदेश शिक्षा प्रसार एवं मानव कल्याण समिति के संयुक्त तत्वाधान में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया जिसमें विद्यालय स्टाफ के साथ ही विद्यालय के छात्रों ने भी सहभागिता निभाते हुए लोगों को मतदान करने के लिए जागरूक किया।

संकल्प ग्रुप ऑफ़ एजूकेशन के संचालक डॉक्टर धर्मेंद्र सक्सेना ने बताया कि मतदान हमारे लोकतंत्र का महापर्व है हम मतदान के द्वारा देश को सशक्त, विकासशील ,संवेदनशील ,राष्ट्र हितैषी एवं जनहित हितैषी सरकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं इसके लिए यह आवश्यक है की प्रत्येक नागरिक प्राथमिकता के आधार पर मतदान में हिस्सा ले।

शासन- प्रशासन मतदान का प्रतिशत बड़े इसके लिए लगातार प्रयास कर रहा हैं परिणामत: मतदान के प्रतिशत में वृद्धि भी हो रही है लेकिन हम देखते हैं कि आज भी बहुत से नागरिक ऐसे है जो कि मतदान में अब भी रुचि नहीं दिखाते ऐसे लोगों को मतदान की महत्व बताते हुए उन्हें मतदान करने का आज संकल्प स्कूल परिवार द्वारा संकल्प दिलाया गया ताकि वे अपने मत का प्रयोग कर प्रदेश को एक लोक कल्याणकारी सरकार देने में सहभागी बने संकल्प किड्स प्ले की प्राचार्य श्रीमती दीपिका सक्सेना में लोगों से कहा कि मतदान का अधिकार हमारी सबसे बड़ी ताकत है और इस ताकत का प्रयोग करते हुए हम देश को एक अच्छी सरकार दें यह हमारा प्रथम दायित्व है जिसका निर्वाहन हम सभी को करना चाहिए।

## नामांकन प्रक्रिया संपन्न



**लवकुशनगर, देशबन्धु।** विधानसभा क्षेत्र 49 चंदला के लिए अभ्यार्थियों के नामांकन की प्रक्रिया 21 अक्टूबर 23 से शुरू की गई थी। आज 30 अक्टूबर 23 दोपहर बाद 3 बजे तक 16 अभ्यर्थियों सहित 20 नामांकन फार्म जमा किए गए। विधानसभा क्षेत्र 49 चंदला के निर्वाचन अधिकारी एसडीएम देवेंद्र चौधरी एवं लवकुशनगर एसडीएम राकेश शुक्ला द्वारा जानकारी देते हुए बताया गया की भारतीय जनता पार्टी, कांग्रेस, समाजवादी पार्टी, बहुजन समाज पार्टी, लोक जनशक्ति, राष्ट्रवादी भारत पार्टी, जन अधिकार पार्टी, आम आदमी पार्टी, राष्ट्रीय जनसंचार दल, अखंड भारत साम्राज्य पार्टी एवं बलि राजा पार्टी एवं निर्दलियों ने फॉर्म भरे कुल 16 अभ्यर्थियों द्वारा 20 फॉर्म जमा किए गए।

देशबन्धु

सागर, मंगलवार 31 अक्टूबर 2023

संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन

## केरल विस्फोटों पर सियासत दुर्भाग्यपूर्ण

केरल के एर्नाकुलम जिले के कलामासेरी में रविवार की सुबह ईसाइयों की एक प्रार्थना सभा में 5 मिनटों के भीतर एक के बाद एक हुए तीन बम विस्फोटों से दो महिलाओं की मौत हो गई है और 50 से ज्यादा घायल हुए हैं। इनमें से कुछ की हालत बहुत गम्भीर बतलाई गई है। इन्हें आईसीयू में रखा गया है। तीन दिवसीय प्रार्थना कार्यक्रम के समापन अवसर पर चर्च के कन्वेंशन सेंटर में करीब दो हजार श्रद्धालु उपस्थित थे जब ये विस्फोट हुए। जिस जगह पर धमाके हुए वह येहोवा विटनेस ईसाई समूह का है। जिसने बम विस्फोटों की जिम्मेदारी लेते हुए त्रिशूर पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण किया है, वह खुद को इसी समुदाय से सम्बद्ध बतलाता है। हालांकि समुदाय ने उससे अपना पल्ला झाड़ लिया है। उस व्यक्ति के अनुसार यह धार्मिक समुदाय लोगों में विद्वेष फैलाता है तथा केरल के लिये हानिकारक है। इससे व्यथित होकर उसने विस्फोट किये।

शनिवार को मल्लपुरम में फिलिस्तीन के समर्थन में निकाली गई एक रैली के दूसरे दिन ये विस्फोट हुए, जिसे हमास के एक नेता खालिद मशेल ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिये सम्बोधित किया था। इसलिये बम विस्फोटों को लेकर अब सियासी रंग देने की कोशिशें प्रारम्भ हो गई हैं। कांग्रेसी नेता शशि थरूर ने लोगों से शांति की अपील की है वहीं इस विस्फोट को लेकर भारतीय जनता पार्टी के प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने कांग्रेस पार्टी को ही घेर लिया है। उन्होंने कहा कि 'कांग्रेस बहुत खतरनाक राजनीति कर रही है।' उन्होंने तंज कसते हुए यह भी कहा कि 'यही मोहब्बत की दूकान का असर है।' त्रिवेदी का कहना था कियह देश की सुरक्षा, संवेदनशीलता व सामाजिक सौहार्द्र तीनों के लिए खतरनाक है। भाजपा की सरकार आने से पहले भारत का कोई भी ऐसा कोना नहीं था जहां धमाके नहीं हो रहे थे। आज सारी चीजें नियंत्रित हुई हैं लेकिन ये (कांग्रेस व विपक्षी दल) इस कीमत पर भी राजनीति करने को तैयार हैं। उनके अनुसार, 'मोहब्बत की दुकान की असली तस्वीर यही है।' साथ ही केरल के भाजपा नेता व पूर्व केंद्रीय मंत्री अल्फोंस केजे का कहना है कि 'स्थिति बेहद गंभीर है। मैं लंबे समय से चेतावनी दे रहा हूं कि केरल में दोनों लेफ्ट और राइट आतंकवाद का समर्थन कर रहे हैं। केरल में यह बहुत लंबे समय से हो रहा है। आज केरल आतंकवाद की चपेट में है। इसे रोकना होगा।'

हालांकि त्रिवेदी यह नहीं बतला सके हैं कि इसका कांग्रेस से क्या सम्बन्ध है। खुद केरल के मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन ने कहा है कि घटना के संबंध में विवरण एकत्र किये जा रहे हैं। विस्फोटों के बाद केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भी विजयन से बात की और राज्य की स्थिति की जानकारी ली। असली बात यह है कि एनआईए और एनएसजी मौके पर पहुंचकर घटना की जांच कर ही रही है तथा उसके बाद भी किसी बात के पुख्ता प्रमाण अभी नहीं है। ऐसे में इसके लिये किसी को दोषी ठहराना अपने आप में गैर जिम्मेदाराना है। इस घटना को लेकर देश के कुछ राज्यों में अलर्ट जारी किया गया है। जाहिर है कि यह बहुत संवेदनशील मुद्दा है। इसे लेकर किसी भी तरह के हल्के या गैर जिम्मेदाराना बयान घातक हो सकते हैं। सभी दलों को चाहिये कि वे न केवल जिम्मेदारी के साथ इस पर बोलें वरन राज्य में शांति और अमन कायम करने की दिशा में भी मिलकर काम करें।

सवाल यह है कि भाजपा नेता क्यों कर इस घटना को लेकर इस तरह का बयान दे रहे हैं? इसका जवाब मौजूदा राजनीतिक परिस्थितियों को देखने पर मिल सकता है। यह विस्फोट ऐसे वक्त पर हुआ है जब देश के 5 राज्यों के विधानसभा चुनाव होने जा रहे हैं और उन सभी में भाजपा की हालत पतली है। कम से कम तीन राज्यों- राजस्थान, मध्यप्रदेश एवं छत्तीसगढ़ में उसका मुकाबला कांग्रेस से है तो वहीं तेलंगाना में उसे पीछे हटाकर सत्तारुढ़ भारत राष्ट्रीय समिति से मुख्य मुकाबले में कांग्रेस ही आ गई है। रहा मिजोरम, तो वहां भी भाजपा की स्थिति सबसे फिसड्डी है। कांग्रेस अपने चुनावी अभियानों में जमीनी मुद्दों को लेकर सामने आई है। उसका फोकस न्याय योजनाओं तथा सशक्तिकरण पर है तो वहीं भाजपा के पास विकास सम्बन्धी कोई मुद्दे नहीं हैं जिसे लेकर वह जनता के सामने जाये। अब भी वह कांग्रेस तथा प्रतिपक्षी दलों पर भ्रष्टाचार के नाम पर केन्द्रीय जांच एजेंसियों के छापे डलवाकर चुनाव जीतना चाहती है। इसके अलावा वह सामाजिक ध्रुवीकरण के ही सहारे टिकी हुई है। चुनावी राज्यों में उसका एजेंडा साम्प्रदायिकता फैलाकर बहुसंख्यक वोटों को अपनी झोली में डालना है। हालांकि जिस प्रकार से इन सभी राज्यों में कांग्रेस की आंधी चल रही है, उससे भाजपा के मुद्दों को जनता की ओर से कोई तवज्जो नहीं मिल रही है।

केरल हमेशा से ही भाजपा की आंखों की किरकिरी बना हुआ है क्योंकि वहां वाम लोकतांत्रिक मोर्चा की सरकार है। 2019 के लोकसभा चुनाव में किसी भी भाजपायी उम्मीदवार को सफलता नहीं मिली थी। इस बार लोकसभा चुनावों के लिये जो संयुक्त विपक्ष बना है उसमें भी मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी व कांग्रेस सहयोगी हैं जिसके कारण भाजपा की इस सर्वाधिक शिक्षित राज्य में पांव जमाने की कोई कोशिश सफल नहीं हो रही है। इसलिये इस बम विस्फोट को सियासी तौर पर भुनाने का कोई मौका भाजपा छोड़ना नहीं चाहती- चाहे ऐसा करना देश के लिये कितना भी खतरनाक क्यों न हो।

# पश्चिम एशिया संकट : दमित फिलिस्तीनी और मुसीबत में



राम पुनियानी

यह अन्याय यदि और गंभीर होता जा रहा है तो इसका कारण है पश्चिमी देशों का इजराइल को अंध-समर्थन। पश्चिम समस्या के मूल में नहीं जाना चाहता। वह नहीं स्वीकार करना चाहता कि समस्या के मूल में है यहूदी विस्तारवाद और फिलिस्तीनियों का दमन। आवश्यकता इस बात की है कि पश्चिम एशिया के संकट के सुलझाव के लिए शांति और न्याय पर आधारित आन्दोलन चलाया जाए।

गत 7 अक्टूबर 2023 को हमास द्वारा इजराइल के कुछ ठिकानों पर हमले और करीब 200 यहूदियों को बंधक बना लिए जाने के बाद से इजराइल फिलिस्तीन पर हमले कर रहा है। दोनों ही हमलों की निष्ठुरता को शब्दों में बयान नहीं किया जा सकता। ऐसे हमलों में सबसे ज्यादा नुकसान हिंसा का शिकार होने वालों का होता है - चाहे वे सैनिक हों या नागरिक। अमेरिका, ब्रिटेन और फ्रांस समेत कई प्रमुख पश्चिमी देशों ने इजराइल के साथ एकजुटता प्रदर्शित की है। यहां तक कि हमास के हमले के कुछ ही घंटों बाद, भारत ने उसका समर्थन कर दिया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को मणिपुर के बारे में मुंह खोलने में कई महीने लग गए और जब वे बोले भी तब भी घुमाफिरा कर। मगर इजराइल के साथ हमदर्दी जताने में उन्होंने ज़रा भी देरी नहीं की। इस मामले में कई स्तंभकार केवल हमास को कठघरे में खड़ा कर रहे हैं और युद्ध की स्थितियां निर्मित करने के लिए उसे ज़िम्मेदार ठहरा रहे हैं। लेकिन साथ ही यह स्वागतयोग्य है कि इंग्लैंड और अमेरिका में इजराइल के खिलाफ कई बड़े प्रदर्शन हुए हैं (हालांकि मीडिया ने उनकी बहुत कम चर्चा की) और कई यहूदियों ने पश्चिम एशिया में इजराइल की नीतियों की आलोचना की है।

जहां तक भारत का सवाल है, पूर्व में इजराइल के मामले में उसकी नीतियां इस मुद्दे पर महात्मा गांधी के विचारों पर आधारित रहीं हैं. गांधीजी ने 1938 में लिखा था, 'फिलिस्तीन उसी तरह से अरब लोगों का है, जिस तरह इंग्लैंड, अंग्रेजों का और फ्रांस, फ्रांसीसियों का है।' उन्होंने यह भी लिखा कि ईसाईयों के हाथों यहूदियों ने प्रताड़ना भोगी है। मगर इसका यह मतलब नहीं है उन्हें मुआवज़ा देने के लिए फिलिस्तीनियों से उनकी ज़मीन छीन ली जाए। यहूदी यूरोप में व्याप्त यहूदी-विरोधवाद के शिकार रहे हैं। यहूदियों के प्रति ईसाईयों के बैरभाव के कई कारणों में से एक यह है कि ऐसा माना जाता है कि ईसा मसीह को सूली पर चढ़ाये जाने के लिए यहूदी ज़िम्मेदार थे। आगे चलकर व्यापारिक होड़ के कारण यह बैर और बढ़ा। यहूदी-विरोधवाद का सबसे क्रूर और सबसे हिंसक पैरोकार था एडोल्फ हिटलर जिसने लाखों यहूदियों को मौत के घाट उतार दिया। अकेले गैस चैम्बरों में 60 लाख यहूदी मारे गए। हिटलर द्वारा यहूदियों को हर तरह से प्रताड़ित किया गया।

यूरोप में यहूदियों को कई तरह के भेदभाव का सामना करना पड़ता था। इसी के नतीजे में ज़ोयनिज्म या यहूदीवाद का जन्म हुआ। थियोडोर हर्ट्सज़ल ने 'द ज्यूइश स्टेट' शीर्षक से एक पुस्तक लिखी और इस मुद्दे पर स्विट्ज़रलैंड के बाल शहर में कुछ यहूदियों की बैठक हुई। ओल्ड टेस्टामेंट के हवाले से उन्होंने घोषणा की कि फिलिस्तीन की भूमि यहूदियों की है। उनका नारा था, 'भूमिविहीन मानवों (यहूदियों) के लिए मानव-विहीन भूमि (फिलिस्तीन)।' जाहिर है कि यह नारा उस भूमि पर 1,000 साल से रह रहे फिलिस्तीनियों के साथ बेरहमी करने का आह्वान था। और ये फिलिस्तीनी केवल मुसलमान नहीं थे। उनमें से 86 फ़ीसदी मुसलमान, 10 फीसदी ईसाई और 4 फीसदी यहूदी थे। बहरहाल एक 'ज्यूइश नेशनल फण्ड' स्थापित किया गया और दुनिया भर से यहूदी फिलिस्तीन आकर वहां ज़मीन खरीदने लगे।

शुरुआत में अधिकांश यहूदी भी यहूदीवाद के खिलाफ थे। जो यहूदी फिलिस्तीन में बसे, उनसे कहा गया कि वे अपनी ज़मीन न तो किसी अरब को किराये पर दें और न किसी अरब को बेचें। उनका इरादा साफ़ था, धीरे-धीरे फिलिस्तीन पर कब्ज़ा जमाते जाओ। यहूदियों की संख्या बढ़ती गई। फिर एक अंतरराष्ट्रीय समझौते के अंतर्गत फिलिस्तीन का शासन इंग्लैंड के हाथ में आ गया और वहां की आतंरिक समस्याएं बढ़ने लगीं। सन् 1917 में इंग्लैंड ने बेलफोर घोषणापत्र जारी कर 'फिलिस्तीन में यहूदी लोगों के लिए गृहराष्ट्र की स्थापना' का समर्थन किया। इस तरह फिलिस्तीन की समस्या की जड़ में ब्रिटिश उपनिवेशवाद है। महान यहूदी लेखक आर्थर केस्लेर ने बेलफोर घोषणापत्र के बारे में लिखा, 'इससे विचित्र दस्तावेज दुनिया ने पहले कभी नहीं देखा था।' अमेरिकी-इजराइली इतिहासवेत्ता मार्टिन क्रेमर के अनुसार, 'यह दस्तावेज संकीर्ण और तरह-तरह के प्रतिबंधों और रोकों पर आधारित राजनैतिक यहूदीवाद की ओर पहला कदम था।' अरब लोगों ने 1936 के बाद से इस घुसपैठ का प्रतिरोध करना शुरू किया परन्तु उसे ब्रिटेन ने कुचल दिया।'

हिटलर द्वारा यहूदियों की प्रताड़ना के चलते द्वितीय विश्वयुद्ध की समाप्ति के बाद, यहूदी और बड़ी संख्या में यहां बसने लगे। यह दिलचस्प है कि यूरोप के देशों और अमेरिका ने यहूदियों को उनके देश में बसने के लिए कभी प्रोत्साहित नहीं किया। कुछ वक्त बाद, फिलिस्तीन को दो हिस्सों में बांट दिया गया- फिलिस्तीन और इजराइल और यह तय हुआ कि येरुशलम और बेथलेहम को अंतरराष्ट्रीय नियंत्रण में रखा जाएगा। ज़मीन का बंटवारा अरब लोगों के हितों के खिलाफ था। लगभग 30 प्रतिशत यहूदियों जो सात प्रतिशत ज़मीन पर रह रहे थे को 55 प्रतिशत ज़मीन दे दी ग। फिलिस्तीनियों को केवल 45 प्रतिशत ज़मीन दी गई और उन्होंने इस निर्णय को अल-नकबा (तबाही) की संज्ञा दी।

इजराइल को अमेरिका और ब्रिटेन का पूरा समर्थन मिला। युद्धों के ज़रिये वह धीरे-धीरे अपने कब्ज़े की ज़मीन का विस्तार करता गया और आज स्थिति यह है कि वह मूल फिलिस्तीन की 80 प्रतिशत से भी ज्यादा ज़मीन पर काबिज़ है। फिलिस्तीनी अपनी ही ज़मीन पर शरणार्थी बन गए हैं और आज 15 लाख फिलिस्तीनी सुविधा-विहीन कैम्पों में रहने पर मजबूर हैं। शुरूआती विस्थापनों में से एक में 14 लाख फिलिस्तीनियों को अपने घरबार छोड़ने पड़े थे। इन्हीं विस्थापितों में से प्रतिरोध की एक नायिका लैला ख़ालिद उभरी थीं। वे 'पॉपुलर फ्रंट फॉर द लिबरेशन ऑफ़ पेलेस्टाइन' के सदस्य थीं। प्रतिरोध के एक अन्य बड़े नायक थे यासेर अराफात, जिन्होंने बीच का रास्ता चुना और फिलिस्तीन को वैश्विक मुद्दा बनाया। समाधान के कई प्रयास असफल हो गए जिनमें ओस्लो समझौता शामिल है। जमीन को बांट कर वहां दो देशों- फिलिस्तीन और इजराइल- की स्थापना का प्रस्ताव इजराइल को मंज़ूर नहीं है। बल्कि इजराइल तो एक तरह से फिलिस्तीन को मान्यता ही नहीं देता। इजराइल की एक प्रधानमंत्री गोल्डा मेयर ने कहा था-'फिलिस्तीन जैसी कोई चीज़ नहीं है।' इजराइल की मूल नीति यही है।

इजराइल लगातार फिलिस्तीन की भूमि पर कब्ज़ा बढ़ाता जा रहा है और इस बारे में संयुक्त राष्ट्रसंघ के कई प्रस्तावों को इजराइल नज़रअंदाज़ करता आ रहा है। अमेरिका इजराइल की यहूदीवादी नीतियों का खुलकर समर्थन करता आ रहा है। और इसके बदले इजराइल पश्चिम एशिया में कच्चे तेल के संसाधनों पर कब्ज़ा ज़माने में अमेरिका की मदद करता रहा है।

दुनिया में शायद ही कोई समुदाय इतना प्रताड़ित हो जितना कि फिलिस्तीनी हैं। वे उनकी ही भूमि पर कुचले जा रहे हैं, उन्हें उनकी ही ज़मीन से बेदखल किया जा रहा है। फिलिस्तीनी ब्रिटिश उपनिवेशवाद और अमेरिका साम्राज्यवाद के शिकार हैं। पिछले कुछ दशकों में संयुक्त राष्ट्रसंघ को बहुत कमज़ोर बना दिया गया है। ऐसे में इन प्रताड़ित लोगों को कौन न्याय देगा? यह दुखद है कि हिटलर ने यहूदियों के साथ जो किया था, वही यहूदी फिलिस्तीनियों के साथ कर रहे हैं।

यह अन्याय यदि और गंभीर होता जा रहा है तो इसका कारण है पश्चिमी देशों का इजराइल को अंध-समर्थन। पश्चिम समस्या के मूल में नहीं जाना चाहता। वह नहीं स्वीकार करना चाहता कि समस्या के मूल में है यहूदी विस्तारवाद और फिलिस्तीनियों का दमन। आवश्यकता इस बात की है कि पश्चिम एशिया के संकट के सुलझाव के लिए शांति और न्याय पर आधारित आन्दोलन चलाया जाए। वर्तमान स्थिति में एक मात्र अच्छी बात यह है कि इजराइल की मनमानी के खिलाफ प्रदर्शनों में बड़ी संख्या में यहूदी भी हिस्सा ले रहे हैं।

**( अंग्रेजी से रूपांतरण अमरीश हरदेनिया )**

# स्वास्थ्य और शिक्षा के क्षेत्र में कड़ी मेहनत का फल

■ **हरिहर स्वरूप**

क्या वह आदमी नहीं हैं'? कहा जाता है कि सोनिया गांधी ने पिछले हफ्ते की शुरुआत में पार्टी की केंद्रीय चुनाव समिति (सीईसी) की बैठक में नाराजगी जताई थी। कमरे में मौत जैसा सन्नाटा था। क्या उनके खिलाफ भ्रष्टाचार के आरोप नहीं हैं?

खबरों के मुताबिक, सोनिया गांधी शांति धारीवाल का जिक्र कर रही थीं, जिनका नाम आगामी राजस्थान विधानसभा चुनाव के टिकट के लिए विचार के लिए आया था। राहुल गांधी ने हस्तक्षेप करते हुए कहा कि उन्होंने भी अपनी भारत जोड़ो यात्रा के दौरान कोटा में धारीवाल के खिलाफ कई शिकायतें सुनी थीं।

जो बात अनकही रह गई वह यह थी कि धारीवाल का नाम कैसे चर्चा में आया। महेश और धर्मेंद्र राठौड़ के साथ, धारीवाल को कांग्रेस के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के आदमी के रूप में देखा जाता है। सितंबर 2002 के संकट में, जब कभी गांधी परिवार के कट्टर वफादार माने जाने वाले गहलोत ने उनकी जगह सचिन पायलट को लाने की पार्टी आलाकमान की योजना को विफल कर दिया, तो तीनों सीएम के साथ खड़े हो गये थे। यह तथ्य कि सीईसी धारीवाल के मामले में बहस कर रही थी, राजस्थान में गहलोत के बढ़ते दबदबे को दर्शाता है। इस बात पर जोर देकर कि उन्हें हटा दिया जाये, आलाकमान उनके कुछ टूटे हुए अधिकार को बहाल करने की कोशिश कर रहा था।

**2018 में कांग्रेस ने बढ़त हासिल की थी और भाजपा को 73सीटें ही मिल पाई थीं। पार्टियों के बीच वोट शेयर का अंतर सिर्फ 1 प्रतिशत से थोड़ा ऊपर था। कुछ ही महीनों के भीतर, भाजपा ने लोकसभा चुनावों में कांग्रेस को मजबूर कर दिया, और राज्य की 25 में से 24 सीटें जीत लीं और एनडीए में उसकी सहयोगी आरएलपी को 1 सीट मिली।**

हालांकि धारीवाल, राठौड़ और जोशी अंतिम सूची में शामिल नहीं हो सकते हैं, लेकिन तथ्य यह है कि विधायकों की बेंचिंग के खिलाफ गहलोत की हठधर्मिता का मतलब है कि कांग्रेस अब तक 200 में से केवल 33 नामों के साथ सामने आई है, जो इस खींचतान को दर्शाता है। सभी हिसाब से बड़ा हिस्सा—और यह महत्वपूर्ण हिस्सा है—अभी भी मुख्यमंत्री द्वारा तय किया जायेगा। गांधी परिवार 2022 में भी या अभी भी कुछ नहीं कर सका।

पिछले सप्ताह की शुरुआत में जब कोई राजस्थान भर में यात्रा कर रहा था, तो यह बार-बार सामने आया। अनेक लोगों ने इस बात पर आश्चर्य व्यक्त किया कि कैसे गहलोत यह कहकर 'बच गये' कि इससे परिवार की 'लाचारी' उजागर हो गई, जैसा कि और कुछ नहीं हो सकता था।

कई लोगों के लिए, यह गहलोत की बढ़ती 'ताकत' का संकेत है- जिसमें कांग्रेस अध्यक्ष पद के लिए खड़े होने की पेशकश को ठुकराना और 2020 में उनकी सरकार को गिराने की भाजपा की योजना को विफल करना भी शामिल है। 'देखो दिल्ली को आंख दिखा दी,' उन लोगों ने कहा।

कई अन्य लोगों ने कहा कि गहलोत ने दिखा दिया है कि वह 'राजनीति के जादूगर' हैं, जो अपने विरोधियों पर बाजी पलटना जानते हैं। जादूगर एक शब्द है जो अक्सर गहलोत के लिए प्रयोग किया जाता है। ध्यान रहे कि उनके पिता सच में जादूगरी करते थे।

एक 'मजबूत नेता' की यह छवि गहलोत को अच्छी स्थिति में रखती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक दबंग, दमदार नेता (निडर, शक्तिशाली नेता) का खाका तैयार कर दिया है। इसलिए, आज राजस्थान में कांग्रेस राहुल गांधी, मल्लिकार्जुन खड़गे और यहां तक कि सचिन पायलट के बारे में नहीं है, बावजूद इसके कि युवाओं के बीच उनकी पकड़ है और कई जिलों में उनका प्रभाव है। राजस्थान में कांग्रेस का मतलब अब गहलोत ही रह गया है। कई लोगों का मानना है कि वह सत्ता विरोधी लहर का सामना कर सकते हैं। यहां तक कि भाजपा के समर्थक भी कहते हैं, 'इन्होंने पार्टी को टक्कर की स्थिति में तो ला ही दिया है'।

सीकर जिले के नहरों की ढाणी गांव के एक जाट किसान कहते हैं: 'आम तौर पर, जब तक चुनाव घोषित होते हैं, हमें पता चल जाता है कि हवा किस तरफ चल रही है। इस बार लड़ाई होने वाली है।'

सीकर शहर में एक भाजपा समर्थक का कहना है, 'कांग्रेस के 70-80 सीटें जीतने की संभावना है।' जयपुर में एक राजनीतिक पर्यवेक्षक कहते हैं, 'इस बात की केवल 10 फीसदी ही संभावना है कि कांग्रेस आसानी से सत्ता से बाहर हो सकती है।'

एक 32 वर्षीय होटल कर्मचारी कहता है कि वह भाजपा को वोट देगा, परन्तु वह भी गहलोत के 'स्वास्थ्य और शिक्षा में अच्छे काम' को स्वीकार करता है। 'लेकिन दूसरी तरफ राष्ट्रवाद है।' मैं राष्ट्रवाद चुनूंगा।

एक रेहड़ी-पटरी वाला जो ठेले पर बेक किया हुआ सामान बेचता है, बड़े खुदरा विक्रेताओं के उदय के लिए मोदी को दोषी ठहराता है। 'हमारे पेट पर लात पड़ी है।' इस बार मैं मोदी को वोट नहीं दूंगा।

पिछले साल की तुलना में यह धारणा बदल गई है कि गहलोत ने कांग्रेस को टिकाया है, जब पार्टी की हार को तय माना जा रहा था। तब कांग्रेसियों ने भी आंतरिक सर्वेक्षणों में पार्टी को 20-25 सीटें मिलने की बात कही थी।

2018 में कांग्रेस ने बढ़त हासिल की थी और भाजपा को 73सीटें ही मिल पाई थीं। पार्टियों के बीच वोट शेयर का अंतर सिर्फ 1 प्रतिशत से थोड़ा ऊपर था। कुछ ही महीनों के भीतर, भाजपा ने लोकसभा चुनावों में कांग्रेस को मजबूर कर दिया, और राज्य की 25 में से 24 सीटें जीत लीं और एनडीए में उसकी सहयोगी आरएलपी को 1 सीट मिली।

## जयंति

## महानायकों का स्मरण दिवस

सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती और इंदिरा गांधी की पुण्यतिथि एक ही दिवस पड़ती वह है -31अक्टूबर। यह दिन देश के दो महानायकों के स्मरण का दिन है। आज़ाद भारत के प्रथम गृहमंत्री सरदार वल्लभभाई पटेल का राष्ट्रीय आंदोलन से लेकर आज़ादी के बाद भी योगदान अविस्मरणीय है। पटेल जी के योगदान और दृढ़ व्यक्तित्व को देखते हुए इन्हें 'भारत का लौह पुरुष' तथा 'भारत के बिस्मार्क' के रूप में भी जाना जाता है। सन् 2018 में, गुजरात में विश्व की सबसे ऊंची मूर्ति 'स्टेच्यू ऑफ़ यूनिटी' पटेल जी को समर्पित की गई है जो कि देश की एकता में उनके योगदान को इंगित करती है। वहीं इंदिरा गांधी ने बचपन में पिता जवाहरलाल और मां कमला नेहरू के धरना आंदोलन से प्रभावित होकर वानर सेना बनाई जो अंग्रेज अफसरों और सैनिकों को परेशान करती थी और आज़ाद भारत के नारे लगाती थी। आज़ादी के बाद उन्होंने पिता के साथ राजनीति का ज्ञान हासिल किया। विदेश नीति को समझा। उनका यह ज्ञान जब वे भारत की प्रधानमंत्री बनीं तब काम आया। उनका सबसे बड़ा अवदान उनकी विदेश नीति थी। उससे तब दुनिया देखकर चौंकी जब देश की पूर्वी सीमा से पाकिस्तान की नाओं को खदेड़ कर एक नए राष्ट्र बांग्लादेश बनाया। एक कुशल योद्धा की तरह वे अपने इरादे में विजयी रहीं और हमारी पूर्वी सीमा सुरक्षित हुई। इंदिरा जी की समझाइश के बाद ही कश्मीर एक पूर्ण राज्य बना। पहले शेख अब्दुल्ला प्रधानमंत्री कहलाते थे उन्होंने वहां मुख्यमंत्री बनाने का सिलसिला शुरू किया। तिरंगा फहराया।

गृहमंत्री पटेल ने जहां आज़ाद भारत में फैली 362से ज्यादा रियासतों को भारत का हिस्सा बनाया वहीं इंदिरा गांधी ने सिक्किम जैसे स्वतंत्र राष्ट्र को बिना लड़े समझौता करके भारत के एक राज्य में परिणत किया जिससे हमारी उत्तर की सीमा भी सुरक्षित हुई। तभी से उन्हें लौह महिला (आयरन लेडी) जैसे नाम से देश और विदेश के पत्रकार लेखकों ने नवाज़ा था। जबकि सरदार पटेल को सरदार नाम, बारडोली सत्याग्रह के बाद मिला, जब बारडोली कस्बे में सशक्त सत्याग्रह करने के लिए उन्हें पहले बारडोली का सरदार कहा गया। बाद में सरदार उनके नाम के साथ ही जुड़ गया। खेड़ा और बारडोली में सत्याग्रह की बदौलत अंग्रेजों से मिली जीत से उन्हें पहले महिलाओं ने लौह पुरुष कहा बाद में महात्मा गांधी ने भी उस नाम से उन्हें सम्बोधित किया।

आजकल सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती पर एकता दिवस मनाया जाता है। भारत की राजनीति में यह दिन दो मायनों में बेहद अहम है। पहला 31 अक्टूबर को सरदार पटेल की जयंती पड़ती है तो दूसरा इसी दिन पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की हत्या कर दी गई थी जिसे बलिदान दिवस के रूप में भारत सरकार मनाती रही अब सिर्फ कांग्रेस पार्टी ही उनकी पुण्यतिथि को बलिदान दिवस के रूप में मनाती है। विदित हो श्रीमती इंदिरा गांधी ने पंजाब को खालिस्तान ना बनने देने के लिए स्वर्ण मंदिर में फ़ौज भेजकर खालिस्तान बनाने वालों को परास्त किया था। बाद में स्वर्ण मंदिर में सेना भेजकर अपवित्र करने की सजा उनके ही सिख अंगरक्षकों ने उन्हें गोलियों से छलनी कर दिया था। बाद में राजीव गांधी ने इस गलती की क्षमा मांगी और तब से पंजाब शांत है। उनके बलिदान से पंजाब हमारा है और सदा रहेगा।

**-सुसंस्कृति परिहार**

## आपके पत्र

## राजस्थान में जातिगत जटिलताओं के बीच विधानसभा चुनाव में कामयाबी पाने की कोशिश

राजस्थान की राजनीति में जाति की अहम भूमिका है। जाट, माली, ब्राह्मण व अन्य समुदाय को साधने के लिए भाजपा और कांग्रेस ने कोई कसर नही छोड़ी है। राजस्थान इस बार विधानसभा में भाजपा ने राजपूत समाज को टिकट ज्यादा दिया है। कांग्रेस ने भाजपा से कम राजपूत समुदाय को टिकट आवंटित किया है। राजस्थान में इस बार किसी भी समुदाय को नाराज करने का कोई पार्टी जोखिम उठाने के लिए तैयार नहीं है। राजस्थान में गुर्जरों का हिस्सा सात प्रतिशत है। राजस्थान में दो सौ में से वे आधा दर्जन विधानसभा सीटों पर वे फैसला पलटने की ताकत रखते हैं। राजपूत समाज का प्रतिनिधित्व करने वाली पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे को दूसरी सूची में टिकट मिला। राजस्थान में विकास की नींव रखने वाली राजे को टिकट में लेटलतीफी के चलते सियासी गलियारों में चर्चा का विषय बना था। राजस्थान में कस्बाई और ग्रामीण मतदाताओं पर ध्यान ज्यादा है। दो सौ विधानसभा सीटों पर भाजपा के विस्तारकों की सीधी मुलाकात और मतदाताओं की समस्याओं को जानने दरवाजे पर दस्तक दी गई थी। भाजपा की परिवर्तन यात्रा से आम आदमी से जुड़ने का मौका मिला था। सत्ता विरोधी लहर की आशंका में कांग्रेस अनेक योजनाओं की घोषणा कर मतदाताओं को रिझाने की कोशिश की गई है। पिछले दिनों राजस्थान में जाट सम्मेलन में जाट सीएम की मांग उठी। राजस्थान में जाट समुदाय के मुख्यमंत्री बनने का मुद्दा प्रमुखता से छाया रहा था। राजपूत समाज से कोई मुख्यमंत्री बनाया जाता है तो जाट समाज को कोई आपत्ति नहीं है। ओबोसी आरक्षण 21 से 27 फीसदी बढ़ाने की मांग की गई और आगामी दिनों 20 नबम्बर को दिल्ली में जाट महाअधिवेशन बुलाने का फैसला किया था। राजस्थान में दोनों पार्टियों ने बड़े समुदाय को टिकट देकर साधने की कोशिश की है। कांग्रेस न जा राजपुत ब्राह्मण दलित और एसटी को टिकट दिया है। अब इस बार की सूची घोषित करनी बाकी है। कांग्रेस ने 20 फीसदी टिकट जाट समाज को तो भाजपा ने 17 फीसदी जाट समुदाय के उम्मीदवारों को मैदान के उतारा है। वैश्य और ब्राह्मण पर भाजपा का बड़ा दाव खेला है। आगामी दिनों में विधानसभा चुनाव होना है। दो लिस्ट में भाजपा 10 प्रतिशत राजपूत तो कांग्रेस ने पांच प्रतिशत टिकट दिए हैं। पार्टी के फोकस के आधार पर शासन के सर्वश्रेष्ठ हित में समुदाय विशेष का आवंटन ही प्रत्याशी को जीत की और अग्रसर करती है।

**कांतिलाल मांडोत, सूरत**

## 20 उम्मीदवार महाराजपुर विधानसभा में अंतिम दिन, भरे 15 फॉर्म

# सपा के दौलत तिवारी के साथ जुटी भीड़ कांग्रेस ने भी किया शक्ति प्रदर्शन

**नौगांव/छतरपुर, देशबन्धु।** महाराजपुर विधानसभा में नामांकन के अंतिम दिन 15 फॉर्म डले ओर अभी कुल 20 उम्मीदवार महाराजपुर विधानसभा से चुनावी मैदान में हालांकि अभी कुछ फार्म वापिसी होगे तब यह तय होगा। कुल कितने उम्मीदवार इसबार अपनी किस्मत आजमाने के लिये मैदान में होगे। भाजपा के बाद सपा और कांग्रेस के उम्मीदवारों ने भी शक्ति प्रदर्शन कर अपने समर्थको के साथ तहसील चौराहे पर पहुंचकर नामांकन दाखिल किया। हालांकि यह दोनों पार्टियों का दूसरा नामांकन था।



इनके भरे फॉर्म भाजपा से कामाख्या के बाद सपा से दौलत तिवारी , कांग्रेस से नीरज दीक्षित के साथ सचिन चौरसिया निर्दलीय, धीरेन्द्र नायक भाजपा, महेश कुशवाहा बीएसपी, गायत्री पटेल आमआदमी पार्टी, परशु राम पाल आजाद समाज, पुष्पेन्द्र निर्दलीय, लेखराम पटेल निर्दलीय, गिरजा कुशवाहा जन अधिकार पार्टी , पुरषोत्तम इंडिवन पुब्लिस अधिकार पार्टी, रामपाल निर्दलीय, सुनील कुमार भाजपा, संतोषी निर्दलीय, हसन खान मालवा कांग्रेस, नृपत निर्दलीय, पंकज अहिरवार वास्तविक भापत पार्टी, राकेश प्रजापति और एक अन्य उम्मीदवार महाराजपुर विधानसभा से अभी उम्मीदवार है हालांकि 2 नवम्बर को फॉर्म वापसी की अंतिम तारीख है उसके बाद यह तय होगा कुल कितने उम्मीदवार चुनाव के मैदान में महाराजपुर विधानसभा में होगे।

**सपा के बाद कांग्रेस ने दिखाई ताकत :** भाजपा के प्रत्याशी के द्वारा अपने समर्थको ओर कार्यकर्ताओ के साथ नामांकन पर्चा भरा था इसमें वह भाजपाई शामिल थे जो कामाख्या को टिकट मिलने से नाराजगी जता रहे थे इसके बाद सपा ने सोमवार को अपना नामांकन दाखिल किया और दौलत तिवारी नौगांव के चर्चित व्यक्ति होने के साथ कई समय तक कांग्रेस में विभिन्न पदो पर रहकर अब कांग्रेस से नाराज होकर सपा से चुनाव लड़ रहे है हालांकि यह कितने वोट हासिल कर सकते है यह तो मतदाता ही तय करेगा। लेकिन नामांकन पर्चा दाखिल करने के लिये बहुत कम समय में इनके साथ महिला पुरूष और युवाओ की बड़ी संख्या में भीड़ दिखाई दी जो कांग्रेस और भाजपा को सोचने पर मजबूर कर रही है वैसे तो इस रैली में साईकिल निशान के साथ लोकल का उम्मीदवार होना और बाजार में स्वागत होने के साथ लोगो का रैली में जुडऩा नजर आया। तहसील चौराहे पहुंचते पहुंचते इस रैली में सैकड़ो लोग शामिल हो गये और एक बात खास थी इस रैली में कांग्रेस के युवा चेहरा शमिल थे जो साईकिल का गमछा और टोपी पहने नजर आये।

कांग्रेस उम्मीदवार ने भी यह दिखाया हम भी किसी से कम नहीं और हायर सेकेडरी स्कूल ग्राउंड में ग्रामीण क्षेत्रों से भीड़ इकट्ठा की गयी हालांकि लोकल के कांग्रेस कार्यकर्ता भी इनके साथ नजर आये। इन्होने भी रैली निकालकर अपने समर्थको के साथ तहसील पहुंचकर नामांकन दाखिल किया।

**चौकस रही पुलिस व्यवस्था :** विदित हो कि विधायक ओर नपा उपाध्यक्ष के बीच नगर पालिका चुनाव को लेकर मनमुटाव हो चुका है और इसलिये प्रशासन ने भी दोनो पर्चे भरने के पहले व्यवस्था दुरस्त एसडीओपी चंचलेश मरकाम , थाना प्रभारी सतीश सिंह के साथ पैरामिलिट्री के जवान न केवल रैलियों में साथ चले बल्कि तहसील चौराहे पर भी चौकस नजर आये और पर्चा दाखिल करने के लिये जैसे ही उम्मीदवार तहसील में दाखि हुये तुरंत भीड़ को हटा दिया गया।

# पुलिस ने 3 जुआ के फड़ पर मारा छापा, जुआरी गिरफ्तार

**नौगांव/छतरपुर, देशबन्धु।** आचार संहिता लगने के साथ पुलिस ने पेट्रोलियम बढ़ा दी जिससे विधानसभा चुनाव शांति पूर्ण ढंग से सम्पन्न हो सके। थाना प्रभारी सतीश सिंह ने जानकारी देते हुये बताया कि वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर पुलिस ने रात्रि गस्ती के दौरान तीन अलग अलग स्थानों पर दबिश देकर हार जीत का दांव लगा रहे जुआरियों को गिरफतार किया। जिसमें चौबारा रोड पर बनी गौशाला के समीप खुले मैदान में , उमरईया मंदिर के पास मुड़वारा रोड पर, भड़ार नदी के समीप लोग ताश के पत्ते से हार जीत का दांव लगा रहे थे सूचना मिलने पर तीन अलग अलग टीम बनायी गयी और राहगीरों ओर मुखबिर के बताये गये स्थानों पर दबिश दी। जिसमें गौशाला के पास संदीप राजपूत पिता महिपाल उम्र 22 साल निवासी नौगांव ,आयुष सक्सेना पिता अखिलेश उम्र 19 साल निवासी नौगांव , शिव प्रताप परमार पिता महपाल उम्र 22 निवासी साहू मोहल्ला गल्ला मंडी नौगांव एवं उमरईया मंदिर के पास महिपत राजपूत पिता स्व.गोरेलाल उम्र 52 निवासी नैगुंवा, राजकुमार अनुरागी पिता मोहनलाल निवासी बिलहरी, गोल्डी उर्फ चैनू साहू पिता स्व. कामता प्रसाद 26 साल निवासी बिलहरी, भड़ार नदी के पास सुधीर यादव पिता स्व, हरी सिंह 42 साल निवासी नौगांव , मनीष साहू पिता स्व. सुदामा उम्र 30 निवासी नौगांव, नरेन्द्र यादव पिता सदानन उम्र 46 साल निवासी मुड़वारा, राजेन्द्र यादव पिता दशरथ उम्र 32 साल निवासी मुड़वारा पुलिस ने आरोपियो के साथ ताश के अलग अलग तीन गडिडयो के 52 पत्ते सहित नकदी जप्त कर धारा 13 जुआ एक्ट के तहत मामला दर्ज किया। कार्यवाही के दौरान उपनिरीक्षक राजकुमार यादव, प्रधान आरक्षक अरविन्द्र शर्मा, प्रमोद शर्मा, रामराज, आरक्षक जीतेन्द्र , हरेन्द्र, आदित्य, मुकेश शामिल रहे।

# महालक्ष्मी मंदिर में आयोजित किया गया दशहरा मिलन समारोह



### ◆ अग्रवाल समाज ने किया बुजुर्गों और प्रतिभाओं का सम्मान

**छतरपुर, देशबन्धु।** सरानी दरवाजा बाहर स्थित सिद्धपीठ श्री महालक्ष्मी मंदिर में सोमवार को अग्रवाल समाज के दशहरा मिलन के साथ पुरस्कार वितरण एवं सम्मान समारोह आयोजित किया गया। समारोह में सत्र 2022-23 के मेधावी छात्र-छात्राओं के प्रोत्साहन हेतु पुरस्कार, प्रतियोगी परीक्षाओं में सफल युवाओं का सम्मान, समाज के वरिष्ठजनों का सम्मान और जरूरतमंदों को आर्थिक सहायता प्रदान की गई। समारोह में अग्रसेन जयंती समारोह के अवसर पर आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को भी पुरस्कृत किया गया।

**नए काम करें ताकि सामाजिक परिवर्तन होता दिखे- प्रभात :** जिला अध्यक्ष प्रभात अग्रवाल ने समारोह को सम्बोधित करते हुए कहा कि इस बार जिले में छोटे- बड़े गांव-कस्बे में हर जगह अग्रसेन जयंती मनाई गई। उन्होंने सामाजिक एकता पर जोर देते हुए कहा कि जब समाज की निर्वाचित कार्यकारिणी काम कर रही है तब समानांतर संगठन खड़ा करना उचित नहीं है। उन्होंने समाज की गृह निर्माण समिति से अग्रवाल समाज की कालोनी बनाने को कहा जिसमे अग्रसेन भवन भी बने। जिलाध्यक्ष ने शिक्षा प्रसार समिति से समाज के स्कूल के उन्नयन के लिए काम करने पर जोर दिया। समारोह में अतिथि के तौर पर प्रेमबाबू अग्रवाल, पीडी अग्रवाल, रिटायर्ड आरआई जगदीश अग्रवाल, चंद्र कुमार अग्रवाल और समाज के जिलाध्यक्ष प्रभात अग्रवाल उपस्थित रहे।

**मेधावी छात्र-छात्राओं का सम्मान :** प्रो. आरएल अग्रवाल स्मृति पुरस्कार में सीबीएसई बोर्ड 12वीं में आदर्श पुत्र हरीशंकर अग्रवाल को 97.8 प्रतिशत और एमपी बोर्ड 12वीं में राज पुत्र जयप्रकाश अग्रवाल को 86.2 प्रतिशत अंक हासिल करने पर दिया गया। कमल अग्रवाल स्मृति पुरस्कार सीबीएसई बोर्ड 10वीं में एकाग्रता पुत्री निरंजन अग्रवाल को 96 प्रतिशत तथा 10वीं एमपी बोर्ड में शिवम पुत्र अनिल अग्रवाल को 94 प्रतिशत अंक प्राप्त करने पर प्रदान किया गया। इन्द्रा देवी पत्नी रमेश चंद्र अग्रवाल कपड़ा वाले स्मृति सम्मान से आईसीएससी बोर्ड से 10वीं में 85. 67 प्रतिशत अंक के साथ अव्वल आने पर शौर्य पुत्र संजय अग्रवाल को सम्मानित किया गया। पूर्व लॉयनेस केविनेट सेक्रेटरी राजकुमारी अग्रवाल की स्मृति में महाराजा कॉलेज के रिटायर्ड प्राध्यापक प्रो. एससी अग्रवाल द्वारा नीट परीक्षा क्वालीफाई कर एमबीबीएस में चयन होने पर अंशी पुत्री सुषमा शरद अग्रवाल को 5100 रुपए की राशि और शाल, श्रीफल तथा सम्मान पत्र से सम्मानित किया गया।

**वरिष्ठों का सम्मान :** वरिष्ठजन सम्मान से राजाराम अग्रवाल पारवा वाले, लखन लाल अग्रवाल दरगुवा वाले, रामप्रसाद अग्रवाल जटाशंकर पैलेस, जगदीश अग्रवाल रिटायर्ड आरआई और श्रीमती गौरा बाई अग्रवाल ईशानगर को अलंकृत किया गया। सामाजिक कार्य में सक्रियता के लिए अति विशिष्ट सम्मान से बद्री प्रसाद अग्रवाल बारदाना वाले का सम्मान किया गया।

**अग्र गौरव सम्मान :** प्रतियोगी परीक्षाओं में सफल होने वाली समाज की प्रतिभाओं को अग्र गौरव सम्मान से सम्मानित किया गया। इनमे खुशी अग्रवाल पुत्री वंदना मनोज अग्रवाल का नीट परीक्षा क्वालीफाई कर एमबीबीएस में चयन होने पर, शिल्पी अग्रवाल पुत्री पुष्पा संतोष अग्रवाल को नीट पीजी में स्त्री एवम प्रसूति रोग विशेषज्ञ के रूप में क्वालीफाई करने पर, पूर्वी अग्रवाल पुत्री नीतू सौरभ अग्रवाल को नेट बाल मे स्तरीय प्रतियोगिता में प्रतिभागी होने पर, निकिता अग्रवाल पुत्री गीता अरुण अग्रवाल का रक्षा मंत्रालय में अतिरिक्त सेक्शन ऑफिसर के पद पर चयन होने पर, संस्कृति अग्रवाल पुत्री रचना सतीश अग्रवाल का क्लैट में सिलेक्शन होने पर, यश अग्रवाल पुत्र शैलजा भागीरथ अग्रवाल ग्राम पहरा तथा यश अग्रवाल पुत्र मनोज अग्रवाल तेल वाले का सीए परीक्षा उत्तीर्ण करने पर सम्मान किया गया।

# पेट्रोल पंप संचालक से डकैती करने वाले 5 आरोपियों को 10-10 साल का कारावास

**छतरपुर, देशबन्धु।** सरेराह पेट्रोल पंप संचालक से डकैती करने के मामले में प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश बिजावर के न्यायालय के अतिरिक्त न्यायाधीश रूपेश कुमार गुप्ता ने 05 आरोपीगण को 10-10 वर्ष का सश्रम कारावास एवं अर्थदण्ड से दण्डित किया है

अभियोजन कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार फरियादी अभिषेक अग्रवाल ने थाना बिजावर में उपस्थित होकर एक लिखित शिकायती आवेदन पत्र इस आशय का प्रस्तुत किया कि दिनांक 29.11.19 को रात्रि 08-15 बजे वह रोजाना की तरह अपने जटाशंकर पेट्रोल पम्प चक्कर की सड़क बिजावर से 1,92,500/-रूपये अपनी स्कूटी की डिग्गी में एक एलकोस लिखे हुए थैले में रखे था, लेकर अपने घर तरफ जा रहा था, जैसे ही वह चक्कर की सड़क पर अतीक मिस्त्री के डिब्बा के सामने पहुंचा तभी बाईक पर दो लोग बैठे हुए आये और उसकी स्कूटी के सामने उन्होंने अपनी बाईक लगा दी, तब मैं खड़ा हो गया और तभी एक व्यक्ति और पैदल बगल से आ गया और उसने कट्टा की बट से मेरे सिर में कई बार मारा तथा एक व्यक्ति जो बाईक पर था उसने भी अपने कट्टा से बट तरफ से मेरे सिर में ताबड़तोड़ चोटें मारी और एक व्यक्ति बोला कि रूपया निकाल तो मैं घबरा गया और उसने मेरी स्कूटी की चाबी लेकर स्कूटी की डिग्गी से मय थैला के 1,92,500/-रूपये छीन लिये तथा मेरी कमर से लायसेंसी पिस्टल 32 बोर की जिसमें तीन कारतूस लगे थे, को एक बदमाश ने छीन लिया। मैं काफी भयभीत हो गया और चिल्लाया तो सामने से उसके बड़े भाई आशीष अग्रवाल व राकेश सिंह जो बाईक से आ रहे थे, उन्हें देखकर तीनों बदमाश अपनी बाईक से बहुत तेजी से कट्टा लहराते हुए दहशत फैलाते हुए भाग गये। फरियादी की उक्त रिपोर्ट के आधार पर थाना बिजावर में आरोपीगण के विरूद्ध अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। आवश्यक विवेचना उपरांत अभियोग पत्र मान0 न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुये जिला स्तरीय समिति द्वारा मामले को चिन्हित जघन्य सनसनीखेज अपराध की श्रेणी में रखा गया।

अभियोजन की ओर से एडीपीओ/अपर लोक अभियोजक, अजय प्रताप सिंह बुन्देला ने पैरवी करते हुये मामले के सभी सबूत एवं गवाह कोर्ट में पेश किये, विचारण उपरांत प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश बिजावर के न्यायालय के अतिरिक्त न्यायाधीश रूपेश कुमार गुप्ता, बिजावर द्वारा आरोपीगण अखिलेश राजपूत, मनप्यारे राजपूत, नईम उर्फ नहू, राशिद उर्फ छोटू एवं अरबाज उर्फ जैकस्पेरो को भा.दं.वि. की धारा 395 सहपठित धारा 397 के आरोप में 10-10 वर्ष का सश्रम कारावास एवं 5000-5000 रूपये अर्थदण्ड से दण्डित किया गया है।

## लापरवाहीपूर्वक टैक्सी चलाने वाले को 2 साल की कैद

**छतरपुर, देशबन्धु।** लापरवाही पूर्वक टैक्सी चलाने के मामले में न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी महेन्द्र सिंह रावत, छतरपुर के न्यायालय ने आरोपी को दो वर्ष के सश्रम कारावास एवं अर्थदण्ड से दण्डित किया है।

अभियोजन कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार विनीता दुबे अपनी बच्ची कु0 चंचल उम्र 2 वर्ष को साथ लेकर समूह की किस्त जमा करने जा रही थी जैसी ही गोविंद सिंह के मकान के सामने ठाकुर चौराहे पर पहुंची उसी समय वहां टैक्सी चालक सझले राजा उर्फ बाबूराजा ठाकुर 22 वर्ष नि0 नारायणपुरा ने टैक्सी एमपी 16 आर 1651 को बडी तेज रफ्तार व लापरवाही से गाड़ी चला कर टक्कर मार दी जिससे विनीता गिर गई एवं दो साल की बच्ची चंचल टैक्सी के पहिए की चपेट में आ गई जिससे उसकी मृत्यु हो गई। विनीता को भी शरीर में कई जगह चोटे आई थी। संपूर्ण विवेचना उपरांत आरोपी के विरूद्ध अभिययोग पत्र न्यायालय में पेश किया गया।

अभियोजन की ओर से एडीपीओ श्रीमति ज्योति शर्मा ने पैरवी करते हुये मामले के सभी सबूत एवं गबाह कोर्ट में पेश किये, विचारण उपरांत न्यायिक मजिस्टेऊट प्रथम श्रेणी महेन्द्र सिंह रावत, छतरपुर द्वारा आरोपी बाबूराजा बुन्देला उर्फ मझले को भा.दं.वि. की धारा 304ए मे दो वर्ष के सश्रम कारावास एवं 500 रूपये अर्थदण्ड से दण्डित किया गया है।

# नौकरी दिलाने के नाम पर महिला के साथ ठगी



### ◆ छात्रावास अधीक्षक पर रसोइया ने लगाए आरोप

**चंदला, देशबन्धु।** कस्बे में विमुक्ति जाति कल्याण विभाग द्वारा संचालित शासकीय माध्यमिक छात्रावास में रसोईया के पद पर काम कर रही महिला के साथ अधीक्षक के द्वारा ठगी का मामला सामने आया है। छात्रावास में रसोईया के पद पर कार्यरत रामकुमारी पति राम सनेही अनुरागी निवासी चंदला वार्ड नंबर 9 ने छात्रावास के अधीक्षक जगदीश सिंह पर आरोप लगाए हैं कि अधीक्षक द्वारा महिला से करीब 10 वर्षों से लगातार ठगी की जा रही है। महिला ने बताया कि करीब 10 वर्षों से वह छात्रावास में बच्चों के लिए भोजन बनाती है जिसका पैसा शासन द्वारा उसके खाते में दिया जाता है।

मगर छात्रावास के अधीक्षक श्री सिंह के द्वारा यह कहकर महिला के साथ ठगी की जाती रही है कि वह उसे परमानेंट कर देंगे महिला ने बताया की उसे मिलने वाली राशि में से एक तिहाई हिस्सा पांच हजार रूपए अधीक्षक द्वारा ले लिया जाता रहा है। ढाई हजार रूपए में वह अपने घर का खर्च चलाती थी। वहीं महिला ने आरोप लगाते हुए कहा है कि उसे 15 अगस्त 23 को यह कहकर आश्रम से बाहर कर दिया गया की वह कोरी है और यहां पढऩे वाले बच्चे कोरियों का छुआ खाना खाने से मना करते हैं। पिछले तीन-चार महीने से महिला को आश्वासन दिया जा रहा था कि वह उसे दोबारा भर्ती कर लेंगे मगर अब महिला को अधीक्षक द्वारा साफ मना कर दिया गया है कि हमारे यहां कोई जगह नहीं है और न ही हम यहां आपको भर्ती कर पाएंगे।

महिला हाथों में कागज लिए न्याय की गुहार लगाती कार्यालयों के चक्कर काट रही है। वहीं जब पूरे मामले को लेकर आश्रम के अधीक्षक श्री सिंह से बात की गई तो वह सवालों के जवाब देने से बचते नजर आए। उन्होंने यह कहकर साफ मना कर दिया कि इस मामले में हम कुछ नहीं बोलेंगे।

### दिग्विजय ने किया दावा

## राजस्थान की तर्ज में मध्यप्रदेश में भी पड़ेंगे छापे

**भोपाल, देशबन्धु।** वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने ने दावा किया कि राजस्थान की तरह मध्यप्रदेश में भी अगले 4 दिनों में केंद्रीय एजेंसियां छापेमारी करेंगी।



भोपाल दक्षिण-पश्चिम विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रतयाशी पीसी शर्मा के चुनाव कार्यालय का उद्घाटन करने के बाद मीडिया से चर्चा करते हुए श्री सिंह ने कहा, एक तरफ वे भाजपा अधिकारियों को डरा रहे हैं, दूसरी तरफ, वे राजस्थान की तरह मध्य प्रदेश में भी छापेमारी करने जा रहे हैं. अगर ऐसा हुआ तो आपको पता चल जाएगा कि दिग्विजय सिंह को सारी जानकारी कहां से मिलती है। श्री सिंह ने यह भी कहा, अगले चार दिनों में इसे स्वयं देख लें। उल्लेखनीय है कि सप्ताह की शुरुआत में, प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने राज्य में पेपर लीक मामले में मनी लॉन्ड्रिंग जांच के तहत राजस्थान कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा और महुआ विधानसभा सीट से कांग्रेस उम्मीदवार ओमप्रकाश हुडला के परिसरों पर छापेमारी की थी. इसके अलावा सीएम अशोक गहलोत के बेटे और राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष वैभव गहलोत को विदेशी मुद्रा अधिनियम के उल्लंघन के मामले में सोमवार को पूछताछ के लिए ईडी ने तलब किया है।

### मंदिर को लेकर भाजपा ने किया सवाल

# कांग्रेस बताए उसे राम से आपत्ति है या मंदिर से



**भोपाल, देशबन्धु।** भारतीय जनता पार्टी ने आज एक बार फिर राम मंदिर मुद्दे को लेकर कांग्रेस से सवाल किया। पार्टी के राज्यसभा सासंद एवं राष्ट्रीय प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि कांग्रेस को यह इस्पष्ट करना चाहिए कि उसे राम से आपत्ति या मंदिर से। श्री त्रिवेदी ने आज यहां मीडिया से बातचीत में कहा कि जब हम यह कहते थे कि राम मंदिर बनाएंगे तो कांग्रेस कहती थी तारीख नहीं बताएंगे और उसने इस मुद्दे पर जमीन-आसमान एक कर रखा था। आज जब मंदिर बन रहा है तो इनके मन में होली जल रही है और उसकी आग ठंडी नहीं पड़ पा रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के लोग बाबरी मस्जिद को शहीदी बता रहे हैं। ये सीधे तौर पर अदालत की अवमानना है।

श्री त्रिवेदी ने कहा कि कार्यसेवकों को अयोध्या जाने से रोकने के लिए इन्होंने दीवार बना दी थी। इतना ही नहीं इन्होंने मध्यप्रदेश की पटवा सरकार भी बर्खास्त करवा दी थी। कांग्रेस ने राम मंदिर को राजनीति के तराजू में लाभ हानि पर तोला है। जबकि भाजपा के लिए राम मंदिर आस्था का विषय है। ये हम से तारीख पूछते थे लीजिए आ गई तारीख।

श्री त्रिवेदी ने कहा कि कांग्रेस में खामखां का इफ्तार होता था, न तो उसमें रोजा रखने वाले होते थे और न इफ्तार करने वाले। कांग्रेस के चुनावी मुद्दे पर श्री त्रिवेदी ने कहा के चेहरे फितरत बदल रहे हैं। मुद्दा तो सिर्फ एक है प्रदेश का विकास है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी खतरनाक राजनीति कर रही है। मोहब्बत की दुकान की असली तस्वीर नफरत है। जातिगत गणना जुड़े सवाल पर भाजपा प्रवक्ता ने कहा कि कांग्रेस पहले बताए उन्होंने जातिगत गणना रोकी क्यों थी।

## मन की बात सुनी

इससे पहले भारतीय जनता पार्टी के स्टेट मीडिया सेंटर में सुबह 11 बजे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम को सुना गया। उत्तरप्रदेश के उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, राष्ट्रीय प्रवक्ता व सांसद सुधांशु त्रिवेदी, राष्ट्रीय सह मीडिया प्रभारी संजय मयूख, राष्ट्रीय प्रवक्ता के.के शर्मा, प्रेम शुक्ला, राकेश त्रिपाठी, प्रदेश मीडिया प्रभारी आशीष अग्रवाल सहित मीडिया टीम ने इस कार्यक्रम को सुना।

### महंगाई के मुद्दे पर कांग्रेस ने भाजपा को घेरा, कहा-

# ढाई गुना बढ़ी आवश्यक वस्तुओं की कीमतें, सरकार को नहीं चिंता



भोपाल, देशबन्धु। कांग्रेस ने दैनिक उपयोग में आने वाली वस्तुओं की कीमतों में वृद्धि को लेकर भाजपा सरकार को घेरा है। पार्टी की राष्ट्रीय प्रवक्ता डॉ.रागिनी नायक ने आज यहां प्याज के मूल्य में हुई वृद्धि का उल्लेख करते हुए कहा कि इससे आमजन परेशान है। वहीं किसानों को उचित मूल्य तक नहीं मिल रहा है। शाजापुर में प्याज 2 रुपए किलो खरीदी गई है और शहरों में 80-90 रुपए किलो तक इसे बेचा जा रहा है। उन्होंने एक वर्ष में आटा से लेकर सब्जी तक दैनिक उपयोग में आने वाली वस्तुओं की कीमत कई गुना बढ़ी है लेकिन भाजपा सरकार को कोई चिंता नहीं है।

डॉ. नायक ने कहा कि कुछ समय पहले 250 रुपये तक टमाटर पहुंच गया था और अब प्याज का मूल्य 80-90 रुपये प्रति किलोग्राम हो गया है। एक तरफ मुख्यमंत्री बहन-बेटियों को लाड़ली कहते हैं और दूसरी तरफ महंगाई की मार सह रही बहनों का मजाक बनाते हैं। मंडियों, ठेलों-दुकानों पर आमजन को सब्जी महंगी मिल रही है और किसान हाथ मल रहे हैं।


कांग्रेस नेत्री ने कहा कि पिछले वर्ष ही प्याज कीमतों ने किसानों को रुलाया क्योंकि बिक्री के बाद खेती की लागत तो दूर किसानों का परिवहन का खर्च तक नहीं निकला। उन्होंने बताया कि शाजापुर मंडी में तो किसानों से प्याज केवल दो रुपये में खरीदा गया। लहसुन थोक में एक प्रति किलोग्राम तक खरीदा गया। पेट्रोल-डीजल, रसोई गैस सिलेंडर, आटा, दूध, घी, पनीर, से लेकर प्रतिदिन उपयोग में आने वाली सामग्री महंगी हो गई हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि उचित मूल्य की राशन दुकानों पर निम्न गुणवत्ता का गेहूं-चावल देकर घोटला किया जा रहा है। कांग्रेस की सरकार बनने पर कोई घोटालेबाज नहीं बचेगा और कार्रवाई होगी।

## साहू ने नगर अध्यक्ष पद से दिया इस्तीफा

**भोपाल, देशबन्धु।** भारतीय जनता पार्टी के जबलपुर नगर अध्यक्ष प्रभात साहू ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। पिछले दिनों केन्द्रीय मंत्री भूपेन्द्र यादव की मौजूदगी में पार्टी के संभागीय दफ्तर में तोड़फोड़ के मामले में श्री साहू के खिलाफ आलाकमान से की गई शिकायत पर वे क्षुब्ध हैं। उनका कहना है कि जिन्होंने हंगामा किया उन्हें बुलाया आश्वासन दिया गया इससे मैं आहत हूं। श्री साहू ने पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा को अपना इस्तीफा भेजने के बाद पत्रकारों से बातचीत में यह जानकारी दी।उन्होंने दुखी मन से कहा, 1980 से पार्टी से जुड़ा रहा.बहुत सारे अनुभव मिले है.43 साल के सफर में बहुत से उतार-चढ़ाव देखे। पार्टी अध्यक्ष पद संभाला था,तब भी कुछ लोगों ने मेरे खिलाफ माहौल बनाने की कोशिश की। श्री साहू ने कहा कि 21 अक्टूबर को पार्टी के संभागीय कार्यालय में हुई विरोध की घटना का आरोप मेरे ऊपर लगा.21 अक्टूबर को प्रदर्शन करने वालों को हमारे केंद्रीय नेतृत्व अमित शाह से मिलवाया गया।

# पर्यावरण विभाग की अनुमति के बगैर धड़ल्ले से संचालित हो रहीं स्टोन क्रेसर





◆अखण्ड यादव

**बल्देवगढ़, देशबन्धु।** क्षेत्र अंतर्गत अहार से टीकमगढ़ रोड पर संचालित मेसर्स डिवाइन मिनरल्स स्टोन क्रेशर परसुवा और जय काली मां चामुंडा स्टोन क्रेशर ग्राम परसुवा के पास सिया से पर्यावर्णीय अनुमति नहीं होने के बाद भी खनिज विभाग के अधिकारियों की मिली भगत से क्रेशर संचालक द्वारा खदानों का संचालन किया जा रहा हैं। दरअसल पर्यावरण विभाग द्वारा क्रेशर संचालन के लिए जिले की पत्थर खदानों पर प्रतिबंध लग गया है। संचालक खनिज तथा खनिकर्म भोपाल के आदेश के पालन में पत्थर खदानों को बंद करने एवं क्रेशर, पत्थर की खदानों से निकलने वाली गिट्टी और रॉयल्टी को अस्थाई रूप से बंद करने का आदेश टीकमगढ़ कलेक्टर ने दिया है। कलेक्टर ने अपने आदेश में सख्त निर्देश देते हुए कहा था कि उक्त खदानें एवं रॉयल्टी तब तक बंद रखी जाएं, जब तक कि एमपी सिया बोर्ड भोपाल से खदान संचालन की परमिशन न मिल जाए। लेकिन मेसर्स डिवाडन मिनरल्स स्टोन क्रेशर परसुवा और जय काली मां चामुंडा स्टोन क्रेशर ग्राम परसुवा स्टोन क्रेशर संचालक द्वारा इन सभी आदेशों को हवा में उड़ाकर पत्थर खदानों से पत्थर निकालकर स्टोन क्रेशर का संचालन धड़ल्ले से किया जा रहा है। यह सब जानकारी जिला खनिज अधिकारी को होने के बाद भी में. डिवाडन मिनरल्स स्टोन क्रेशर और जय काली मां चामुंडा स्टोन क्रेशर ग्राम के खदान संचालकों पर कार्रवाई करने से कतरा रहे हैं। क्रेशर संचालकों पर कार्रवाई नहीं होने से शासन को प्रतिदिन लाखों रुपए का चुनाव लगाया जा रहा है। ग्रामीण का आरोप हैं कि सिया से पर्यवर्णीय अनुमति मिलने के प्रोसेस में घोटाला हुआ था। इस कारण एनजीटी ने एक आदेश जारी कर सिया से अनुमति प्राप्त होने तक इनके संचालन पर रोक लगा दी है और सिया से अनुमति अनिवार्य कर दी है। इसी को ध्यान में रखकर कलेक्टर ने भी आदेश जारी किए हैं। लेकिन डिवाडन मिनरल्स स्टोन क्रेशर परसुवा और जय काली मां चामुंडा स्टोन क्रेशर ग्राम परसुवा में पत्थर माफिया रात में चोरी से अवैध उत्खनन कर रहा है। पूरे क्षेत्र में ये हालात है। ग्रामीणों का कहना है कि इन खदानों में बहुत ज्यादा गहराई हो चुकी है। रात के अंधेरे में पत्थर का उत्खनन करना खतरा मोल लेने जैसा है। इन खदानों में कभी भी कोई अप्रिय घटना घटित हे सकती है।



## कलेक्टर के आदेश की भी अनदेखी कर रहे संचालक, शासन को प्रतिदिन लाखों की चपत

## रॉयल्टी बंद होने के बाद भी गिट्टी का परिवहन

उल्लेखनीय है कि विगत दिनों पहले टीकमगढ़ कलेक्टर ने क्रेशर, पत्थर की खदानों से निकलने वाली गिट्टी और रॉयल्टी को अस्थाई रूप से बंद करने का आदेश जारी किया था। रॉयल्टी बंद होने के बावजूद भी मेंसर्स डिवाडन मिनरल्स स्टोन क्रेशर परसुवा और जय काली मां चामुंडा स्टोन क्रेशर के संचालक द्वारा पूरे क्षेत्र में गिट्टी सप्लाई की जा रही है। अब विचारणीय प्रश्न है कि जब रॉयल्टी मिल ही नहीं रही है तो खनिज विभाग राजस्व विभाग और पुलिस विभाग इन पर कार्यवाही क्यों नहीं कर रहे हैं।

# अधिकारी चुनाव में ड्यूटी का बना रहे बहाना, मालपीथा पंचायत में किया जा रहा गड़बड़झाला



**टीकमगढ़, देशबन्धु।** परकूलेशन टैंक निर्माण कार्य में भ्रष्टाचार का मामला सामने आया है। ग्रामीणों द्वारा बताया गया है कि जनपद पंचायत जतारा अंतर्गत ग्राम पंचायत मालपीथा में परकूलेशन टैंक निर्माण कार्य में भ्रष्टाचार किया जा रहा है। मास्टर रोल में मजदूरों को दर्शाकर सारा काम मशीनों से कराया जा रहा है। उक्त जानकारी मिलने पर जब पत्रकारों की टीम मौके पर पहुंची तो देखा कि निर्माण स्थल पर मशीनों के निशान दिखाई दे रहे हैं और कागजों में लेबर चल रही है जबकि मौके पर कोई लेबर नहीं दिखाई दी। मालपीथा में दो परकूलेशन टैंक निर्माण कार्य चल रहे हैं। ग्राम के मोटे का हार में चल रहे कार्य की लागत 4 लाख 89 हजार 568 रुपए हैं। इसके साथ ही अंजनी माता मंदिर के सामने परकूलेशन टैंक निर्माण कार्य की लागत 4 लाख 90 हजार 148 रुपए है। इस मामले में इंजीनियर राजेन्द्र कोरी से बात की तो उन्होने चुनाव में ड्यूटी होने का बहाना बनाया। इस मामले में परियोजना अधिकारी मनरेगा रचना तिवारी से बात की तो उन्होने जांच की बात तो कही लेकिन उनके द्वारा चुनाव में ड्यूटी का बहाना बनाया गया। आपको बता दें कि इसके पूर्व भी ग्राम पंचायत मालपीथा में निर्माण कार्य को लेकर भृष्टाचार के आरोप लग चुके हैं, लेकिन अधिकारियो की मेहरबानी से कोई भी कार्यवाही नहीं हुई। अब इसका क्या कारण है इसका अंदाजा लगाया जा सकता है। अब देखना यह होगा कि ख़बर प्रकाशित करने के बाद क्या कार्यवाही होती है या फिर हमेशा की तरह मामला ठंडे बस्ते में डाल दिया जायेगा।

## सपा से नामांकन भरने के बाद फिर भाजपा में लौटे भक्ति तिवारी

**टीकमगढ़, देशबन्धु।** विधानसभा चुनाव में नामांकन दाखिल करने के आखिरी दिन समाजवादी पार्टी के खरगापुर से घोषित प्रत्याशी भक्ति तिवारी ने केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के सामने बीजेपी की सदस्यता ले ली। भक्ति तिवारी और उनकी पत्नी टीकमगढ़ जिला पंचायत के अलग-अलग वार्डों से सदस्य हैं। श्री तिवारी ने सिंधिया के साथ कांग्रेस छोड़कर बीजेपी की सदस्यता ली थी लेकिन एक महीने पहले ही उन्होंने भोपाल में फिर कांग्रेस का दामन थाम लिया था। खरगापुर सीट से टिकट नहीं मिलने पर श्री तिवारी सपा में शामिल हो गए। समाजवादी पार्टी ने भी उन्हें खरगापुर सीट से उमा भारती के भतीजे और शिवराज कैबिनेट में राज्य मंत्री राहुल सिंह लोधी के खिलाफ उम्मीदवार घोषित कर दिया था।

# टीकमगढ़ विधानसभा से 29, खरगापुर से 25 तथा जतारा से लगभग 24 नामांकन फार्म जमा





**टीकमगढ़, देशबन्धु।** विधानसभा चुनाव के नामांकन फार्म दाखिले के अंतिम दिन सोमवार तक टीकमगढ़ विधानसभा से तकरीबन 29 नामांकन फार्म जमा किए जा चुके हैं। इसके साथ ही खरगापुर विधानसभा से 25 नामांकन तथा जतारा विधानसभा से लगभग 24 नामांकन फार्म जमा किए गए हैं। टीकमगढ़ विधानसभा से नामांकन के अंतिम दिन सोमवार को प्रमुख रुप से कांग्रेस प्रत्याशी यादवेंद्र सिंह बुंदेला और भाजपा से इस्तीफा दे चुके पूर्व विधायक केके श्रीवास्तव ने निर्दलीय फार्म भरा। इसके अलावा पर्चा दाखिल करने के लिए 80 साल की उम्र में पूर्व मंत्री अखंड प्रताप सिंह यादव ने कलेक्ट्रेट में दौड़ लगा दी। वे आम आदमी पार्टी से नामांकन दाखिल करने पहुंचे थे। जिला निर्वाचन कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार टीकमगढ़ विधानसभा में भाजपा प्रत्याशी राकेश गिरी गोस्वामी, कांग्रेस प्रत्याशी यादवेंद्र सिंह बुंदेला ने नामांकन फार्म जमा किया है। इसके अलावा सोमवार को भाजपा से बागी पूर्व विधायक केके श्रीवास्तव ने निर्दलीय, जन अधिकार पार्टी से आनंद कुशवाहा ने नामांकन फार्म दाखिल किया है। जतारा विधानसभा से भाजपा प्रत्याशी हरिशंकर खटीक, कांग्रेस प्रत्याशी किरण अहिरवार, आम आदमी पार्टी प्रत्याशी अनीता खटीक, प्रभु दयाल खटीक, सपा से आरआर बंसल के अलावा सोनल प्रजापति ने नामांकन फार्म दाखिल किया है। कांग्रेस प्रत्याशी किरण अहिरवार ने तीन अलग-अलग नामांकन फार्म जमा किए हैं। खरगापुर विधानसभा से भाजपा प्रत्याशी राहुल सिंह लोधी, कांग्रेस प्रत्याशी चंदा सिंह गौर, सपा से श्यामरतन तिवारी, बहुजन समाज पार्टी से शिखा जैन, आम आदमी पार्टी से प्यारेलाल सोनी ने पर्चा दाखिल किया है। इसके अलावा कांग्रेस प्रत्याशी चंदा सिंह गौर के पति सुरेंद्र सिंह गौर और अजय सिंह यादव ने निर्दलीय फॉर्म जमा किया है।

## जर्मनी में आयोजित कॉन्फ्रेंसों में शामिल होंगे युवा वैज्ञानिक प्रखर



**पलेरा, देशबन्धु।** शासकीय मॉडल स्कूल पलेरा के छात्र और एयरो एक्स स्पेस टेक्नोलॉजी के माध्यम से बच्चों में खगोल शास्त्र और अंतरिक्ष विज्ञान के क्षेत्र में रुचि उजागर करने वाले प्रखर विश्वकर्मा को स्पेस एक्सपो जर्मनी द्वारा एक नई सूचना जारी की गई है। उनको जर्मनी में कुल पांच कॉन्फ्रेंस में शामिल होने का आमंत्रण मिला है। जिसमे विभिन्न देशों से सीईओ, बिज़नेस ऑफिसर, स्पेस इंजिनियर, वैज्ञानिक शामिल होंगे। प्रखर के साथ चर्चा करने वालीं कम्पनियो में लॉरी स्कॉट (न्यूको टेक्नोलॉजी), लुईसा लेरॉय (मैजिक टेक्नो), शारोन एलीयूटरी (आरजीएम स्पेस), जैस्मीन जोज (एडयाह एयरोस्पेस), एलेजेंड्रो (जीटीडी) आदि शामिल हैं। इस कॉन्फ्रेंस व मीटिंग में उनके द्वारा महत्वपूर्ण चर्चा होगी और उनके मिशनों के संबंध में बातचीत होगी। प्रखर जर्मनी में दो दिन इवेंट में भाग लेंगे। प्रखर ने बताया कि यहां एग्जीबिशन ए मीटिंग, कॉन्फ्रेंस में शामिल होने का जो अवसर मुझे दिया गया है ये मेरे लिए सौभाग्य की बात है। उन्होंने कहा कि इससे उनकी मिसाइल परीक्षण की राह भी आसान हो जाएगी। प्रखर ने कहा कि ऐसे कार्यक्रमों में सहभागिता करने से हमें बहुत कुछ नया सीखने को मिलता है। इसके साथ ही हमारी भविष्य की राहें भी आसान हो जाती हैं।

# बस स्टैंड पर कपड़ों में लिपटा मिला बुजुर्ग का शव



**दिगौड़ा, देशबन्धु।** थाना क्षेत्र अंतर्गत नगर के बस स्टैंड पर सोमवार की सुबह करीब 11 बजे 80 वर्षीय बुजुर्ग का शव कपड़ों में लिपटा हुआ पाया गया। स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। पुलिस थाना से एएसआई कल्याण सिंह, प्रधान आरक्षक अजय शुक्ला व अमरप्रताप सिंह ने मौके पर पहुंच कर शव की पहचान के लिए स्थानीय लोगों से पूछताछ करने पर शव गंगाराम उर्फ हलकाईं बाल्मीक उम्र करीब 80 साल निवासी दिगौड़ा हाल निवासी टीकमगढ़ का पाया गया। पुलिस ने मृतक बुजुर्ग के समाज के लोगों से उनके परिजनों की जानकारी प्राप्त कर उनको घटना की सूचना दी। टीकमगढ़ से मृतक के परिजन बस स्टैंड पर आए और पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई कर बुजुर्ग के शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया। मृतक के परिजनों ने पुलिस को बताया कि उनकी उम्र अधिक हो चुकी थी। वह घर पर नहीं रुकते थे। उनकी मौत स्वभाविक हुई है। हम लोग कोई कार्रवाई नहीं चाहते हैं। स्थानीय लोगों ने बताया कि बुजुर्ग कुछ दिनों से बस स्टैंड पर रहते थे। दिन में दुकानों से खाने पीने का सामान लेकर पेट भर लेते थे और रात हो जाने पर बस स्टैंड पर ही सो जाते थे। सुबह 7 बजे तक वह स्वस्थ थे। लोगों ने करीब 11 बजे देखा तो उनकी मौत हो चुकी थी, जिसकी सूचना उन्होंने पुलिस को दी थी।

### दोपहर 12 बजे खोला जा रहा बर्माडांग का हाईस्कूल

# छात्रों ने सोशल मीडिया पर अपलोड किया वीडियो, मनमर्जी से आते हैं शिक्षक






**टीकमगढ़, देशबन्धु।** जिले के बर्माडांग संकुल केन्द्र में बर्माडांग का हाईस्कूल जिम्मेदारों द्वारा दोपहर 12 बजे तक खोला जा रहा है, जिसका विरोध स्कूल में पढ़ने वाले छात्रों द्वारा किया जा रहा है। छात्रों ने बर्माडांग के हाईस्कूल के खुलने का वीडियो सोशल मीडिया पर अपलोड किया है और प्रशासन व वरिष्ठ अधिकारियों से जिम्मेदारों पर कार्यवाही करने की मांग की गई है। बर्माडांग हाईस्कूल के छात्रों ने सोशल मीडिया पर वीडियो अपलोड कर बताया है कि हाईस्कूल बर्माडांग में छात्र समय से स्कूल में पहुंच जाते हैं लेकिन जिम्मेदार शिक्षक समय पर नहीं पहुंच रहे हैं। सोमवार को यह हाईस्कूल जिम्मेदारों द्वारा दोपहर 12 बजे खोला गया। छात्र बढ़ी देर तक स्कूल के बाहर बैठकर स्कूल के खुलने का इंतजार करते हैं। छात्रों ने बताया कि स्कूल में कुछ शिक्षक तो समय पर आते हैं लेकिन दो शिक्षक अपनी मनमर्जी से स्कूल में आते हैं और कक्षाओं में पढ़ाने तक नहीं जाते हैं। स्कूल समय से नहीं खुलने के कारण स्कूल में पढ़ने वाले छात्रों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। छात्रों ने प्रशासन से गुहार लगाई है कि बर्माडांग हाईस्कूल को समय से खुलवाया जाए। स्कूल में पदस्थ सभी शिक्षक प्रतिदिन समय पर आकर अपनी अपनी कक्षाओं में जाकर छात्रों को पढ़ाएं, जिससे पढ़ने वाले छात्रों की पढ़ाई खराब न हो।

# नाबालिग बालिका से दुष्कर्म के आरोपी को 20 वर्ष का सश्रम कारावास

**टीकमगढ़, देशबन्धु।** शासन की ओर से पैरवी कर रहीं विशेष लोक अभियोजक नर्मदांजलि दुबे द्वारा घटनाक्रम के बारे में जानकारी देते हुये बताया गया है कि टीकमगढ़ के माननीय विशेष न्यायाधीश (पॉक्सो एक्ट) श्री ए.पी.एस. चौहान की न्यायालय में विचाराधीन एक मामले में विशेष न्यायाधीश द्वारा नाबालिग बालिका से बलात्संग के आरोप में दोषसिद्धी का निर्णय पारित करते हुए थाना मोहनगढ़ अंतर्गत ग्राम बिदारी निवासी 27 वर्षीय अभियुक्त राजेन्द्र अहिरवार तनय दिलीप अहिरवार को धारा 363 भादवि में 03 वर्ष कठोर कारावास व एक हजार रूपये अर्थदण्ड, धारा 366 भादवि में 05 वर्ष कठोर कारावास व दो हजार रूपये अर्थदण्ड तथा धारा 5 (एल)/6 पॉक्सो एक्ट में 20 वर्ष कठोर कारावास व 5 हजार रूपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया। उक्त मामला थाना देहात का होकर इस प्रकार था कि दिनांक 15/10/2018 को फरियादी अभियोक्त्री के पिता ने पुलिस थाना देहात जिला टीकमगढ़ में आकर इस आशय रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसकी लड़की/अभियोक्त्री उम्र 16 वर्ष रोजाना की तरह घर से टीकमगढ़ कम्प्यूटर सीखने को जाती थी, जो दिनांक 12/10/2018 को सुबह 9 बजे घर से टीकमगढ़ कम्प्यूटर सीखने की कहकर गयी थी, जो घर वापिस नहीं आयी। तब उसने लड़की को आस.पास एवं रिश्तेदारियों में तलाश किया लेकिन अभियोक्त्री का कहीं पता नहीं चला। उसे शंका है कि संदेही राजेन्द्र अहिरवार निवासी बिंदारी का उसकी लड़की को बहला फुसलाकर भगा ले गया है। फरियादी की उक्त रिपोर्ट के आधार पर पुलिस थाना में गुमइंसान सूचना लेख की जाकर गुमशुदा व्यक्ति का पंजीकरण कर भादंसं की धारा 363 के अपराध में प्रथम सूचना रिपोर्ट लेख की गयी। अनुसंधान के दौरान अभियोक्त्री को दस्तयाब कर उसका चिकित्सीय परीक्षण कराया गया। अभियोक्त्री द्वारा अपने कथनों में यह बताये जाने पर कि वह अपनी मौसी के यहां शादी में गयी थी। जहां उसकी जान पहचान अभियुक्त राजेन्द्र अहिरवार से हो गयी थी। दिनांक 12/10/2018 को राजेन्द्र अहिरवार ने अभियोक्त्री को फोन कर मोहनगढ़ तिगैला बुलाया और उसे धमकी देकर झांसी ले गया एवं उसके बाद दिल्ली परवल ले गया और वहां उसके साथ कई बार बुरा काम किया जिससे वह गर्भवती हो गयी। उसके बाद दिनांक 04/08/2019 को अस्पताल में उसे एक बच्ची पैदा हुई। अभियोक्त्री ने यह भी बताया कि दिनांक 14/08/2019 को राजेंद्र ने उसकी मारपीट की जिससे उसे चोट आयी। अभियोक्त्री द्वारा बताये गये तथ्यों के आधार पर प्रकरण में धारा 376 भादंसं एवं 5/6 लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम 2012 का इजाफा किया गया। अभियुक्त को गिरफ्तार कर उसका चिकित्सीय परीक्षण कराया गया। अभियोक्त्री, उसकी पुत्री एवं अभियुक्त का रक्त नमूना डीएनए परीक्षण हेतु एफएसएल भेजा गया। अनुसंधान पूर्ण होने के पश्चात् अभियुक्त के विरूद्ध विचारण हेतु चालान न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। विचारण के दौरान अभियोजन के द्वारा कुल 11 अभियोजन साक्षीगण को परीक्षित कराया गया एवं कुल 29 दस्तावेजों को साक्ष्य के तौर पर प्रस्तुत किया गया। अभिलेख पर अभियोजन द्वारा प्रस्तुत की गई मौखिक, दस्तावेजी, वैज्ञानिक साक्ष्य, धनात्मक डीएनए रिपोर्ट तथा अंतिम तर्क के आधार पर माननीय विशेष न्यायाधीश ने आरोपी राजेन्द्र अहिरवार को आरोपित अपराध में दोषी मानते हुए सजायाबी का निर्णय सुनाया।

## 105 लीटर महुआ की अवैध शराब सहित आरोपी गिरफ्तार

**टीकमगढ़, देशबन्धु।** पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी द्वारा अवैध शराब, जुआ, सट्टा, अवैध हथियार, अवैध मादक पदार्थ एवं गुंडा बदमाशों के विरुद्ध कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया है। इसी तारतम्य में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सीताराम सासत्या, एसडीओपी जतारा अभिषेक गौतम के मार्गदर्शन में थाना लिधौरा पुलिस को दिनांक 29/10/23 को जरिये मुखविर की सूचना प्राप्त हुई कि थाना लिधौरा अंतर्गत मांझ का मोहल्ला लिधौरा में हल्के उर्फ बृजगोपाल लोधी अवैध देशी शराब बेच रहा है। मुखबिर की सूचना की तस्दीक हेतु मुखबिर के बताये स्थान पर रेड कार्यवाही करने पर पुलिस को देखकर एक व्यक्ति भागने लगा, जिसे घेराबंदी कर पकड़ कर नाम पता पूछने पर उसने अपना नाम हल्के उर्फबृजगोपाल पिता हीरालाल लोधी उम्र 45 साल निवासी मांझ का मोहल्ला लिधौरा थाना लिधौरा का होना बताया। आरोपी के कब्जे से सात प्लास्टिक के डिब्बो से कच्ची महुआ की अवैध शराब कुल मात्रा 105 लीटर कीमती 10 हजार 500 रुपये की जप्त कर आरोपी को गिरफ्तार कर आरोपी के विरूद्ध अपराध क्रमांक 271/23 धारा 34 (2) आवकारी एक्ट के अंतर्गत कार्यवाही की गई। आरोपी हल्के उर्फबृजगोपाल के विरूद्ध पूर्व से भी तीन अवैध शराब बैंचने से संबंधित प्रकरण दर्ज है। उपरोक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी लिधौरा निरीक्षक अशोक पाटीदार, उप निरीक्षक रघुराज सिंह, प्रधान आरक्षक 280 राघवेन्द्र, 206 मनीष, 228 अनुराग, आरक्षक 495 केके दांगी, 622 अंकुल, 725 सुनील, आरक्षक चालक 389 बृजप्रताप, एनआरएस बलवान यादव का सराहनीय योगदान रहा।

विशाल रैली के साथ पहुंचे कार्यकर्ता

# अजय टंडन ने समर्थकों के साथ पहुंचकर भरा नामांकन



दमोह देशबन्धु। जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान में जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रतनचंद जैन के आव्हान पर दमोह 55 से कांग्रेस प्रत्याशी अजय कुमार टंडन ने अपने हजारो सर्मथको के साथ जिला कांग्रेस कार्यालय से हजारो व्यक्तियों के साथ विशाल रैली निकालते हुए झंडा बैनरो के साथ पारंपरिक शेर नृत्य ग्वाल नृत्य ढ़ोल धमाको के साथ पदयात्रा करते हुए बस स्टेण्ड से घंटाघर पर गांधी प्रतिमा पर एवं अंबेडकर चौक पर बाबा साहब की प्रतिमा पर पुष्पहार करते हुए विधायक अजय टंडन ने ताल ठोकते हुए अपने प्रतिद्वन्दियों को चुनाव लड़ने की चुनौती दी। रैली कोपराटिव्ह बैंक चौराहे से नवजागृति स्कूल पहुंची। इस दरम्यान लोगो ने फूलमालाओ से फूल बरसाकर रैली का जगह जगह स्वागत किया विशेषकर चारो प्रत्याशियों दमोह से अजय टंडन उनके प्रस्तावक मनु मिश्रा, जबेरा से प्रताप सिंह, पथरिया से राव बृजेन्द्र सिंह, हटा से प्रदीप खटीक के वाहन पर बैठा शेर आर्कषण का केन्द्र रहा। तत्पश्चात् समस्त कांग्रेसजनों के साथ विधायक अजय टंडन ने अपना नामांकन तहसील कार्यालय में जमा इस अवसर पर रंजीता गौरव पटेल, तेजीराम रोहित, सतीश जैन, संजय चौरसिया, सुषमा विक्रम सिंह, राजेश तिवारी, कोमल अहिरवार, बेलु त्रिवेदी, निधि श्रीवास्तव, मानक पटेल, मनीषा दुबे, रूद्रप्रताप सिंह, लक्ष्मण सींग, वीरेन्द्र राजपूत, भूपेन्द्र आजवानी, नितिन मिश्रा, प्रफुल्ल श्रीवास्तव, शुभम तिवारी, शिवम राय, राशु चौहान, आशीष पटेल, अजय सरवरिया, अनिल जैन, अजय जाटव सहित जिले के समस्त मंडलम सेक्टर कांग्रेसजनों एवं आमजन की उपस्थिति रहीं।

## पवई विधानसभा से 20, पन्ना से 19 और गुनौर से 18 अभ्यार्थीयों ने जमा किए नामांकन





### नामांकन भरने वालों की आखिरी दिन लगी रही भीड़

पन्ना, देशबन्धु। विधानसभा चुनाव के नामांकन जमा करने की प्रक्रिया विगत 21 अक्टूबर से चल रही है, जिसकी अतिंम तारीख 30 अक्टूबर थी। 30 अक्टूबर को भारी संख्या में अभ्यार्थियो ने नामांकन जमा किये है। जिसमें पवई से 20 अभ्यार्थियों ने नामांकन जमा किये। प्रहलाद लोधी भाजपा, मुकेश नायक कांग्रेस के अलावा प्रहलाद प्रजापति, विजय कुमार सोनी, आशीष कुमार, आनन्द कुमार, शानदार सिंह, हेमन्त बुन्देला, भगावानदास, रामपाल सिंह, राम मूर्ती चौरसिया, प्रहलाद कुमार, रजनी यादव, आशीष, भरत लाल, प्रहलाद चौरसिया, हीरालाल, वीरेन्द्र पटेल, विक्रमादित्य सिंह तथा भुवन विक्रम ने पवई विधानसभा 58 से अपने अपने नामांकन जमा किये गयें है। इसी प्रकार पन्ना विधानसभा से उन्नीस तथा पवई से अठारह अभ्यार्थियों ने नामांकन जमा किये है।

## पथरिया पुलिस अलर्ट मोड में, एसएसटी टीम ने डेढ़ लाख से अधिक की नगदी की जप्त



दमोह देशबन्धु। विधानसभा चुनाव 2023 के मद्देनजर पुलिस अधीक्षक दमोह के निर्देशन मे अति. पुलिस अधीक्षक व एसडीओपी पथरिया के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी पथरिया व स्टाफद्वारा पथरिया - गढ़ाकोटा चौक पोस्ट पर लगी टीम के साथ वाहन चैकिंग कार्यवाही की गई। एक व्यक्ति गजेन्द्र सिंह ठाकुर निवासी सिंगारचौरी जिला सागर मोटरसाइकिल पर एक बैंग रखे संदेहास्पद स्थिति मे पाया गया जो पथरिया से गढ़ाकोटा तरफजा रहा था । जिसकी तलाशी पर बैंग मे 174660 /- रूपये नगद बरामद किये गये, पैसो के संबंध मे बिल / दस्तावेज पूछने पर कोई संतोषजनक जवाव नही दे पाया, जो गजेन्द्र सिंह के कब्जे से 174660 /- रुपये नगद एसएसटी टीम द्वारा जप्त किये गये। सराहनीय कार्य करने वाले अधिकारी/कर्मचारी निरी रजनी शुक्ला, सउनि मुफीस खान, प्र.आर. संदीप, आर. मनीष, राजकुमार पटेल, मोहन साहू मौजूद रहें।

## जानें स्ट्रोक के संकेत, कारणों एवं रोकथाम के उपाय बताए

दमोह देशबन्धु। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सरोजनी जेम्स बेक ने स्ट्रोक के बढ़ते जोखिमो की रोकथाम के लिए स्ट्रोक के संकेतो एवं कारणों को समझने तथा खान-पान और जीवनशैली में जरूरी बदलाव लाने के संबंध मे एडवाईजरी जारी की है उन्होंने बताया कि मस्तिष्क के एक खास हिस्से तक ब्लड सप्लाई में समस्या होने पर स्ट्रोक का खतरा रहता है। इस वजह से मस्तिष्क का जो हिस्सा बंद होता है। इस बीमारी के लक्षण उसी पर निर्भर करते है। इससे शरीर मे कई तरह की समस्या होने लगती है। यदि इन चेतावनी को शुरूआत में ही समझ लिया जाये तो इससे ना केवल जान बच सकती है बल्कि बीमारी का इलाज भी संभव हो पाता है। हाईब्लडप्रेशर, डाईबिटीज, कोलेस्ट्राल का कंट्रोल न होना, दिल की बीमारी, शराब सिगरेट और गुटखा, के अत्यधिक सेवन स्ट्रोक के सामान्य कारण हैं। उन्होंने बताया अगर हंसते वक्त कोई व्यक्ति बेचैन सा दिखने लगे अथवा चेहरे के एक तरफ झुकाव महसूस हो या चेहरे का कुछ हिस्सा सुन्न हो जाए, यह स्ट्रोक का खतरा हो सकता है। किसी व्यक्ति को दोनों हाथ उठाने के बाद उसके हाथ सुन्न या कमजोर महसूस हों या फिर हाथों के बीच तालमेल का बिगड़ना और नीचे की तरफआ जाना स्ट्रोक का संकेत है। किसी व्यक्ति को बोलने में परेशानी हो रही है या फिर वह किसी भी शब्द का उच्चारण नहीं कर पा रहा तो यह समस्या स्ट्रोक से जुड़ी हो सकती है। किसी व्यक्ति में इस तरह के संकेत दिखाई दे तो शीघ्र ही चिकित्सक से संपर्क करें।

## परिवार में बच्चों के पालन में भेदभाव न करें



दमोह देशबन्धु। समाज में अगर कुपोषण की स्थिति है तो बच्चों में कम वजन, पोषक तत्वों की कमी और रक्त अल्पता जैसी कमियां सामने आती है, जिसे दूर करने के लगातार प्रयास जारी है, परिवारों को भी चाहिए कि बच्चों में भेदभाव न करें। वर्ल्ड हेल्थ ऑर्गनाइजेशन भी समय-समय पर सहयोग और गाइड लाइन जारी करता है। बेटियों के सम्मान बढ़ाने विषय पर पीजी कॉलेज आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुये सहायक प्राध्यापक एनपी कुमार ने कहा कई बार पारिवारिक बाधाएं भी सामने आते है, जो स्वास्थ्य परिणामों को जन्म देते है, इसके लिए पूर्व कल्पित पूर्वाग्रह और रूढ़ियां भी जिम्मेदार होती है। राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण के अनुसार पांच वर्ष से कम उम्र के कम वजन, कमजोर और अविकसित बच्चों की संख्या अभी भी ज्यादा है। पोष्टिक भोजन की उपलब्धता कई कारकों से भिन्न हो सकती है, परंतु आंगनबाड़ी, मातृ वंदना जैसी योजनाओं से लाभ हुआ है। महिलाओं में एनीमिया के मामले भी सामने आते है, इससे कार्य क्षमता कम होती है। इससे प्रसव के दौरान बच्चे में खून की कमी, बच्चे के प्रारंभिक वर्षों में पोषक तत्वों की कमी, बीमारी इत्यादि समस्या होती है। सहायक प्राध्यापक पुरुषोत्तम प्रजापति ने भी छात्रों को बताया कि चाय, कॉफी ज्यादा न लें, स्वस्थ नींद लें, आस पास सफाई रखें। सरकार द्वारा पूरक आहार स्वास्थ्य शिक्षा, टीकाकरण, स्वास्थ्य जांच किया जा रहा है। पोषण अभियान की शुरुआत होने से स्थिति में सुधार होगा, जागरूकता के लिए स्वास्थ्य,स्वच्छता और पोषण दिवस का आयोजन भी किया जा रहा है।

## दिव्यांग एवं 80 वर्ष से अधिक आयु के मतदाता घर पर ही डाल सकेंगे वोट



दमोह देशबन्धु। भारत निर्वाचन आयोग ने ऐसे मतदाता जो 80 वर्ष से अधिक आयु के हैं, दिव्यांग है अथवा कोविड-19 से ग्रसित होकर मतदान केंद्र तक वोट डालने जाने में असमर्थ है, को घर पर ही डाक मत पत्र के माध्यम से वोट डालने का अवसर प्रदान किया है। इस संदर्भ में जो दल मतदाताओं के घर जाकर मतदान कराएंगे उन्हें अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी मीना मसराम की उपस्थिति में पॉलिटेक्निक कॉलेज दमोह में मास्टर ट्रेनर टीम के सदस्यों द्वारा प्रशिक्षण प्रदान किया गया। इस अवसर पर नोडल अधिकारी संजीव मिश्रा भी मौजूद थे। प्रशिक्षण में बताया गया कि ऐसे मतदाताओं के घर जाकर जो दल मतदान कराएंगे उनमें पीठासीन अधिकारी, मतदान अधिकारी क्रमांक 01, माइक्रो आब्जर्वर, सुरक्षा कर्मचारी, कैमरामैन एवं सेक्टर अधिकारी होंगे। ऐसे मतदाताओं ने पूर्व में ही बी.एल.ओ के माध्यम से 12 डी में अपना फॉर्म भर दिया है, यदि किसी कारण से ये मतदाता घर पर डाक मत पत्र के माध्यम से अपना वोट डालने से इंकार करते हैं अथवा दल के दो बार घर पर जाने के बावजूद घर पर अनुपस्थित मिलते हैं, तो इन्हें मतदान तिथि के दिन मतदान केंद्र पर वोट डालने का अवसर प्राप्त नहीं होगा। अतः ऐसे सभी मतदाता जिन्होंने फॉर्म भरकर अपनी स्वीकृति प्रदान की है, सूचना मिलने पर अपने घर पर उपस्थित रहकर अपना मत का प्रयोग जरूर करें, ताकि निर्वाचन आयोग की मंशा के अनुरूप मतदान प्रतिशत बढ़ सके।

## जन अधिकार पार्टी से विधानसभा क्षेत्र पथरिया से लीलाधर कुशवाहा ने नामांकन पत्र जमा किया



दमोह देशबन्धु। दिनांक 30 अक्टूबर 2023 दिन सोमवार को 11 बजकर 55 मिनट पर जन अधिकार पार्टी से विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 54 पथरिया से लीलाधर कुशवाहा ने नामांकन पत्र जमा किया। आप सभी के स्नेह आशीर्वाद का आकांक्षी हूँ। बहुत हो चुका पक्षपात अबकी बार हर पक्ष की बात। गरीब हो, चाहे धनवान सबको शिक्षा मिले एक समान। वहीं सभी वर्गो के लोगों ने बधाईयां दी।

## अन्तर्राष्ट्रीय शरद पूर्णिमा महोत्सव: रही गरबा नृत्य की धूम



पन्ना, देशबन्धु। अन्तर्राष्ट्रीय शरद पूर्णिमा महोत्सव की दूसरी रात सांस्कृतिक विविधता के साथ प्रेम और भक्ति का अनूठा समागम देखने को मिला। प्रणामी सम्प्रदाय के इस प्रमुख तीर्थ में देश के कोने-कोने से आये श्रद्धालुओं ने पुरी रात गरबा नृत्य में लीन होकर आनन्द रस का पान किया। आकर्षक परिधानों से सुसज्जित युवक व युवतियों द्वारा प्रस्तुत गरबा नृत्य समारोह में आकर्षण का केन्द्र रहा। जागनी रास के उल्लास में सभी सुन्दरसाथ पूरी रात आनन्द मग्न होकर झूमते और नाचते रहे। इस दौरान ऐसा आभास होता रहा मानो साक्षात बृज के बाल गोपाल श्रीकृष्ण अपनी अखण्ड शक्तियों के साथ प्राणनाथ जी के स्वरूप को पुन: भक्तों के दिलों में उसी तरह से प्रकाशित कर रहे हैं जैसे सैकड़ों वर्ष पहले हुआ था। उल्लेखनीय है कि पन्ना धाम में चल रहे अन्तर्राष्ट्रीय शरद पूर्णिमा उत्सव में जहां धर्माचार्यों द्वारा धर्म का मार्ग बताया जा रहा है तो वहीं नन्हें मुन्हें बच्चों द्वारा श्री कृष्ण की लीलाओं पर नृत्य किये जा रहे हैं तो महामति की वाणी पर आधारित गायन देश के ख्याति प्राप्त गायकों द्वारा किया जा रहा है। इसी क्रम में प्रणामी समाज के युवक व युवतियों द्वारा भी शानदार रास गरबे की प्रस्तुतियां दी जा रहीं हैं। विश्व प्रसिद्ध श्री प्राणनाथ जी मदिर पन्ना में रात दिन धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन चल रहा है। विदित हो कि शरद पूर्णिमा की रात महामति की शोभायात्रा बंगला जी दरबार से रासमण्डल पहुंची उसके बाद शुरू हुआ अन्तर्राष्ट्रीय शरद पूर्णिमा महोत्सव कार्यक्रम जिसमें हजारों की संख्या में लोगों ने भाग लिया, उक्त कार्यक्रम पंचमी तक चलेगा। जिसमें रात-दिन धार्मिक कार्यक्रमों के साथ-साथ रास, गरबा के मुख्य कार्यक्रम आयोजित किये जाते हैं। जागिनी रात की सुबह ग्रामीण क्षेत्रों से आये सुन्दरसाथ अपने सुर.ताल व ढोलक मंजीरों के साथ बृह्म चबूतरे के प्रांगण में भजन कीर्तन में मस्त दिखे। इन मण्डलियों में नर नारी व बच्चे सभी शामिल रहे और महामति श्री प्राणनाथ जी की वाणी पर आधारित भजन कीर्तन सुर ताल के साथ गाते दिखे। बीच-बीच में उनके साथी भाव विभोर होकर नाचने और गरबा करने में मग्न दिखे।

## छात्रा ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

पन्ना, देशबन्धु। जिले के रैपुरा थाना अन्तर्गत ग्राम पिपरिया खुर्द ग्राम की एक छात्रा ने अज्ञात कारणों के चलते घर में फांसी लगाकर आत्महत्या करने का मामला प्रकाश में आया है, जानकारी के अनुसार रागनी पिता राकेश लोधी उम्र 17 वर्ष जो कक्षा बारह में पढाई कर रही थी। उसके द्वारा घर पर ही फांसी लगाकर की आत्महत्या की है, परिजनो ने बताया की जब हम लोग खेत पर काम करने गये थे तथा वापिस लौटे तो वह घर पर ही रस्सी बांधकर टंगी पाई गई। जिसकी सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस ने घटना स्थल पंहुचकर मृतिका के शव को फांसी से उतारकर पंचनामा बनाया तथा पोस्ट मार्टम के लिए स्वास्थ केन्द्र रैपुरा लाया गया। जहां पर डॉक्टर द्वारा पोस्ट मार्टम कर शव परिजनो को सौप दिया गया। किन कारणो के चलते आत्महत्या की है, मामला अभी अज्ञात है। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर मामले की विवेचना की जा रही है।

## मनाया असाटी दिवस, वृद्धाआश्रम में गर्म वस्त्र का किया वितरण




दमोह देशबन्धु। दमोह असाटी समाज द्वारा असाटी दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। जिसमें असाटी दिवस के शुभ अवसर पर असाटी समाज द्वारा समाज बंधुओ ने वृद्धाआश्रम में जाकर वृद्ध जनों को गर्म वस्त्र महिलाओं हेतु शॉल सॉक्स पुरुषों को टोपा ग्लव्स एवं मोजे का वितरण किया और आशीर्वाद लिया। वहीं उपस्थित सभी समाज बंधुओ ने एक दूसरे को असाटी दिवस की गले मिलकर शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम में समाज के समस्त वरिष्ठ जन तीनों समितियो के समस्त पदाधिकारी सहित समाज की महिलाओं एवं पुरुषों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम के उपरांत वृद्धाश्रम के सभी बुजुर्गों को स्वल्पाहार कराया गया ।

## सशक्त लोकतंत्र के निर्माण में युवा मतदाताओं की है महत्वपूर्ण भूमिका: कलेक्टर

**छत्रसाल महाविद्यालय में हुआ मतदाता जागरूकता कार्यक्रम**



पन्ना, देशबन्धु। भारत के बड़े लोकतांत्रिक देश होने पर सभी को गर्व होना चाहिए। सशक्त लोकतंत्र के निर्माण में युवा मतदाताओं की बड़ी व महत्वपूर्ण भूमिका है। युवा मतदाता लोकतंत्र की नींव हैं। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी हरजिंदर सिंह ने यह बात सोमवार को छत्रसाल शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय पन्ना में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के मौके पर कही। कार्यक्रम में जिला पंचायत सीईओ एवं नोडल अधिकारी स्वीप संघ प्रिय सहित अतिरिक्त सीईओ अशोक चतुर्वेदी, परियोजना अधिकारी संजय सिंह परिहार, महाविद्यालय प्राचार्य, प्राध्यापकगण एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि स्वीप गतिविधियों के जरिए लोगों को विधानसभा चुनाव में अनिवार्य रूप से मताधिकार का उपयोग करने के लिए निरंतर प्रेरित किया जा रहा है। सभी मतदाताओं को मतदान व मतदान के अधिकार का महत्व समझकर वोट देकर बेहतर जनप्रतिनिधि का चुनाव करना चाहिए। जनता द्वारा चुनी गई सरकार के माध्यम से नीतियों का निर्माण और क्रियान्वयन होता है। इसलिए प्रत्येक मतदाता को अपनी स्वेच्छानुसार जनप्रतिनिधि चुनना चाहिए। शैक्षणिक संस्थाओं में विद्यार्थियों द्वारा मतदाता जागरूकता गतिविधियों का प्रयास सराहनीय है। स्वीप टीम द्वारा आयोजित गतिविधियों की भी प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि मतदाताओं को बगैर दबाव व प्रलोभन के भयमुक्त होकर मतदान करना चाहिए। अन्य पर्वों की भांति लोगों को मतदान कर लोकतंत्र का महापर्व भी उत्साह के साथ मनाना चाहिए। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं से संवाद कर मतदान का महत्व बताया और उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. एचएस शर्मा ने विगत 28 अगस्त से महाविद्यालय में आयोजित मतदाता जागरूकता गतिविधयों के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि अब तक रंगोली, मेहंदी, निबंध, चित्रकला, वालपेंटिंग, नाटक, गीत के माध्यम से तथा रैली निकालकर आमजनों को मतदान में सहभागिता के लिए जागरूक किया गया है। इन गतिविधियों में विद्यार्थियों द्वारा उत्साह के साथ सहभागिता की जा रही है।

**बुजुर्ग मतदाता का किया सम्मान:** जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा कार्यक्रम में 92 वर्षीय बुजुर्ग मतदाता संतोष सिंह परमार का सम्मान किया गया। साथ ही श्री परमार द्वारा प्रत्येक चुनाव में मतदान करने की सराहना की। छात्र-छात्राओं ने मतदाता जागरूकता पर केन्द्रित समूह नृत्य और नुक्कड़ नाटक का प्रदर्शन कर मतदाता जागरूकता का संदेश दिया। कार्यक्रम में महाविद्यालय स्तर पर मतदाता जागरूकता पर केन्द्रित विभिन्न प्रतियोगिताओं में अव्वल छात्र-छात्राओं का पुरस्कृत किया गया। जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा उपस्थितजनों को मतदान की शपथ दिलाई गई। महाविद्यालय परिसर में छात्र-छात्राओं ने लोकतंत्र का उत्सव थीम पर आकर्षक आकृति भी बनाई।

# जिले में नामाकंन के अंतिम दिन 79 अभ्यर्थियों ने नाम निर्देशन-पत्र जमा किये






**सागर, देशबन्धु।** मप्र विधानसभा चुनाव के चलते नामांकन जमा करने की प्रक्रिया सोमवार को पूरी हो गई है। आखिरी दिन जिले की सागर विधानसभा सीट पर कांग्रेस प्रत्याशी निधि जैन तीन मंडी से रैली के रूप में कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ अपना दूसरा नामांकन जमा करने के लिए पहुंची। इस दौरान उनके साथ बड़ी संख्या में महिलाएं मौजूद थी। वही रहली विधानसभा सीट से कांग्रेस प्रत्याशी ज्योति पटेल अपना नाम निर्देशन पत्र जमा किया। वे रहली स्थित पुरानी सब्जी मंडी से रैली के रूप में आरओ कार्यालय पहुंची। जहां उन्होंने अपना नामांकन जमा किया। नरयावली विधानसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी प्रदीप लारिया ने नामांकन रैली निकाली। वे मकरोनिया से रैली के रूप में नामांकन जमा करने के लिए एसडीएम कार्यालय सागर पहुंचे। जहां उन्होंने अपना तीसरा नाम निर्देशन पत्र जमा किया। कुछ प्रत्याशियों ने दो से चार नामांकन जमा किए हैं। आखिरी दिन जिले की अलग-अलग सीटों पर निर्दलीय प्रत्याशियों ने भी नामांकन जमा किए हैं।

सागर जिले के आठ विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों में नामाकंन के अंतिम दिन सोमवार को 79 अभ्यर्थियों द्वारा नाम निर्देशन-पत्र जमा किये गये। नाम निर्देशन पत्रों की जांच 31 अक्टूबर को होगी तथा 2 नवबंर की दोपहर 3 बजे तक नाम निर्देशन पत्र वापिस लिये जा सकेंगे। जिले की आठ विधानसभा क्षेत्रों में अंतिम दिन तक कुल 144 अभ्यर्थियों ने 150 नाम निर्देशन पत्र जमा किये है।

**अंतिम दिन 35.बीना विधानसभा** निर्वाचन क्षेत्र के लिए होने वाले चुनाव के लिए 9 अभ्यर्थियों द्वारा नाम निर्देशन पत्र रिटर्निंग अधिकारी के समक्ष जमा किये गये। इनमें महेश राय भारतीय जनता पार्टी, उमा देवी ने एक इंडियन नेशनल कांग्रेस से एवं एक निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में पर्चा भरा है। इनके अलावा विनोद पंथी निर्दलीय, एड. निर्मला सप्रे इंडियन नेशनल कांग्रेस, दीपक कुमार समाजवादी पार्टी, जीवन निर्दलीय, राजकुमार राय भारतीय शक्ति चेतना पार्टी, दशरथ निर्दलीय, रामसिंग भारतीय सभ्यता पार्टी शामिल है।

**36.खुरई विधानसभा** निर्वाचन क्षेत्र के लिए 9 अभ्यर्थियों ने नाम निर्देशन पत्र जमा किये। इनमें रक्षा सिंह इंडियन नेशनल कांग्रेस, चाली राजा भारतीय शक्ति चेतना पार्टी, सुनीता निर्दलीय, लक्खू अहिरवार निर्दलीय, भूपेन्द्र लोधी निर्दलीय, अजीज खां निर्दलीय, मनोज कुमार जैन निर्दलीय, सूरज अहिरवार आजाद समाज पार्टी कांशीराम एवं धर्मेन्द्र वनपुरिया अखंड भारतीय बहुजन संघर्ष दल शामिल है।

**37.सुरखी विधानसभा** निर्वाचन क्षेत्र में 11 नाम निर्देशन.पत्र जमा किये गये। इनमें भारतीय जनता पार्टी की ओर से अभ्यर्थी गोविंद सिंह राजपूत द्वारा तीन नाम निर्देशन पत्र जमा किये गये। इसके अलावा अनीता सतनाम दांगी बसपा, विनोद कुर्मी निर्दलीय, राजकुमार सिंह धनौरा इंडियन नेशनल कांग्रेस, आशीष सेन निर्दलीय, रघुनाथ पटेल जन अधिकार पार्टी, सैफुउददीन हिरनखेड़ा वाले निर्दलीय, संध्या राजकुमार सिंह धनौरा इंडियन नेशनल कांग्रेस, भगवान दास निर्दलीय शामिल है।

**38.देवरी विधानसभा** क्षेत्र से 5 अभ्यर्थियों द्वारा नामाकंन पत्र जमा किये गये। इनमें रजत गोंडवाना गणतंत्र पार्टी, बालचंद निर्दलीय, अरविंद सिंह भारतीय शक्ति चेतना पार्टी, बृज बिहारी भारतीय जनता पार्टी एवं कामता आजाद समाज पार्टी शामिल है।

**39.रहली विधानसभा** निर्वाचन क्षेत्र में 9 अभ्यर्थियों ने नाम निर्देशन पत्र रिटर्निंग अधिकारी के समक्ष जमा किये। इनमें ज्योति कुर्मी इंडियन नेशनल कांग्रेस ने 2 नामाकंन जमा किये। इसके अतिरिक्त सोहन निर्दलीय, राजकुमारी निर्दलीय, श्यामरानी निर्दलीय, भगवान दास निर्दलीय, सूर्य प्रकाश पटेल निर्दलीय, कमलेश निर्दलीय, राजेश गण सुरक्षा पार्टी शामिल है।

**40.नरयावली विधानसभा** निर्वाचन क्षेत्र में 8 नामाकंन.पत्र जमा किये गये। इनमें एड. सुरेन्द्र चौधरी इंडियन नेशनल कांग्रेस, प्रदीप लारिया भारतीय जनता पार्टी, सुरेश धानक भारतीय शक्ति चेतना पार्टी, अक्षय तोमर आम आदमी पार्टी, हरविंद धानुक अ.भा. आरक्षित समाज पार्टी, धमेन्द्र अहिरवार आजाद समाज पार्टी कांशीराम, अनिल खटीक जन अधिकार पार्टी, सीताराम अहिरवार जनता दल राष्ट्रवादी शामिल है।

**41.सागर विधानसभा** निर्वाचन क्षेत्र से आज नाम निर्देशन पत्र जमा करने वाले अभ्यर्थियों की संख्या 15 रही। इनमें उमेश यादव निर्दलीय, निधि जैन इंडियन नेशनल कांग्रेस, लक्ष्मीकांत राज निर्दलीय, पीर मूह निर्दलीय, जाहिद खान निर्दलीय, असलम खान निर्दलीय, शैलबाला सूनयरा निर्दलीय, रिजवान बेग निर्दलीय, सीतादेवी निर्दलीय, मु. फारूख निर्दलीय, असलम उद्दीन निर्दलीय, गोवर्धन पटेल निर्दलीय, नरेन्द्र सिंह सूर्यवंशी आजाद समाज पार्टी कांशीराम, महेन्द्र निर्दलीय, नीरज रैकवार निर्दलीय शामिल है।

42.बंडा विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में 13 अभ्यर्थियों द्वारा नाम निर्देशन पत्र रिटर्निंग अधिकारी के समक्ष जमा किये गये। इनमें रंजोर सिंह बुंदेला बसपा, सुधीर यादव आम आदमी पार्टी तथा इनके अलावा वीरेन्द्र विश्वकर्मा निर्दलीय, लक्ष्मन सिंह निर्दलीय, सुनील जैन समाजवादी पार्टी, राम भजन बसंल भारतीय संपूर्ण क्रांतिकारी पार्टी, तरवर सिंह भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस, गणेश निर्दलीय, वीरेन्द्र सिंह लोधी निर्दलीय, रोवा निर्दलीय, चांद खां निर्दलीय, पुष्पेन्द्र कुमार अहिरवार निर्दलीय इनके अलावा सौम्या यादव आम आदमी पार्टी ने 2 नामाकंन पत्र जमा किये है।

# चुनाव आयोग के दिशा निर्देशों का पालन करते हुए सुरक्षा मुहैया करायेः प्रेक्षक प्रकाश डी



**सागर, देशबन्धु।** प्रकाश डी आईपीएस 1994 यूपी केडर को सागर जिले की सभी आठों विधान सभा के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा पुलिस प्रेक्षक बनाया गया है। पुलिस प्रेक्षक द्वारा सोमवार को पुलिस कंट्रोल रूम सागर में पुलिस अधीक्षक सागर अभिषेक तिवारी के साथ जिले के समस्त राजपत्रित अधिकारी, थाना प्रभारियों की आगामी चुनाव संबंधी तैयारियों के संबंध में बैठक लेकर आवश्यक निर्देश दिए। सर्व प्रथम पुलिस अधीक्षक द्वारा पुष्पगुच्छ भेंट कर प्रेक्षक प्रकाश डी का स्वागत किया। जिले की भौगोलिक स्थिति, जिले में चुनाव की अभी तक की तैयारियों की जानकारी दी। तत्पश्चात प्रेक्षक प्रकाश डी द्वारा चुनाव पूर्व एवं चुनाव दिनांक को क्या क्या सुरक्षा संबंधी तैयारियां, आवश्यक व्यवस्थाएं की जानी है उसके संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश सभी अधिकारियों को दिए प्रकाश डी द्वारा मीटिंग में उपस्थित सभी अधिकारियों को चुनाव आयोग द्वारा दिए गए सभी निर्देशों का अक्षरशः पालन सुनिश्चित करते हुए सभी को सुरक्षा मुहैया कराने हेतु, असामाजिक तत्वों के विरुद्ध सख्त कार्यवाही करने हेतु निर्देश दिए जिससे भयमुक्त सुरक्षात्मक वातावरण में शांति पूर्वक मतदान संपन्न करवाया जा सके। उक्त बैठक में पुलिस अधीक्षक अभिषेक तिवारी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बीना संजीव उइके, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सागर लोकेश सिन्हा, मकरोनिया नगर पुलिस अधीक्षक, जिले के सभी अनुविभागीय अधिकारी, यातायात से दोनो उप पुलिस अधीक्षक, समस्त थाना प्रभारियों सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# विज्ञान प्रदर्शनी का नोबल पब्लिक स्कूल में हुआ आयोजन



**सागर, देशबन्धु।** नोबल पब्लिक स्कूल में नीति आयोग द्वारा संचालित अटल टिंकरिंग लैब के माध्यम से आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की ओर बढ़ाए गए कदम के तहत बच्चों द्वारा सीखकर बनाए गए विभिन्न मॉडल्स की विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। साथ ही हाल ही भारत में संपन्न हुए जी 20 देशों के शिखर सम्मेलन को बच्चों ने रोचक तरीके से प्रस्तुत किया, जिसमें जी 20 के विभिन्न देशों का बच्चों ने प्रतिनिधित्व करते हुए उन देशों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। विज्ञान प्रदर्शनी का शुभारंभ सीएम राइज के विज्ञान शिक्षक राघवेन्द्र मिश्रा ने किया। जी 20 प्रदर्शनी का शुभारंभ स्थानीय पत्रकारों ने फीता काटकर किया। इस प्रदर्शनी को देखने सीएम राइज स्कूल के विद्यार्थी आए। अटल टिंकरिंग लैब के माध्यम से बच्चों ने दर्जनों शानदार मॉडल्स बनाए, जिनमें चंद्रयान, दिव्यांगों की सहायता के लिए उन्हें बाधाओं के प्रति सचेत करते इंस्ट्रूमेंट, स्मार्ट सिटी, मानव शरीर के विभिन्न अंगों की कार्यप्रणाली समझाते हुए मॉडल्स, पर्यावरण की रक्षा करने वाले उपकरण, आदि बच्चों ने तैयार किए। 3 डी प्रिंटिंग, ड्रोन आदि का भी प्रदर्शन किया गया। यह प्रदर्शनी प्रतिस्पर्धात्मक थी, जिसके जज श्री मिश्रा थे।

## कमलेश बघेल ने भाजपा से दिया इस्तीफा



**सागर, देशबन्धु।** सिंधिया समर्थक और राजस्व व परिवहन मंत्री गोविंद सिंह राजपूत के करीबी माने जाने वाले सागर भाजपा जिला उपाध्यक्ष कमलेश बघेल ने पार्टी की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया है। उन्हें 28 अक्टूबर को भाजपा महामंत्री ने पार्टी विरोधी गतिविधियों में शामिल होने की शिकायत पर नोटिस जारी किया था। उन्होंने इस्तीफे में लिखा कि मुझे जिले में उपाध्यक्ष बनाकर जो जिम्मेदारी सौंपी थी, उसके लिए मैं आपका आभारी हूं। लेकिन मैंने जब से राजनीति में कदम रखा मैं कांग्रेस की विचारधारा से प्रभावित रहा हूं। मुझे निजी संबंधों की मर्यादाओं के कारण भाजपा में जाना पड़ा। लेकिन अब चुनाव में अपनी विचारधारा के विपरीत कार्य करने में अपने आपको मानसिक तौर पर तैयार नहीं कर पा रहा हूं। इसलिए मैं अपने सभी दायित्वों से इस्तीफा देता हूं। दरअसल 28 अक्टूबर को भाजपा जिला महामंत्री अमित कछवाहा ने जिला उपाध्यक्ष कमलेश बघेल को नोटिस जारी किया था। जिसमें कहा गया था कि आपके द्वारा चुनाव में लगातार पार्टी के खिलाफ कार्य किया जा रहा है। आपके कदाचार से पार्टी की छवि धूमिल हो रही है। पार्टी को आपके कार्यों से नुकसान पहुंच रहा है। उन्होंने 3 दिन में जिला अध्यक्ष गौरव सिरोठिया के समक्ष अपना स्पष्टीकरण पेश करने का समय दिया था। लेकिन सोमवार को बघेल ने पार्टी से इस्तीफा दे दिया। कमलेश बघेल अब कांग्रेस पार्टी में शामिल होंगे। वे 1 नवंबर को जैसीनगर में होने वाली पूर्व सीएम कमलनाथ की सभा के मंच पर कांग्रेस की सदस्यता ले सकते हैं। भाजपा के मीडिया प्रभारी श्रीकांत जैन ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी के जिला उपाध्यक्ष कमलेश बघेल के पार्टी विरोधी गतिविधियों में संलिप्त होने की शिकायत पर जिला अध्यक्ष गौरव सिरोठिया ने उन्हें जिला उपाध्यक्ष पद से मुक्त कर दिया है।

# चुनाव प्रेक्षक गंधम चंद्रुडू ने किया एमसीएमसी एवं सी.विजिल कक्ष का निरीक्षण



**सागर, देशबन्धु।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा खुरई एवं सुरखी विधानसभा क्षेत्र के लिए नियुक्त भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी गंधम चंद्रुडू ने सोमवार को एमसीएमसी एवं सी.विजिल कक्ष का निरीक्षण किया। उन्होंने वहां नियुक्त अधिकारी कर्मचारियों से उन्हें सौंपे गए दायित्वों की जानकारी ली एवं स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव संपन्न कराने के लिए सभी संबंधितों को 24 घंटे अलर्ट रहकर काम करने के निर्देश दिए। मीडिया सर्टिफिकेशन एंड मॉनिटरिंग कमेटी कक्ष का निरीक्षण करते हुए उन्होंने कहा कि विधानसभा निर्वाचन के चलते अखबारों, न्यूज चैनलों, रेडियो के साथ-साथ सोशल मीडिया पर पैनी नजर रखें एवं आदर्श आचरण संहिता का उल्लंघन करने वाले मामलों की त्वरित रिपोर्ट करें। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक आर्य भी मौजूद थे।

## उम्मीदवारों को 30 दिन में देना होगा चुनाव खर्च का विवरण

**सागर, देशबन्धु।** विधानसभा चुनाव के उम्मीदवारों के लिए निर्वाचन आयोग द्वारा चुनाव खर्च की सीमा 40 लाख रूपये निर्धारित की गई है। प्रत्येक उम्मीदवार को नामांकन पत्र भरने के पूर्व एक बैंक खाता खोलकर उनकी जानकारी नामांकन पत्र के साथ उपलब्ध कराना अनिवार्य होगा। इसी बैंक खाते के माध्यम से उम्मीदवार चुनाव संबंधी सभी तरह के व्यय कर सकेंगे। उम्मीदवारों को चुनाव परिणामों की घोषणा के 30 दिन के भीतर चुनाव खर्च का पूरा विवरण निर्धारित प्रपत्र में प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। निर्वाचन आयोग द्वारा उम्मीदवारों के चुनाव खर्च की विभिन्न माध्यमों से निगरानी की जा रही है। उम्मीदवार निर्धारित प्रपत्र में व्यय लेखा दल को निर्धारित समय सीमा में चुनाव खर्च का पूरा विवरण अनिवार्य रूप से उपलब्ध करायें।

## नेमा समाज ने मनाई निमी जी की जन्म जयंती, शोभायात्रा निकाली



**रहली, देशबन्धु।** नेमा समाज द्वारा सोमवार को भगवान निमी जी की जन्म जयंती मनाई, समाज द्वारा भगवान की शोभायात्रा निकाली जो नगर भ्रमण करते हुए मुख्य कार्यक्रम स्थल राम राजा पेलेस पहुंची जहां हवन पूजन कर सामाजिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में समाज के महिला पुरुष शामिल हुए।

# वाल्मीकि जयंती समारोह का हुआ आयोजन



**सागर, देशबन्धु।** महाकाव्य रामायण के रचियता, लव-कुश के गुरु, माता सीता के रक्षक, गुरू संत और कवि महर्षि वाल्मीकि का दो दिवसीय वाल्मीकि जयंती समारोह का आयोजन स्थानीय महर्षि वाल्मीकि प्राचीन मंदिर तपोभूमि केन्ट सागर में सामाजिक संस्था वाल्मीकि प्रेम समाज द्वारा आयोजित किया गया, वाल्मीकि प्रेम समाज की अध्यक्ष भारती करोसिया ने दो दिवसीय कार्यक्रमों की जानकारी देते हुए बतलाया कि मुख्य कार्यक्रम सामाजिक चिन्तन समाज के उत्थान एवं विकास पर एक परिचर्या आयोजित की गई, ततपश्चात शिवशरण रामायण मंडल द्वारा सुन्दरकाण्ड एवं रामायण पाठ का आयोजन किया गया, इस अवसर पर नव युवक वाल्मीकि समाज संगठन द्वारा क्लब केन्ट सागर से भव्य शोभायात्रा निकाली गई जो केन्ट के प्रमुख मार्गो से होती हुई मंदिर प्रांगण में समाप्त हुई। भव्य शोभायात्रा एवं पालकी यात्रा की अगवानी प्रदीप लारिया, निधि जैन, सुनील जैन ने की एवं मंदिर में पूजा अर्चना की, ततपश्चात आमंत्रित अतिथियों ने आदिकवि महर्षि वाल्मीकि के चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्जोवलित किया, आमंत्रित अतिथियों का स्वागत संस्था की अध्यक्ष भारती करोसिया, सरला वाल्मीकि, पवन वाल्मीकि, अनिल बोहत, गजेन्द्र बोहत, श्यामलाल वाल्मीकि, सुवीर राज ने शाल श्रीफल एवं अभिनंदन पत्र देकर सम्मान किया। इसके पश्चात शोभायात्रा एवं पालकी यात्रा में शामिल नवयुवक वाल्मीकि समाज संगठन के पदाधिकारियों को श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मान किया आयोजन में समाज की महिलाये, बच्चे, पुरूष सामाजिक संस्थाओं के पदाधिकारी एवं धर्मप्रेमी शामिल हुए।

## जिला शहर कांग्रेस कमेटी ने कार्यकारिणी का विस्तार किया

**सागर, देशबन्धु।** जिला कांग्रेस कमेटी सागर शहर के अध्यक्ष राजकुमार पचौरी ने अपनी कार्यकारिणी का विस्तार किया है। उक्ताशय की जानकारी देतें हुए जिला उपाध्यक्ष एवं प्रवक्ता आशीष ज्योतिषी ने बताया कि विस्तारित कार्यकारिणी में 3 उपाध्यक्ष, 21 महामंत्री, 16 सचिव, 6 विशेष आमंत्रित सदस्यों के साथ एक प्रवक्ता नियुक्त किये गए है। उन्होंने नवनियुक्त पदाधिकारियों को अपनी शुभकामनायें दी। अध्यक्ष पचौरी ने नव नियुक्त पदाधिकारियों से अपेक्षा की है कि वे इस चुनाव में अपनी जिम्मेदारी के साथ काम करेंगे।

# कठिन परिश्रम से जीवन में सफलता प्राप्त कर सकते हैंः डॉ. भावना तिवारी



**बीना, देशबन्धु।** सरस्वती शिशु मंदिर में 34 वे अखिल भारतीय खो-खो समारोह के समापन सत्र में मुख्य अतिथि पूर्व छात्र बहिन डॉ. भावना तिवारी ने सभी विजेता, उपविजेता प्रतिभागी भैया बहिनों को बधाई व शुभकामनायें देते हुए कहा कि कठिन परिश्रम से जीवन में सफलता को प्राप्त कर सकते हैं मैंने भी यहां शिक्षा प्राप्त की है। यहां के आचार्य दीदी बहुत अधिक मेहनत करते हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे गौरी शंकर तिवारी ने कहा कि इस विद्यालय के शिक्षक बहुत अधिक मेहनत करते हैं। मेरी बच्ची जिस ऊंचाई पर पहुंची है उसमें विद्यालय का बहुत बड़ा योगदान है। जब नीव मजबूत होती है तो बिल्डिंग मजबूत होती है। जिला सचिव महेश अग्रवाल ने प्रतिभागी भैया बहिनों को राष्ट्रीय स्तर पर पहुंचने के लिये शुभकामनायें दी। अतिथि स्वागत प्राचार्य सुनील कुमार मुड़ौतिया व मंच संचालन वीरेन्द्र तिवारी के मार्गदर्शन में किया गया। प्रतियोगिता वृत भास्कर वडनेरकर द्वारा प्रस्तुत किया गया। एसजीएफआई हेतु चयनित टीमें इस प्रकार है। अंडर.14 बिहार और उत्तरप्रदेश के बीच उत्तरप्रदेश विजेता रही। अंडर.17 मध्यप्रदेश और बिहार के बीच मध्यप्रदेश विजेता रही। अंडर.19 पंजाब और मध्यप्रदेश के बीच मध्यप्रदेश विजेता रही। मुख्य अतिथि द्वारा विजेता, उपविजेता बहिनों को शील्ड, मेडल व प्रमाण पत्र प्रदान किये गये। 28 से 30 अक्टू. तक आखिल भारतीय प्रतियोगिता में शासकीय चिकित्सा अधिकारी डॉ. हर्षिता परिहार एवं हैड नर्स समृद्धि असाठी द्वारा स्कूल में एम्बूलेंस, टीम सहित दवाईयां उपलब्ध कराई। अंत में अतिथियों का आभार सह प्रांत प्रमुख शिवानंद सिन्हा द्वारा किया गया। कार्यक्रम में विनोद दुबे, रूपनारायण खरे, नारायणराव धरमपुरिकर, प्रमोद नेमा, मीडिया प्रभारी भूपेन्द्र सिंह ठाकुर एवं समस्त आचार्य परिवार उपस्थित रहा।

स्वामी पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि.के लिए प्रकाशक गिरिराज चाचा मुद्रक गिरिराज चाचा द्वारा दैनिक भास्कर प्रेस (डी बी कार्प लि.) प्लाट नं. 36 इंडस्ट्रीयल एरिया सागर म.प्र. सागर से मुद्रित एवं 56 अग्रवाल बिल्डिंग एक्सिस बैंक के पीछे 10 सिविल लाईन्स, सागर मप्र से प्रकाशित, संपादकः **पलाश सुरजन,** कार्यकारी संपादकः **ज़ाकिर अली***
प्रबंध संपादक **डॉ. योगेश दत्त तिवारी** फोन 07582-228742 ई-मेल. deshbandhusgr@yahoo.in **प्रेस पंजीयन**- MPHIN/2016/69061 समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।